धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
11.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 211



12 वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत के साथ जुड़ें ...: राजनाथ

## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल के खिलाफ कोर्ट पहुंचे इडी अधिकारी

**रांची।** आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के निलंबन वापस के बाद इडी ने उनकी पोस्टिंग कहीं नहीं करने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में आवेदन दिया है। इडी की ओर से दिये गये आवेदन पर पूजा सिंघल के वकील ने सोमवार को जवाब दाखिल कर दिया है। अदालत ने दाखिल जवाब पर सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। अपने आवेदन में इडी ने कहा कि पूजा सिंघल आपराधिक मुकदमा का सामना कर रहीं है। ऐसे में निलंबन मुक्त के बाद उनकी पोस्टिंग की जाती है तो सुनवाई प्रभावित हो सकती है। इडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को पूजा सिंघल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुई।

### शिबू सोरेन का दिल्ली में नियमित चेकअप

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन की नियमित जांच कराने विशेष विमान से दिल्ली पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार गंगाराम हॉस्पिटल में उनका चेकअप किया जा रहा है। हेल्थ चेकअप की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी वापसी होगी।

### कुंभ से लौट रही कार दुर्घटनाग्रस्त , छह घायल

धनबाद। प्रयागराज से संगम में स्नान कर कोलकाता जा रहा परिवार सोमवार को धनबाद के तोपचांची के मानटांड़ के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में छह लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती किया गया। घायल वाहन चालक सोमनाथ ने बताया कि वह कल शाम 4 बजे प्रयागराज से निकला था। तोपचांची के पास झपकी आने से यह हादसा हो गया।

### उद्योग लगाने का बेहतर माहौल बनायें : सीएस

**रांची।** राज्य में निवेश को लेकर सीएम हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में श्री सोरेन और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

## नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमंत सरकार की बड़ी पहल

# आपात स्थिति में बटन दबाते ही मिलेगी मदद

### प्रमुख स्थानों पर लगे 50 इमर्जेंसी कॉल बॉक्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर नागरिक सुरक्षा को बेहतर और चुस्त बनाने के प्रयास शरू कर दिये गये हैं। किसी भी आपात स्थिति में सिर्फ एक बटन दबाते ही लोगों को तुरंत मदद मिलेगी। इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन




के दबाते ही आप कमांड कंट्रोल सेंटर से जुड़ जायेंगे। आप अपनी समस्याएं और स्थिति से वहां तैनात अधिकारी को बता सकेंगे। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलायेगी। इसके लिये ना आपको मोबाईल फोन की जरुरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरुरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

**किस-किस प्रकार की मदद :** सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिये कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि कहीं आग लग जाये तो भी फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिये इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कहां- कहां हैं पैनिक बटन

फिलहाल कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सेटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बॉक्स लगाया गया है। सीएम के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर लगातार कई इंतजाम किये हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है।

# द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगायी पुण्य की डुबकी

### राजेंद्रबाबू के बाद महाकुंभ नहाने वाली दूसरी राष्ट्रपति



**महाकुंभ नगर(एजेंसी)।** महाकुंभ के 29वें दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार पूर्वान्ह गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन त्रिवेणी पर आस्था की डुबकी लगायी और राष्ट्र की सुख समृद्धि की कामना की। ऐसा करके वह कुंभ में संगम स्नान करने वाली दूसरी राष्ट्रपति बन गयी। इससे पहले देश की आजादी के बाद 1954 में पड़े कुंभ में देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया था। उसके बाद द्रोपदी मुर्मू दूसरी राष्ट्रपति हैं जिन्होंने कुंभ में आकर संगम स्नान किया। राष्ट्रपति ने संगम में उतर कर आचमन किया और सूर्य को अर्घ्य दिया और पवित्र जल को मस्तक से लगाया। उसके बाद उन्होंने मां गंगा को पुष्प और नारियल अर्पित किया।

बाद में अक्षय वट और लेटे हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। राष्ट्रपति ने पूजा के समय गुलाबी रंग की साड़ी पहन रखी थी। स्नान के बाद तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रपति से जेटी पर ही पूजन कराया। राष्ट्रपति ने संगम में डुबकी लगाने से पहले राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जेटी पर कलरव कर रहे साइबेरियन पक्षियों को दाना चुगाया।

### गंगा आरती कर नारियल-चुनरी चढ़ाई

इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे महाकुंभ मेला क्षेत्र में पहुंची और अरैल घाट से जेटी के जरिये संगम स्नान करने निकलीं।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आज से

### 2100 केंद्रों पर सुबह 9.45 बजे से एक्जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो जायेंगी। ये परीक्षाएं तीन मार्च तक चलेंगी। इन परीक्षाओं को लेकर जैक और जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा को देखते हुए राज्य के सभी जिलों में परीक्षा केंद्रों के आसपास एहतियात के तौर पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

**मैट्रिक के 1305, इंटर के 795 सेंटर :** राज्य में मैट्रिक के लिए 1305 और इंटर के लिए 795 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने होने वाले जैक मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। राज्य के विभिन्न जिलों में अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर पर अपने अधिकारिता




क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है।

#### 30 मिनट पहले सेंटर पर पहुंचे

परीक्षार्थी तय समय से करीब आधे घंटा पहले सेंटर पर पहुंच जायें। अपने साथ एडमिट कार्ड और स्कूल आइडी कार्ड ले जाना न भूलें। नीले या काले रंग वाले बॉल पेन साथ ले जायें। पेंसिल, स्केल, इरेजर, शार्पनर भी रखें।

#### ये चीजें नहीं ले जायें

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस। नकल करना सख्त मना है। ऐसे करने की कोशिश की तो परीक्षा केंद्र से निष्कासित किये जा सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

## पीएम कौशल विकास में झारखंड के तीन लाख को प्रशिक्षण : केंद्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत झारखंड में तीन लाख दस हजार लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंती चौधरी सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जन शिक्षण संस्थान में करीब 80 हजार और नेशनल अपरेंटिस प्रमोशन स्कीम के तहत 43 हजार और आईटीआटी क्राफ्ट्समैन के तहत दो लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी क्षेत्रों के विकास को बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का काम कर रही है। झारखंड में पांच हजार वंदन विकास केद्र विकसित किये गये है। राज्य में पीएम जनमन योजना के तहत 1250 उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया है। श्री चौधरी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि स्किल इंडिया डिजिटल योजना 13 सितंबर 2023 को शुरू किया गया और अब तक एक करोड़ तीस लाख इस पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। सरकार की अन्य योजनाएं भी इस पोर्टल पर दिखाई देती है। इस योजना का दायरा बहुत व्यापक है। इस पोर्टल पर कौशल विकास से संबिधित जारी सभी योजनाओं को ट्रैक कर सकते हैं।

# कुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

### चरही घाटी के पास दो वाहनों से टाटा सूमो की टक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग, रांची।** चरही बिरसा मैदान के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। रांची और आसपास के निवासी सभी यात्री प्रयागराज कुंभ स्नान कर टाटा सूमो से लौट रहे थे। तेज रफ्तार के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में टक्कर मार दी। उसी समय पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने भी सूमो को टक्कर मार दी। इससे यह हादसा और भयावह हो गया। सूमो में दस लोग सवार थे। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में अंश देवी गुमला की रहने वाली है। संजू देवी और सोनी देवी रांची आदिवासी चौक आईटीआई की रहने वाली हैं। घायलों में रंजू देवी और उमा देवी मां-बेटी हैं। दोनों आईटीआई चौक के पास की रहने वाली हैं। पुनीता देवी बुंडू, असिता देवी मांडर और ज्योति देवी भी रांची की रहने वाली हैं। घायल रंजू देवी ने बताया 9 फरवरी को महाकुंभ में स्नान कर रात में रांची के लिए निकले थे।

हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से निकाला। मृत और घायल महिलाएं एक ही परिवार की बतायी जा रही हैं। चरही पुलिस घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। (शेष पेज 11 पर)

## परीक्षा पे चर्चा : मोदी ने छात्रों को दिये टेंशन छू-मंतर करने के टिप्स

# बैटर सिर्फ बॉल देखता है, बाहरी शोर नहीं सुनता

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान 10वीं और 12वीं के छात्रों से संवाद किया। इस कार्यक्रम के आठवें संस्करण में नेतृत्व के पाठ से लेकर ध्यान, परीक्षा बनाम ज्ञान से लेकर एक बल्लेबाज की तरह ध्यान केंद्रित करने तक, कई विषयों पर छात्रों के साथ बात की। पारंपरिक टाउन हॉल प्रारूप से हटकर मोदी ने इस बार अधिक अनौपचारिक व्यवस्था को प्राथमिकता दी और लगभग 35 छात्रों से यहां सुंदर नर्सरी में अधिक गहन एवं मुक्त बातचीत की। कार्यक्रम का राष्ट्रव्यापी प्रसारण देश के विभिन्न भागों से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा। परीक्षार्थियों से उन्होंने कहा, क्रिकेटर सिर्फ बॉल को देखता है, स्टेडियम का शोर नहीं सुनता। उसी तरह आप सबको ऑडियंस का प्रेशर नहीं लेना है। आपको खुद को हर स्थिति में चुनौती देते रहना है। आप खुद को कैसे परीक्षा के दौरान तनाव से दूर रख सकते हैं। छात्रों को आहार से लेकर व्यवहार और विचार तक का गुरु मंत्र दिया।



#### परीक्षार्थियों को पीएम का गुरुमन्त्र

- बेहतर का प्रयास करें अंक के दबाव में न आयें
- स्वस्थ शरीर के लिए नींद बेहद जरूरी
- पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य का ध्यान जरूरी
- रपीक्षार्थियों को एकाग्रता का पाठ पढ़ाया
- लीडर को टीम वर्क सीखना जरूरी
- मन की बात अभिभावक से खुलकर करें

**बेहतर नींद जरूरी :** पीएम मोदी ने कहा, नींद पूरी आती है या नहीं, इसका पोषण से बहुत लेना-देना होता है। शरीर की फिटनेस के लिए नींद बेहद जरूरी है। कितने घंटे सोना है, यह बहुत जरूरी हो जाता है। जीवन में प्रगति हासिल करने के लिए नींद बेहद जरूरी है। आपको पर्याप्त पानी पीना चाहिए। इसके अलावा, खाने-पीने का भी खास ध्यान रखना चाहिए।

**अंक के दबाव में न आयें :** एक छात्रा ने कहा कि पीएम से पूछा कि अगर हमारे परीक्षा में अच्छे अंक नहीं आये, तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा। इस पर पीएम ने कहा कि यह हमारे समाज में घुस गया है कि अगर हमारे अच्छे अंक नहीं आयेंगे, तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा। हम इसे लेकर अपने माता-पिता को समझा तो नहीं सकते हैं, लेकिन इसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा। आप सिर्फ बेहतर करने का प्रयास करें। अंक के दबाव में नहीं आना है। (शेष पेज 11 पर)

NATIONAL HEALTH MISSION
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

''विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान !''

परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

104 | 108
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 345997 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 24-25

## खबर एक नजर में

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन की तिथि बढ़ी

**रांची।** आदर्श विद्यालय योजना के तहत संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र 20 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। **आवेदन प्रक्रिया शुरू** : राज्य में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 16,225 रिक्त सीटों के लिए 20 जनवरी 2025 से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। छात्र अब बढ़ी हुई तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

### ब्रिटेन के डेलिगेट के साथ संजय सेठ की बैठक



**रांची।** बेंगलुरु में आयोजित एरो इंडिया कार्यक्रम में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कि सोमवार को ब्रिटेन के डेलिगेट्स के साथ बैठक हुई। इस बैठक में ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के माननीय मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर उपस्थित थे। भारत और यूके के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

### जेपीएससी प्रथम के आरोपियों की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड पांच आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में अनंत कुमार, हरिवंश पंडित, योगेंद्र प्रसाद, बिजय कुमार एवं राजीव कुमार की याचिका पर सुनवाई हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने तीन याचिकाकर्ताओं की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी, विजय कुमार की याचिका पर 19 एवं राजीव कुमार की याचिका पर 11 फरवरी निर्धारित की है जबकि मामले में आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की अग्रिम जमानत पर आदेश 14 फरवरी को अदालत सुनायेगी। घोटाले पर संज्ञान लेने के बाद अब तक 12 आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिये अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### उच्च नैतिकता के प्रतीक थे अटल बिहारी वाजपेयी : सीपी सिंह

**रांची।** भाजपा विधायक सी पी सिंह ने कहा है किअटल बिहारी वाजपेयी ने अपने जीवन में हमेशा उच्च नैतिकता और ईमानदारी को महत्व दिया। श्री सिंह सोमवार को रांची महानगर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना और भ्रष्टाचार से दूर रहने की कोशिश की। वह भारतीय संस्कृति और हिन्दू परंपराओं के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा रखते थे लेकिन उन्होंने भारत की विविधता को भी सम्मानित किया। उनकी दृष्टि थी कि भारत एकता में विविधता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। सभी देशवासी गौरवान्वित है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे एवं अटल जी की सोच साकार हो रही है। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि अटल जी का आदर्श अटल और अडिग था। उन्होंने हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों के प्रति निष्ठा बनाये रखी। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी से 15 मार्च तक अटल जी की स्मृति में जिले भर में कार्यक्रम किये जायेंगे।

## सीएम का प्रयास रंग लाया, झारखंड को मिले 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश का प्रस्ताव

# झारखंड में उद्योग लगाने के लिए बेहतर माहौल दे उद्योग निदेशालय: मुख्य सचिव

- उद्योगों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमिटी की बैठक
- सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बनायें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इधर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं।

उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। वह सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक कर रही थीं।

### ये करेंगे निवेश

झारखंड में सबसे अधिक 8485 करोड़ रुपये का स्टील और पावर प्लांट सरायकेला के निमडीह में लगाने का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। वहीं वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है। उसी तरह लक्ष्मी मेटालिक्स लिमिटेड ने स्टील और पावर प्लांट के लिए 3800 करोड़, सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने स्टील उत्पादन के लिए 2976 करोड़, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 1270 करोड़, जय सस्पेंशन लिमिटेड ने 250 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने 500 करोड़, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़, रामकृष्णा फॉर्जिंग लिमिटेड ने 173.44 और 139.58 करोड़, एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने चतरा में 1600 करोड़ और हजारीबाग में 2800 करोड़, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1070 करोड़ और स्कीकॉर्प मार्केटिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने जूते बनाने वाले कपड़े के उत्पादन के लिए 225 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है।

## सिर्फ वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट जारी करने के मामले में फैसला सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति (वर्ष 2016) में जेएसएससी की ओर से जारी मेरिट लिस्ट की जानकारी नहीं होने पर नियुक्ति से वंचित प्रार्थियों की अपील याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी हो गयी। सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। निर्मल पाहन एवं अन्य ने खंडपीठ में अपील याचिका दायर कर एकलपीठ के आदेश को चुनौती दी है। इस मामले की सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने अदालत को बताया कि सोनी कुमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मेरिट लिस्ट जारी की गयी है। आयोग ने इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए यह स्पष्ट कहा था कि मेरिट लिस्ट आयोग की वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगी। प्रार्थियों ने आयोग की वेबसाइट नहीं देखी, तो यह प्रार्थयों की गलती है, न कि आयोग की। प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया है कि वह सुदूर क्षेत्र में रहते हैं। मेरिट लिस्ट के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की सूचना नहीं मिल सकी। इस कारण अंतिम रूप से चयनित होने के बाद भी वह अपना प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए समय पर उपलब्ध नहीं हो सके। यह उनके अधिकार का हनन है। आयोग को विधिवत उन्हें जानकारी देनी चाहिए थी। पहले मेल और मैसेज से सूचना दी जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया।

## जनादेश का अपमान कर रही झारखंड सरकार : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फरवरी महीने की 11 तारीख होने के बावजूद बहनों के खाते में मंइयां सम्मान की राशि नहीं भेजी गयी है। वादे के अनुरूप कल तक सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जानी चाहिये लेकिन अब तक सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पायी है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हो रही है। हेमंत सोरेन की एग्जाम कैलेंडर वाली घोषणा जुमला साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और विधवा महिलाओं का पेंशन लंबित है। हजारों गरीब परिवार राशन से वंचित है। हेमंत सोरेन सरकार द्वारा जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज करना जनता का अपमान है।

## दो दिनी दौरे पर 14 को रांची आ रही हैं राष्ट्रपति, रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जाएंगी। इस दौरान वह बीआइटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उनके रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें।



समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने आबाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। वहीं एयरपोर्ट के निदेशक को हवाईअड्डा पर वीआईपी लाउंज को व्यवस्थित रखने को कहा। इस दौरान राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अलग- अलग व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान स्वागत के लिए बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, कारकेड, सुरक्षा व्यवस्था, भोजन और आवासन की व्यवस्था, विद्युत और ध्वनि विस्तारक की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल और आवासन स्थल पर मेडिकल व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन मार्ग को दुरुस्त करना सहित कई अन्य जरूरी व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

## भाजपा ने कहा- महिला सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार का नाकाम

# महिला की सुरक्षा पर राज्य सरकार विफल : राफिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर विफल रही है। उन्होंने राज्य सरकार की महिला सुरक्षा पर कड़ी आलोचना की है। हाल ही में सदर अस्पताल परिसर के डॉक्टर स्टाफ क्वार्टर के तीसरे तल्ले में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर भी महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें महिलायें असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उदाहरण के तौर पर हाल में ही रिम्स में एक दवाई लेने आयी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। तब ही सरकार को चौकस हो जाना चाहिये था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह से सोई हुई है। न तो राज्य महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही अधिकांश पुलिस थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स की पर्याप्त संख्या है। जिन थानों में महिला पुलिस कांस्टेबल्स हैं, उनकी संख्या बेहद कम है। इसके अलावा राज्य में फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का अभाव है। इससे अपराधियों को सजा मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मांग की है कि वह महिला सुरक्षा के मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करे।



## आरोपी राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** कोलकाता कैश कांड मामले में आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार एवं अमित कुमार अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने खारिज कर दी है। इससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गई है। अदालत ने 7 फरवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी राजीव कुमार ने बीते 9 दिसंबर को और अमित अग्रवाल ने 20 जनवरी को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नगद के साथ कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का शुभारंभ

# करीब सवा लाख करोड़ के रिकॉर्ड पर पहुंचा घरेलू रक्षा उत्पाद : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि सवा लाख करोड़ के रिकॉर्ड पर घरेलू रक्षा उत्पादन पहुंच गया है। श्री सेठ सोमवार को बेंगलुरु में एरो इंडिया शो का भव्य उदघाटन पर बोल रहे थे। इसका उदघाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। एशिया के सबसे बड़े इस एयर शो में दुनिया भर के 90 देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र से जुड़े दुनिया के 900 से ज्यादा प्रदर्शक इसमें अपनी भागीदारी निभायेंगे। इस शो में भारतीय सेना के द्वारा भी कई प्रदर्शनी की जायेगी।



श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने का जो संकल्प किया है, उसका सकारात्मक और शानदार परिणाम अब दुनिया भर में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2025 को इयर्स ऑफ रिफॉर्म घोषित किया गया है। यह रिफॉर्म के प्रति रक्षा मंत्रालय की प्रतिज्ञा और कर्मशीलता को भी दिखाता है। इसके लिए सिर्फ मंत्रालय के स्तर पर ही निर्णय नहीं लिये जा रहे हैं। बल्कि इसमें सैन्यबलों और रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित अन्य समूहों की समुचित भागीदारी है। इसे तेजी से आगे बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात 21000 करोड़ के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।

## रांची के खेलगांव में राज्यपाल ने किया ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन

# पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम, खेलगांव, रांची में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का उद्घाटन किया। इस पुलिस मीट में 15 फरवरी तक देश के कई राज्यों की पुलिस टीम, पैरामिलिट्री और सुरक्षा एजेंसियों के जांबाज अनुसंधान, राइफल-रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, पुलिस वीडियोग्राफी और बैंड प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व में लागू किए गए नए आपराधिक कानून हमारे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।



**प्रतियोगिता के लिए 45 निर्णायक मंडली:** प्रतियोगिता में पुलिस और अर्द्धसैनिक संगठन के कुल 1228 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इनमें 1160 पुरुष व 68 महिला प्रतिभागी हैं। ड्यूटी मीट में डॉग स्क्वायड की 21 टीमें भी हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 128 श्वान हैं। कुल 45 निर्णायक मंडली बनायी गयी है। **इन प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे प्रतिभागी:** राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड टू इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी कंपोनेंट चेक जिसमें श्वान दस्ता भी शामिल रहेगा। विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण व एंटी सबोटेज चेक में भाग लेंगे प्रतिभागी।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'स्मार्ट पुलिसिंग' की परिकल्पना की गई है, जिसमें पुलिस बल को अधिक संवेदनशील, आधुनिक, सतर्क, जवाबदेह और तकनीक-प्रेरित बनाने का आह्वान किया गया है। पुलिस सेवा केवल कानून व्यवस्था के संधारण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शांति, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, ट्रैफिक प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी इसका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। राज्यपाल ने आशा जतायी कि यह आयोजन पुलिस बल को आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों को अपनाने हेतु प्रेरित करेगा और उनकी क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाएगा। जनमानस और पुलिस के बीच विश्वास और समन्वय को और मजबूत करना भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## गृह विभाग ने मंजूरी के लिए वित्त विभाग को भेजा प्रस्ताव

# झारखंड में संगठित गिरोहों के अपराधियों पर घोषित होगा एक करोड़ रुपये का इनाम

- विधि ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी, अब वित्त विभाग के स्तर पर इस पर किया जा रहा मंथन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नक्सलियों और उग्रवादियों की तरह झारखंड में सक्रिय बड़े संगठित आपराधिक गिरोहों के अपराधियों पर एक करोड़ का इनाम घोषित होगा। झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने के बाद गृह विभाग ने सारे पहलुओं पर विचार कर एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को सरकार की सहमति के लिए विधि और वित्त विभाग के पास भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक विधि ने इस पर अपनी सहमति दे दी है। अब वित्त विभाग के स्तर पर इस पर मंथन चल रहा है। वित्त विभाग से प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही, संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों पर इनाम घोषित हो जाएगा।

### अपराधियों पर 10 लाख लेकर 30 लाख रुपये तक का इनाम किया गया है तय

अपराधियों पर 10 लाख से लेकर 30 लाख रुपए तक का इनाम तय किया गया है। राज्य में दर्जन भर से ज्यादा संगठित अपराधी गिरोह सक्रिय हैं। इन गिरोहों से झारखंड ही नहीं बल्कि ओडिशा, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के अपराधी भी जुड़े हैं, जो यहां आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के बाद अपने गृह राज्य भाग जाते हैं और पुलिस हाथ मलती रह जाती है। आम लोगों की मदद से ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय ने सात शातिर अपराधियों पर इनाम की घोषणा करने की रणनीति तैयार की है।

### इन अपराधियों पर घोषित होगा इनाम

धनबाद में सक्रिय प्रिंस खान पर 30 लाख रुपये के इनाम का प्रस्ताव रखा गया है। प्रिंस खान पर धनबाद जिले के अलग-अलग शहरों में 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। बबलू उर्फ भरत नारायण पर पुलिस ने 10 लाख रुपये का इनाम रखा है। इसका संबंध पांडेय गिरोह से है। इसके खिलाफ 8 से 10 मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार पांडेय गिरोह के ही एक और अपराधी विकास साव पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। इसका संबंध भी पांडेय गिरोह से है। डब्ल्यू सिंह पर पुलिस ने 20 लाख का इनाम रखा है। इसके खिलाफ 40 मामले दर्ज हैं। अगली कड़ी में पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के गोपी खान पर 20 लाख का इनाम रखा है। इसके खिलाफ लगभग दो दर्जन मामले दर्ज हैं।

### दूसरे राज्यों के अपराधी भी निभा रहे अहम भूमिका

झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह में बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल के 28 से अधिक अपराधी भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये सभी अपराधी अखिलेश सिंह, अमन साहू, प्रिंस खान, अमन श्रीवास्तव और विकास तिवारी गिरोह से जुड़े हैं। अमन साहू और अखिलेश सिंह गिरोह में सबसे अधिक दूसरे राज्य के अपराधी जुड़े हैं।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



लौहनगरी जमशेदपुर के सबसे बड़े खेल आधारभूत संरचना जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स जहां खेल गतिविधियों के लिए जाना जाता है। वहीं यहां लगी कलाकृतियां भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। यह शानदार और मनमोहन कलाकृति धावक की शक्ति का प्रतीक दिखायी देती है।

# देवी श्री और देवी भू के साथ भगवान श्री वैकुंठनाथ का विवाह संपन्न

- श्री वैकुंठनाथ मंदिर ब्रह्मोत्सव के चौथे एवं अंतिम दिन का भव्य समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





कार्यक्रम के दौरान श्री वैकुंठनाथ परिवार व उपस्थित पुजारीगण।

**जमशेदपुर।** श्री वैकुंठनाथ मंदिर, शास्त्रीनगर में चार दिवसीय भव्य ब्रह्मोत्सव का समापन अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिवस का शुभारंभ भगवान के दिव्य अभिषेक और नवकलश तिरुमंजनम के साथ हुआ। शास्त्रोक्त विधियों के अनुसार भगवान को विभिन्न पवित्र जलों, दुग्ध, पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया गया, जिससे मंदिर प्रांगण में भक्तों ने दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।

**द्वादश आराधना और भोग अर्पण :** इसके पश्चात भगवान की द्वादश आराधना संपन्न हुई, जिसमें भगवान को 56 भोग का विशेष अर्पण किया गया। इन भोगों का निर्माण दक्षिण भारत से आए विशेष रसोइयों ने किया, जो विशेष रूप से भगवान श्री वैकुंठनाथ के लिए पारंपरिक विधियों से प्रसाद तैयार करने हेतु आमंत्रित किए गए थे। 56 भोग में विभिन्न प्रकार की मिठाइयाँ, फल, विशेष खिचड़ी, विभिन्न व्यंजन और पारंपरिक प्रसाद सम्मिलित थे। भक्तों ने इन दिव्य प्रसादों को श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया और भगवान के प्रति अपनी असीम भक्ति प्रकट की। मंदिर प्रांगण में भोग अर्पण के समय वातावरण अत्यंत भक्तिमय और भावनात्मक था, जहां उपस्थित श्रद्धालु भगवान की महिमा का गुणगान कर रहे थे।

**भगवान श्री वैकुंठनाथ का भव्य विवाह उत्सव :** इस पावन अवसर पर भगवान श्री वैकुंठनाथ का विवाह देवी श्री और देवी भू के साथ संपन्न हुआ। विवाह उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें भगवान के विवाह के मंगल गीत गाए गए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव का आयोजन किया गया। विवाह अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए कांचीपुरम से आमंत्रित 11 विद्वान पुरोहितों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ इस पवित्र अनुष्ठान को संपन्न कराया। वेदों की ध्वनि, शंखनाद और भक्तों की जय-जयकार से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

**बैंड वादकों द्वारा विशेष रागों की प्रस्तुति :** ब्रह्मोत्सव के चारों दिनों में विशेष बैंड वादकों ने विभिन्न रागों की मधुर प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण वातावरण दिव्यता से भर उठा। उत्सव के प्रत्येक दिन विशिष्ट समय पर अलग-अलग रागों की मनमोहक ध्वनि गूँजती रही। भगवान के विवाह उत्सव के दौरान बैंड वादकों ने विशेष रूप से मंगलकारी और मांगलिक रागों की प्रस्तुति दी, जिससे समूचा वातावरण एक अलौकिक और आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित हो गया। विवाह संस्कार के दौरान श्रीनिवास कल्याणम् राग की प्रस्तुति ने सभी भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त, नादस्वरम् और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों द्वारा मधुर धुनें बजाई गईं, जिससे भगवान श्री वैकुंठनाथ के विवाह का भव्य आयोजन और अधिक दिव्य प्रतीत हुआ।

**भक्तों की भक्ति और ब्रह्मोत्सव का समापन :** भक्तों ने भगवान के विवाह उत्सव का आनंद लेने के बाद उत्सव में सामूहिक रूप से विवाह गीत गाए और मंदिर परिसर में भक्ति भाव से झूम उठे। इस पावन अवसर पर सभी भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया।

आज, ब्रह्मोत्सव के अंतिम दिन, सभी अनुष्ठानों की पूर्णता के पश्चात पुरोहितों ने ब्रह्मोत्सव के यजमान श्री मुरलीधर और उनके पूरे परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर भक्तों की उपस्थिति और उनकी असीम श्रद्धा ने ब्रह्मोत्सव को अत्यंत दिव्य और सफल बनाया।

इस प्रकार, चार दिवसीय श्री वैकुंठनाथ ब्रह्मोत्सव का समापन अत्यंत भक्तिमय और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिससे समस्त भक्तगण ईश्वरीय आनंद और कृपा से अभिभूत हुए।

## स्पीड न्यूज

### कोल्हान विवि : पीएफ घोटाले की जांच के खिलाफ एजेंसी हाईकोर्ट की शरण में

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के आउटसोर्स एजेंसी सुपरस्टार सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ पीएफ घोटाले की जांच चल रही थी, जिसमें बार-बार पीएफ विभाग धनबाद द्वारा उन्हें नोटिस देने के बावजूद दस्तावेजों को नहीं दिया जा रहा था। उक्त शिकायत जमशेदपुर कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र अमर कुमार तिवारी ने की थी। इसके बाद सुपरस्टार कंपनी ने कार्यवाही से बचने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की है और मांग की है कि नीचे हो रहे कार्यवाही को रद्द कर दें जिसमें पीएफ विभाग धनबाद रांची समेत शिकायतकर्ता अमर तिवारी को प्रतिवादी बनाया गया है। शिकायतकर्ता अमर तिवारी ने बताया है कि अगर शिकायत गलत है तो एजेंसी क्यों नहीं मांगी गई दस्तावेज को विभाग को प्रस्तुत करता है, विश्वविद्यालय की मिली भगत के कारण और लापरवाही के कारण सैकड़ो कर्मचारियों का पीएफ अब तक भुगतान नहीं हो पाया है और उसमें घोटाला भी किया गया है, जिसका मिलान दिए गए बिल और जमा की गई कर्मचारियों के खाते में राशि से साबित हो सकता है। परंतु एजेंसी द्वारा अब तक विभाग को दस्तावेज नहीं दिया गया, अब बचने के लिए उच्च न्यायालय का रुख कर रहे हैं।

### बोलबम के नारे के साथ बाबाधाम रवाना हुए मिथिला विकास मंच के लोग



**गम्हरिया।** मिथिला विकास मंच के दर्जनों सदस्य बोलबम के नारे के साथ सोमवार को देवघर के लिए रवाना हुए। मिथिला विकास मंच के अध्यक्ष फुलकांत झा ने सभी सदस्यों को रवाना किया। इससे पूर्व सभी सदस्य दुर्गा पूजा मैदान में एकत्रित होकर पूजा अर्चना की। झा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मंच के सदस्यों का काफिला देवघर जाकर पूजा अर्चना करते हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सवा लाख शिवपूजन पूजन के लिए उनके द्वारा गंगा जल लाया जाता है। यह कार्यक्रम मिथिला समाज की ओर से गम्हरिया स्थित दुर्गा पूजा मैदान में किया जाता है। मौके पर करीब 50 से अधिक महिला और पुरुष देवघर के लिए रवाना हुए। अगले 17 फरवरी को सभी वापस आएंगे। मौके पर दिलीप ठाकुर, श्रेष्ठ मिश्रा मणिकांत झा, रुद्रकांत मिश्रा, मनोज झा आदि शामिल थे।

### हाईटेक कंपनी ऊंचाई से गिर कर मजदूर घायल

**गम्हरिया।** प्रखंड के कोलाबीरा स्थित हाईटेक कंपनी में कार्य के दौरान प्रथम तल्ले से गिरकर निवारण महतो नामक कामगार गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त घटना में उसके सर और शरीर के अन्य भागों में काफी चोटें आयी जिससे वह बेहोश हो गया।

# गोविंदपुर आवास बोर्ड के क्षेत्र का होगा कायाकल्प: संजय पासवान

- वीर कुंअर सिंह स्टेडियम के दक्षिणी छोर पर बनेगा विवाह मंडप, सिवेज सिस्टम अन्य काम भी होंगे
- हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने किया गोविंदपुर का दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



गोविंदपुर हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र का स्थल निरीक्षण करते बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान व उपस्थित अन्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष श्री संजय लाल पासवान जी के जमशेदपुर आगमन पर स्थानीय जिला परिषद डॉ परितोष के अनुरोध पर अध्यक्ष के द्वारा गोविंदपुर में हाउसिंग बोर्ड के खाली पड़े भू परिसंपदाओं का निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम गोविंदपुरा आगमन पर जिला परिषद सदस्य डॉक्टर परितोष के द्वारा पुष्प कुछ एवं अंग वस्त्र देकर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया एवं उनके द्वारा असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष महोदय से खाली पड़े भू परीसंपदाओं के अतिक्रमण के बारे में बताएं जिसके पश्चात उन्होंने खुद स्वयं जाकर सभी जगह का निरीक्षण किया।

हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने सभी जगह का स्वयं निरीक्षण किया एवं कार्यपालक अभियंता को सभी जगह पर स्थानीय जनों के सुविधा अनुसार प्रपोजल बना कर बोर्ड पर जमा करने का निर्देश दिया।

**इन सुविधाओं पर मिला आश्वासन**

1. सरकारी हाट बाजार में बाजार कॉम्प्लेक्स का निर्माण
2. वीर शिवाजी पार्क की चारदीवारी कर पार्क का निर्माण
3. वीर कुंवर सिंह स्टेडियम के दक्षिण छोर पर विवाह मंडप का निर्माण
4. गोविंदपुर में हाउसिंग बोर्ड के ऑफिस का निर्माण
5. सीवरेज सिस्टम का पुनः निर्माण आदि मांगों को कहा।

## ईस्ट बंगाल एफसी अंडर 21 में दीपक दर्पण मार्डी हुए चयनित



अपने समर्थकों के साथ दीपक दर्पण मार्डी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास ने चांडिल के समाजसेवी श्यामल मार्डी के पुत्र दीपक दर्पण मार्डी का ईस्ट बंगाल एफसी अंडर 21 में सिलेक्शन होने पर माला पहनाकर सम्मानित किया। दीपक के पिता श्यामल मार्डी ने अपने बेटे के उज्ज्वल भविष्य का कामना किया। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में भारत के लिए खेले यही कामना है। दीपक दर्पण मार्डी ने कहा उनका अगला मैच 18 फरवरी को मोहन बगान से होगा।

## संगठन विस्तार का काम जल्द पूरा करें आजसू के सभी जिलाध्यक्ष: सुदेश महतो

- आजसू की कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक दलमा हिल टॉप में संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



दलमा में आयोजित प्रमंडलीय बैठक को संबोधित करते आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो।

**जमशेदपुर।** सोमवार को दलमा हिल टॉप में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, हरेलाल महतो, स्वप्न कुमार सिंहदेव, हसन अंसारी, प्रवीण प्रभाकर, सिद्धार्थ महतो, चंद्रगुप्त सिंह, सागेन हांसदा, संजय मेहता, सत्यनारायण महतो, डोमन टुडू, कन्हैया सिंह, नंदू पटेल, रविशंकर मौर्या, अशोक मांझी, दीपक अग्रवाल, अमित महतो, आरती सिंह मुंडा, मंजू राज उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम सिंहभूम जिले के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। तीनों जिले के केंद्रीय, जिला, नगर, प्रखंड पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक के अंत में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

## चंपई सोरेन का अपमान बर्दास्त नहीं किया जायेगा: रामदास टुडू

- सुप्रियो भट्टाचार्य की बयानबाजी के खिलाफ कोल्हान में भारी आक्रोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



आदिवासी नेता रामदास टुडू।

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बारे में दिए गए बयान के बाद कोल्हान के मजदूरों, किसानों एवं आदिवासियों में भारी नाराजगी है। इस मुद्दे पर जिले के वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं आदिवासी सांवता सुशार अखाड़ा के संयोजक रामदास टुडू एवं सोनाराम मार्डी ने झामुमो प्रवक्ता पर हमला बोलते हुए कहा, सरायकेला में झामुमो प्रत्याशी की हार से बौखलाये सुप्रियो भट्टाचार्य यह भूल रहे हैं कि कोल्हान समेत पूरे झारखंड में झामुमो का संगठन बनाने में पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन जी का सबसे बड़ा योगदान है।

झारखंड आंदोलन के समय, उन्होंने संगठन के लिए जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों में लगातार कई-कई महीनों तक रहे। उस समय ना कोई पद था, ना झारखंड राज्य था और ना ही सत्ता में आने की कोई उम्मीद थी। लेकिन उस समय भी उन्होंने हजारों मजदूरों को इकट्ठा कर आंदोलन किया।

## कल सोहदा में आदिवासी भूमिज समाज का विदिदिरि झंडा दिवस

- झारखंड, बंगाल और उड़ीसा की 60 सांस्कृतिक टीमें लेंगी हिस्सा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा से सटे सोहदा फुटबॉल मैदान में सोमवार को आदिवासी भूमिज समाज की बैठक हुई। बैठक में आगामी 12 फरवरी को विदिदिरि झंडा दिवस मनाने का फैसला लिया व कार्यक्रम की रेखा तैयार की गई।इस कार्यक्रम में झारखंड, बंगाल व उड़ीसा से 60 सांस्कृतिक टीमें हिस्सा लेगी। इधर बैठक के बाद आदिवासियों भूमिज समाज के सलाहकार सिदेश्वर सरदार व जयपालसिंह ने कहा कि सुबह 10.30 बजे विदिदिरि झंडोतोलन के साथ कार्यक्रम का शुभारभ होगा जबकि दोपहर 2 बजे माघ बुरु सुसुन अखाड़ा व अंत में सुसन गांवता को सांत्वना पुरस्कार के साथ सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया है।

# शहर में पहली बार सामूहिक विवाह : 12 को 11 जोड़ियों के हाथ पीले करवायेगा सोनार समाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तैयारी बैठक में उपस्थित कन्नौजिया सोनार समाज के पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** आगामी 11 एवं 12 फरवरी को कन्नौजिया सोनार समाज के लोगों का जुटान होगा,पूरे भारत वर्ष से समाज के लोग 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होंगे। उक्त बातें राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के राष्ट्रीय प्रमुख रंजीत कुमार बर्मन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय बर्मन एवं राष्ट्रीय महासचिव आनंद बर्मन ने कही। उन्होंने कहा कि लौहनगरी जमशेदपुर में पहली बार सोनार समाज के लोगों का जुटान एवं 11 जोड़ियों को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जुगसलाई के सेवा सदन रोड स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर प्रांगण एवं महेश्वरी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर विभिन्न राज्यों एवं जिला से आये वर-वधू पक्ष के लोगों के लिए निःशुल्क रहने एवं भोजन की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को संध्या 6 बजे मेंहदी एवं संगीत कार्यक्रम होगा एवं दूसरे दिन 12 फरवरी को सुबह 10 बजे से बारात भ्रमण के उपरांत वरमाला एवं पंडित-समूहों द्वारा शादी संपन्न कराया जायेगा। संध्या में विदाई होगी जिसमें नव दंपत्तियों को घर बसाने हेतु लगभग सभी सामग्री उपहार सहित प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पांचवां सामूहिक विवाह समारोह है, इससे पूर्व रांची, आसनसोल, देवघर एवं पटना में सामूहिक विवाह हो चुका है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के द्वारा समाज में कई तरह के सामाजिक कार्य किये जाते हैं।

## एक नजर में

### चाईबासा : डीसी-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर के द्वारा कल से आयोजित हो रही मैट्रिक और इंटर परीक्षा के सफल आयोजन हेतु संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला डीसी के द्वारा केन्द्रों में अधिष्ठापित सीसीटीवी, सभी रूम में सीटिंग प्लान की जांच, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, समुचित लाइटिंग की व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं का जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारी को उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर अंचलधिकारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### इंडियन ओवरसीज बैंक का स्थापना दिवस मानगो शाखा में मनाया गया



**जमशेदपुर।** इंडियन ओवरसीज बैंक का 89वां स्थापना दिवस बैंक के मानगो शाखा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, समाजसेवी राजकुमार सिंह, समाजसेवी उपेन्द्र सिंह मस्तान, शिक्षाविद् श्रीमन नारायण त्रिगुण, शिक्षाविद् विकास कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में पंकज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंकों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इंडियन ओवरसीज बैंक के कर्मचारी बेहतर ग्राहक सेवा के माध्यम से एवं अपने विभिन्न बैंकिंग उत्पाद को समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचा सके यह प्रयास होना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन विवेक पराशर सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक अरुण कंडुलना, उप प्रबंधक संजय हांसदा, रंजीत बिन्धानी, हीरामती हेम्बरम, प्रियंका अग्रवाल, पूतूल लकड़ा सेवानिवृत सदस्यों में स्वर्णकमल दासगुप्ता, कृष्ण मोहन पाण्डेय, पी के बनर्जी, बाबुलाल आदि थे।

### श्री साईंनाथ देवस्थानम् में 25 से दो दिवसीय महा शिवरात्रि महोत्सव



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संसथान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को स्थित श्री शिवालय में 25 एवं 26 फरवरी को दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव के प्रथम दिन 25 फरवरी को संध्या 6 बजे से शहर के जाने माने कलाकार प्रेम अग्रवाल के द्वारा भजन संध्या में भजन पेश किया जाएगा एवं शिव विवाह की झांकी निकाली जाएगी। महोत्सव के मुख्य दिन 26 फरवरी को प्रातः 5 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। सायं 7.30 बजे से अगले दिन 27 फरवरी प्रातः 4 बजे तक नमक चमक रुद्राभिषेक, रूद्र हवन, पुष्पांजलि एवं महाआरती होगी।

### कांग्रेस नेता विजय यादव की पत्नी के निधन पर परिजनों से मिले संजय लाल पासवान



**जमशेदपुर।** झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान के शहर आगमन पर गोविंदपुर स्थित कांग्रेस नेता विजय यादव की धर्मपत्नी का विगत दिनों देहांत हो गया था। आज उनके आवास में विजय यादव से मिलकर उनके पत्नी के मृत्यु पर अत्यंत दुख जाहिर किया एवं शोक व्यक्त किया। उनके आवास में विजय यादव से मिलने वाले में कांग्रेस प्रदेश महासचिव परविंदर सिंह, प्रदेश सचिव एवं जिला पार्षद परितोष सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि संजय यादव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रजनीश सिंह, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय पूर्व सचिव ज्योतिष यादव, देवशरण सिंह, अनिल यादव, हरेंद्र मिश्रा, नरेश गौड़ा, अरविंद साहू, भोला यादव, रवि यादव, अशोक सिंह, रविंद्र प्रसाद, सुधीर राय उपस्थित थे।

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में बजट सत्र पर परिचर्चा का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैम्पस के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बजट सत्र पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम माननीय कुलपति महोदया प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के मार्गदर्शन से किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष एवं आईक्यू एसी डायरेक्टर डॉ रत्ना मित्रा के सहयोग से इस बजट सत्र पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें अर्थशास्त्र सहित सभी विभाग की छात्राएं उपस्थित हुई। अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थियों के द्वारा बजट सत्र पर परिचर्चा हुई। अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा श्वेता कुमारी, सुमेधा, साईं भारती तथा रितु रानी ने बजट से संबंधित विविध पहलुओं पर अपने वक्तव्य रखें। उन्होंने बजट के पक्ष एवं विपक्ष में अपने-अपने विचार रखे। विद्यार्थियों के लिए यह परिचर्चा उपयोगी, सार्थक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

# रेल मंत्री से सांसद ने की सुविधाएं बढ़ाने की मांग

■ यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी सहित कई मुद्दों पर विस्तार से की चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र की यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने सहित रेलवे योजनाओं/ परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने अथवा उसके स्थान पर एक ऐसी ट्रेन चलाने (जो लखनऊ तक जाय) रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 में यात्रियों की संख्या अत्यधिक होने से लोगों को यात्रा में कठिनाइयों को देख 1 एसी चेयर कार एवं 3 जीएस कोच की संख्या में बढ़ोतरी का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र के पलामू जिला के डाली, कजरात नावाडीह, लहरबंजारी एवं गढ़वा जिला के कुंभी मेराल में एलएचएस निर्माण कराने की सहमति दी। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# तीन स्वास्थ्य केंद्रों में हुई छापेमारी, किया गया शो-कॉज

खबर मन्त्र टोली

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में छापेमारी की गयी। छतरपुर के सरईडीह रोड में संचालित तीन संस्थान वर्मा हॉस्पीटल, मां ललिता हॉस्पीटल और खुशी अल्ट्रासाउंड में छापेमारी में कई तथ्य उजागर हुए हैं। तीनों संस्थानों के संचालकों के विरुद्ध उपाधीक्षक सह छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने शो-कॉज किया है। इन्हें 48 घंटे के अंदर विस्तृत स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। स्पष्टीकरण असंतोषजनक/ अप्राप्त रहने की स्थिति में कठोर कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जायेगा। छापेमारी में एसडीओ सहित छतरपुर के सीओ एवं उपाधीक्षक सह छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे। उपायुक्त के निर्देश पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि पलामू वासियों को समयबद्धता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिले में बिना निबंधन एवं निबंधन वैद्यता समाप्त पाये जाने वाले हॉस्पीटल एवं अन्य संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

■ अयोग्य व्यक्ति कर रहा था मरीज का ऑपरेशन, पदाधिकारियों को देख गायब हो गये संस्थान के कर्मी
■ क्षेत्र के किसी भी मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त
■ पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई




### बिना वैध दस्तावेज व रजिस्टर्ड डॉक्टर के संचालित हो रहा था वर्मा हॉस्पीटल

वर्मा हॉस्पीटल के छापेमारी सह औचक निरीक्षण में कई त्रुटियां पायी गयीं। अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त पायी गयी। वहीं अयोग्य व्यक्ति मरीजों का ऑपरेशन कर रहा था। बीडीएस डॉ सुमित वर्मा (दांत के डॉक्टर) मरीजों का ऑपरेशन कर रहा था। ऑपरेशन के पूर्व मरीजों से लिए जाने वाले घोषणा पत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संधारण लगभग न के बराबर था। इतना ही नहीं, निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी रजिस्टर्ड डॉक्टर नहीं मिले। जांच से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज तथा रजिस्टर्ड डॉक्टर किया जा रहा है। साथ ही बिना योग्य डॉक्टर के मरीजों का ऑपरेशन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

**मां ललिता हॉस्पीटल में नहीं मिले अल्ट्रासाउंड से संबंधित चिकित्सक :** पदाधिकारियों द्वारा मां ललिता हॉस्पीटल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त पायी गयी। साथ ही भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा था। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड किये जाने वाले लाभार्थियों के दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया गया था। अल्ट्रासाउण्ड से संबंधित चिकित्सक भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाये गये। निरीक्षण के दौरान पाये गये उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज के करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

**जांच केंद्र बंद कर गायब हो गये कर्मी :** छतरपुर के सरईडीह रोड में ही स्थित खुशी अल्ट्रासाउंड का औचक निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारियों को दूर से आते देख जांच केंद्र के कर्मीगण जल्दबाजी में केंद्र बंद कर गायब हो गये। साथ ही दूरभाष पर वापस आने के लिए कहने के बावजूद वापस नहीं आये। निरीक्षण में जानकारी मिली है कि अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का न तो निबंधन है और न ही अर्हता प्राप्त चिकित्सक जांच करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### प्रवासी मजदूर की छत्तीसगढ़ में मौत



**हरिहरगंज पलामू।** नपं क्षेत्र के पिपरा निवासी जनेश्वर राम (55) की छत्तीसगढ़ में मौत हो गयी। वह छत्तीसगढ़ के पटेवा स्थित एक निजी कंपनी में कुकमैन थे। जनेश्वर चक्कर आने से अचानक जमीन पर गिर पड़े थे। जिसे इलाज के लिए नजदीकी तुमगांव स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लापता युवक का शव सोन नदी तट से मिला

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के दंगवार ओपी क्षेत्र के डूमरहाथा से कुछ दूर स्थित सोन नदी तट से रविवार की देर शाम दंगवार ओपी पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। सोमवार की सुबह मृतक की पहचान मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनियां के माला गोस्वामी के पुत्र राकेश गोस्वामी (25) के रूप में की गयी है। मृतक कई माह से तनाव में था।

### कुएं में डूबने से युवती की मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सोस गांव में एक 22 वर्षीय युवती की कुएं में डूबने से मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने उसे कुएं से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। जहां लेस्लीगंज थाना की पुलिस गांव पहुंच कर शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। घटना रविवार देर शाम की है। कुएं से पानी निकालने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गयी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि मृतका संध्या पति सोनू प्रजापति सोंस की रहने वाली है। जिसकी मौत कुआं में डूबने से हो गयी है।

### एसडीएम ने किया बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने रविवार की रात अवैध उत्खनन को लेकर प्रखंड क्षेत्र में देर रात छापेमारी अभियान चलाया। इसमें बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। बालू लदे दो सोनालिका ट्रैक्टर को पांकी मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बसौरा के पास से जब्त किया गया है। इसे लेस्लीगंज थाना के हवाले कर दिया गया। वही एक स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर मुंदरिया के पास से लेस्लीगंज थाना पुलिस ने जब्त किया। थाना प्रभारी राजू गुप्ता ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के मालिक के विरुद्ध कारवाई की जा रही है।

### हुसैनाबाद पुलिस व आबकारी का छापा

**हुसैनाबाद, पलामू।** थाना क्षेत्र के ईंट बांध, घाघरा, चॉपर सिकनी आदि गांवों में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू चौधरी एवं आबकारी विभाग ने संयुक्त छपमारी अभियान चलाया जिसमें भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट व देशी शराब बनाने वाली महुआ जावा बरामद किया है। थाना प्रभारी संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 3 हजार किग्रा जावा महुआ धरती में गाड़ कर रखा हुआ था जिसे पुलिस बल ने विनष्ट कर दिया है। वहीं जहरीली शराब बनाने वाली कई रो मैटीरियल बीह जब्त कर उसे भी वहीं विनष्ट कर दिया गया है।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ समाज का निर्माण छुपा है : अविनाश देव




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ ने लोन मेला सह नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर स्थानीय नगर भवन में किया। शिविर में कई लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। जिसका शुभारंभ संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, जिलाध्यक्ष धनंजय सोनी अविनाश देव ने किया। श्री देव का स्वागत अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ मोमेंटो देकर किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ समाज का निर्माण छिपा है।

### उंटारी पथ पर दुर्घटना में एक की मौत



**विश्रामपुर (पलामू)।** बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ पर कुल्ही के पास रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में कांडी थाना क्षेत्र के ध्रुवा निवासी कैलाश राम का पुत्र बिनोद की मौत हो गयी। सड़क किनारे बाइक से एक व्यक्ति गिरकर घायल पड़ा था। लोगों ने निजी वाहन से उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया था। जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टेंपो स्टैंड के पास दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सदिक चौक कोयल नदी पुल के पास टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चला। चार पहिया वाहन एवं बाइक की जांच में कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के थे। जिसमें 14 बाइक जब्त किया गया। जांच में 02 बाइक और एक स्कॉर्पियो ब्लैक शीशा वाली गाड़ी को भी जब्त किया गया है।

# दो दिवसीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 से, तैयारी पूरी

■ वित्त मंत्री किशोर करेंगे महाकुंभ मेला का उद्घाटन
■ डीडीसी, एसडीओ व नगर आयुक्त ने किया मेलास्थल का निरीक्षण, तैयारियों का जाना हाल

खबर मन्त्र संवाददाता



परीक्षा की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी से शुरू होगी। मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में आयोजित मेले की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है।

उपायुक्त शशि रंजन तैयारी की हर पल जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन वृहद तैयारी की है।

मेला के उद्घाटन समारोह में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग के मंत्री चमरा लिंडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे।

गणमान्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव भाग लेंगे।

मेला को भव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीना सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मेला स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने भव्य मेला आयोजन का निर्देश दिया।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण

# देश निर्माण और प्रगति के लिए विद्यार्थियों का भयरहित होना आवश्यक : प्राचार्य डॉ एके सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल ऑक्सफोर्ड के शिक्षक व विद्यार्थी।

**मेदिनीनगर।** पीएम मोदी के सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार एवं तीन अन्य कक्षाओं में कक्षा छठीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसमें 411 छात्र 223 छात्रा 42 शिक्षक 05 अभिभावक एवं 02 कार्यालय कर्मचारी भाग लिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि- यह हमारा बड़ा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री ने अपना कीमती समय निकाल कर इस विषय पर चर्चा कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हैं। यह हमारा ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत के लिए गर्व का दिन है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा 2025 में शामिल होने के लिए देशभर के विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, इसके अलावा टीचर्स और पैरेंट्स ने भी पीपीसी के लिए रजिस्टर किये थे। विद्यार्थी देश के कर्णधार तथा देश निर्माता होते हैं। देश के निर्माण एवं प्रगति के लिए विद्यार्थियों का भयरहित होना जरूरी है। हमारी परीक्षा भयरहित और अधिगम के लिए होनी चाहिए न कि प्रतिशत के लिए। पीएम ने छात्रों से रुबरु होते हुए कहा कि परिवारों को अपने बच्चों से उम्मीदें होना स्वाभाविक है लेकिन अगर यह सिर्फ सामाजिक स्थिति बनाए रखने के लिए है तो खतरनाक हो जाता है। पीएम मोदी जी ने सलाह देते हुए बच्चों को कहा कि यह समय प्रबंधन केवल परीक्षाओं के लिए ही नहीं अपितु आपके दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण हैं।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें उपायुक्त : बिट्टू पाठक

■ भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसियों ने उपायुक्त से मिलकर सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस का एक शिष्टमंडल उपायुक्त शशि रंजन से मिला। शिष्ट मंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की। मौके पर बिट्टू पाठक ने उपायुक्त को बताया कि धान खरीद बिक्री में बिचौलिया हावी है। किसानों का हक मारा जा रहा है। धान बिक्री करने वाले किसान के जमीन के कागज अवश्य देखें। 1एकड़ बेच रहे हैं 20 एकड़ के धान यह है बिचौलियों का खेल किसानों को उचित दाम मिले। प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। प्रखंड कार्यालय में बिना रिश्वत के किसी लाभुक को आवास समेत किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलता है। जन्म-मृत्यु, जाति, आय से लेकर चरित्र प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत देना पड़ता है। अंचल कार्यालय में एलपीसी, जमीन का म्यूटेशन के लिए पैसा देना पड़ता है।

## अंबिकापुर से आ रही बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, दो दर्जन यात्री जख्मी, 6 की हालत गंभीर

राजेश प्रसाद



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के सुल्तानी गांव के समीप एनएच 139 पर सोमवार की सुबह करीब 4:20 बजे छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से बिहार के आरा जा रही शिवम यात्री बस सीजी 15 इ ए 2186 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में बस पर सवार दो दर्जन यात्री जख्मी हो गये। इनमें 6 की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर से आ रही शिवम स्लीपर बस यात्रियों को लेकर आरा जा रही थी। यात्रियों के अनुसार बस कई किमी पहले से अनियंत्रित होकर चल रही थी। कभी दांए कभी बाएं हो रही थी। ऐसा लग रहा था कि चालक नींद में गाड़ी चला रहा है। कुछ यात्री इस ओर चालक का ध्यान आकृष्ट कराया था। सुलतानी गांव के समीप शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप के सामने पहुंचते ही यात्रियों से भरी उक्त बस अनियंत्रित होकर फोरलेन के डिवाइडर पर चढ़ने से पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। किसी का पैर टूट गया, तो किसी के सिर में गंभीर चोट आयी। जख्मी ज्यादातर यात्री बिहार के रहने वाले हैं।

### विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण



**पाटन पलामू।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पलामू तथा पाटन बीइइओ के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण माड्यूल पलाश किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रीमा देवी, प्राचार्य हरेंद्र सिंह, संयोजिका कांति देवी, सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य सकल भुइयां, संतन भुइयां, सुनैना देवी, प्रभा देवी आदि थे।

### पराक्रम शौर्य और समृद्धि का प्रतीक है राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** प्रतापी राजा मेदिनी राय की याद में दुबियाखांड़ में लगने वाला राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला का आयोजन आदिवासियों व चेरो समाज के संस्कृति का प्रतीक है। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। कहा कि झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी दूरगामी सोच के साथ आदिवासी महाकुंभ मेला का शुभारंभ कराये थे। यह मेला एनच 75 बेतला नेशनल पार्क मोड़ दुबियाखाड़ में लगता है जिसका आमंत्रण मुझे भी मिला। मेला समिति ने निमंत्रण दिया है।

### ग्रामीण क्षेत्र में नीलगाय का उत्पात, गिरजा के तीन एकड़ गेहूं की फसल व पौधे को किया बर्बाद



**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में नीलगायों का उत्पात चरम पर है। दिनदहाड़े नीलगायों की झुंड खेतों में आकर तांडव मचा रहे हैं। खेतों में लगी फसल को जंगली नीलगाय ने बर्बाद कर दिया। इससे किसानों में मायूसी है। किसान को आर्थिक क्षति हुई है। नावा बाजार प्रखंड के कंडा निवासी गिरजा चंद्रवंशी के तीन एकड़ खेतों में लगे गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। वन विभाग भी इसके प्रति गंभीर नहीं है। वहीं किसान गिरजा चंद्रवंशी मुआवजा को लेकर प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। इतना हीं नहीं दमारो, ब्रह्मोरिया, चेचरिया, तुकबेरा, सरोना, बाना, रबदा आ गांव किसान राम गोविंद यादव, राकेश महतो, मोहन महतो, बद्री महतो, दयाल महतो आदि ने बताया कि सुखाड़ के कारण खरीफ व रबी की फसल नहीं हो पाया। फिर भी खेतों में सिंचाई की व्यवस्था कर गरमा फसल सहित साग सब्जी बीज खेतों में डाली गयी है।

## गुरी प्रार्थना गृह में मना गुरुपद संभव राम बाबा का पदार्पण दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

■ कई धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन, एक अनाथ बच्ची को दी गयी सिलाई मशीन



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के गुरी स्थित सर्वेश्वरी समूह के प्रार्थना गृह में सोमवार को परम पूज्य अवघड़ गुरुपद संभव राम बाबा का प्रथम पदार्पण दिवस मनाया गया। मौके पर कई धार्मिक कार्यक्रम किये गये। प्रार्थना गृह मंदिर में स्थापित श्री चरण पादुका, शिवलिंग व अघोरेश्वर महाप्रभु जी के चित्र के समक्ष विशेष पूजा अर्चना व आरती के बाद अखंड दीप प्रज्ज्वलित कर सफल योनि का पाठ सत्येंद्र मिश्रा ने किया। यहां बताते चलें कि समूह की गुरी शाखा गुरुपद संभव राम बाबा के पदार्पण दिवस को प्रत्येक वर्ष महोत्सव के रूप में मनाता है। मौके पर नागेंद्र पांडेय, संजीत मिश्रा, डॉ नरेंद्र पाल, चंचला कुमारी थे। सुषमा को सिलाई मशीन दी गयी।

### नेक दिल इंसान थे उमेश गुप्ता : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, झारखंड आंदोलनकारी एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने बाईपास रोड निवासी उमेश गुप्ता उर्फ उमेश भाई के निधन पर शोक व्यक्त कर कहा कि उमेश के निधन से पलामू वासियों ने एक नेक दिल इंसान और सामाजिक कार्यों में जीवन समर्पित करने वाले व्यक्ति को खो दिया है। श्री मिश्र ने कहा कि उमेश पूर्व पार्षद रौशन कुमार के पिता थे। उमेश के साथ चार दशकों तक हमलोग स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से पलामू प्रमंडल के सुदूरवर्ती इलाकों में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है।

### संस्कृतिक पाठशाला की 65वीं कड़ी में वैज्ञानिक चेतना का विस्तार क्या-कैसे विषय पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

■ वैज्ञानिक चेतना में होती है तार्किकता और जीवंतता



**मेदिनीनगर।** संस्कृतिक पाठशाला की 65वीं कड़ी में इप्टा, ज्ञान विज्ञान समिति एवं भाभा साइंस स्टडी सेंटर ने वैज्ञानिक चेतना का विस्तार क्या और कैसे विषय पर कार्यशाला की गयी। जिसकी अध्यक्षता विज्ञान शिक्षक शैलेंद्र शर्मा एवं साहित्यकर्मी अरविंद सिन्हा ने किया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्रेम प्रकाश ने विषय प्रवेश कराया। कहा कि वैज्ञानिक चेतना में तार्किकता और जीवंतता होती है। यह सोच समाज के विश्लेषण करने की क्षमता को विकसित करता है। वैज्ञानिक चेतना तार्किक होती है और पूर्वाग्रह व अंधविश्वास से मुक्त होती है। स्कूलों में वैज्ञानिक चेतना पर आधारित निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजन कर वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकते हैं। पंकज श्रीवास्तव ने बृहद विज्ञान मेला का प्रस्ताव रखा।

# मनिका विधायक ने दुबियाखांड चौक पर किया मेदिनीराय की प्रतिमा का अनावरण

■ कुशल और प्रतापी राजा मेदिनीराय के आदर्श को आत्मसात करें : विधायक रामचंद्र सिंह
■ प्रतिमा दान करने का अवसर मिलना गौरव की बात : इंजीनियर प्रदीप सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



राजा मेदिनीराय की प्रतिमा का अनावरण करते मनिका विधायक और इंजीनियर प्रदीप सिंह।

**मेदिनीनगर/सतबरवा।** चेरो वंश के महान प्रतापी महाराजा मेदिनी राय की पुराना प्रतिमा के जगह पर नए अलौकिक आदमकद प्रतिमा का दुबिया खाड़ चौक पर उनके वंशज प्रदीप सिंह (कार्यपालक अभियंता), मनिका विधायक सह राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रधान महासचिव रामचंद्र सिंह, राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ झारखंड प्रदेश के संरक्षक के सुपुत्र गुलाब सिंह, केचकी निवासी सुखमणि देवी, चेरो वंश के अवधेश सिंह चेरो राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राजा मेदिनीराय कुशल व प्रतापी राजा थे। इनके कार्यकाल में जनता सुखी रहती थी। मेदिनीराय के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इनके बताये रास्तों पर चलकर ही चेरो समाज का सर्वांगीण विकास होगा। राजा मेदिनीराय की याद में लगने वाला राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला ऐतिहासिक होगा। मेला आदिवासियों के संस्कृति, सभ्यता व आन बान शान का प्रतीक है। आदिवासियों के संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। प्रतिमा दानकर्ता कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि राजा मेदिनीराय की प्रतिमा का दान करने का अवसर मिलना गौरव की बात है। राजा मेदिनीराय एक कुशल प्रशासक थे। इनकी वीर गाथा से चेरा वंश के लोग अवगत हैं। इनके आदर्श को अपनाकर ही चेरो समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मेले में सरकारी विभाग का स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा।

# वाई जे के स्टूडेंट्स फेडरेशन ने एनपीयू में जमकर काटा बवाल

खबर मन्त्र संवाददाता




विवि परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

**मेदिनीनगर।** वाई जे के स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में जिलाध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर जमकर बवाल काटा। प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पदाधिकारी विहीन हो चुका है और यहां पर विद्यार्थियों के हित में कोई भी काम नहीं हो रहा है। आज करीब एक वर्ष पूर्व ली गई जेनेरिक परीक्षा का परिणाम आज तक नहीं निकल गया जो यह दशार्ता है कि विश्वविद्यालय किस तरह से काम कर रहा है ऐसा लगता है कि पदाधिकारियों को विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता तनिक भी नहीं है। विकास यादव ने कहा कि पदाधिकारी के अभाव में कोई भी काम करने में असमर्थ है यहां छात्र त्रस्त हो चुके हैं। जो सत्र पूर्व से विलंब था वह और अधिक विलंब होते जा रहा है। विद्यार्थियों के सुनने वाला कोई नहीं है। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि हमारा संगठन पूर्व में भी छात्रों के हित में कई हड़ताल- प्रदर्शन किया है जिसका परिणाम हमेशा हमारे और विद्यार्थियों के हक में रहा है । इसी तरह हम आज भी और आगे भी विद्यार्थियों के हक में लड़ेंगे। मौके पर मोहित साहू व कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने फेडरेशन की सभी मांगों को मानते हुए लिखित रूप में दिया कि जो भी परीक्षाएं लंबित है, उसे जल्द कराया जाएगा और सभी सत्रों को नियमित करने का भी हम प्रयत्न करेंगे और इसपर अविलंब कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शॉर्ट सर्किट से खपरैल मकान में लगी भीषण आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव/बरडीहा।** थाना क्षेत्र के ओबरा पंचायत के बभनी गांव में एक गरीब व्यक्ति रामजी रजवार के खपरैल मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट लगने के कारण खपरैल मकान में भीषण आग लग गई। वहीं आग की जानकारी मिलते ही किसान संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पुष्प रंजन मेहता मौके स्थल पर पहुंचकर लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया। वहीं पूछे जाने पर पुष्प रंजन मेहता ने बताया कि घर आग लगते देख वहां पहुंचे उसके बाद फायर ब्रिगेड, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को टेलीफोन की जानकारी दिया उसके बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया। उन्होंने कहा कि राम जी रजवार बिल्कुल गरीब व्यक्ति है और लगभग एक दर्जन सदस्य हैं उन्हें सरकारी लाभ अवश्य मिलना चाहिए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने तुरंत अपने थाना एएसआई पी पी एक्का एवं पुलिस बल को बभनी गांव भेजा। और फिर विकेट की सूचना दिया। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए राम जी रजवार ने बताया कि हम लोग घर पर ही थे। बिजली के तार बिजली मीटर से घर में खींचा हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट लगने के कारण देखते ही देखते आग पकड़ लिया फिर उसके बाद शोरगुल करने के बाद काफी संख्या में लोग जुट गए और जो जिधर से जुटा ऊधर से पानी डालकर आग पर किसी तरह बुझाया। लेकिन देखते ही देखते घर सहित खाने-पीने की सामग्री और बिछावन सहित खटिया चौकी,अनाज, चावल ,गेहूं, कुछ पैसा ,मोबाइल जलकर राख हो गए। वहीं घर और घर सामग्री जल जाने पर लोगों का रो-रोकर पूरा हाल है और परिजनों का कहना है कि अब हम लोग कैसे जीवन यापन कैसे करेंगे। और कहां रहेंगे। वहीं लोगों ने कहा कि इस घर में हम लोग 15 सदस्य रहते थे और हम लोग कैसे रहेंगे। उन्होंने मदद के लिए जन्म प्रतिनिधि सहित अधिकारियों पदाधिकारी से मांग किया है। इधर इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आग बुझाने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। इधर इस संबंध में प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ने कहा कि गरीब परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा।



आग बुझाते लोग

## एक नजर में

### उप प्रमुख ने प्रखंड प्रमुख का लिया पदभार

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय पर सोमवार को उप प्रमुख नारायण यादव ने प्रखण्ड प्रमुख का प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर उनके साथ प्रखण्ड के कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। प्रमुख कार्यालय के उद्घाटन के समय प्रमुख नारायण यादव ने कहा कि प्रखण्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गरीबों को अधिकार दिलाना व प्रत्येक पंचायत को एक समान विकास की गति देकर ऊजार्वान बनाऊंगा। साथ ही सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर आपसी सामंजस्य बनाकर हर बिंदु पर पहल कर समस्याओं का निदान किया जाएगा। मालूम हो कि पूर्व प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय पर पंचायत समिति सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य नहीं बनाने का आरोप लगाया गया था। इस कारण कई पंचायत समिति सदस्यों के बीच असंतोष व्याप्त था। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पंसस प्रिंस कुमार ठाकुर, पवित्री देवी, प्रियंका देवी, तारा देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, मनोज कुमार पासवान, योगेंद्र बैठा, शीला देवी, उषा देवी, किरण देवी, रूबी देवी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विनय मिश्रा, मोती यादव, चंद्रमा यादव, सुखनंदन यादव, अभिनव मिश्रा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### भवनाथपुर गुरुकुल की जर्जर छत बनी खतरा, हादसे का खतरा

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित भवनाथपुर गुरुकुल की छत जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्राचार्य ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गुरुकुल प्रशासन के अनुसार, यह संस्थान अब तक 1368 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी दिलाने में सफल रहा है, लेकिन वर्तमान में इमारत की खराब हालत के कारण छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। विद्यालय की छत में कई जगह दरारें आ गई हैं, जिससे बारिश के दौरान पानी टपकता है और दीवारें भी कमजोर होती जा रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य बृजकिशोर सिंह ने बताया कि उन्होंने उन्होंने उपायुक्त एवम अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### मूनर-अंबिका उर्फ बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, करकटा की टीम चैंपियन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरबे पंचायत के भीम बराज के समीप पोटो हो खेल मैदान (गुलाब गार्डन) पर आयोजित मूनर-अंबिका उर्फ बटोही सिंह क्रिकेट टूनामेंट (सीजन वन) का फाइनल मैच मझिआंव प्रखंड के करकट्टा एवं कांडी प्रखंड के कोरगांई टीम के बीच खेला गया। इस खेल का आयोजन सभी ग्रामीणों की सहयोग से पत्रकार अनुप सिंह एवं विकास सिंह के द्वारा करवाया गया। जिसमें कोरगांई की टीम ने निर्धारित 12 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रन का का स्कोर खड़ा किया। जिसे जवाबी पारी खेलते हुए करकटा की टीम ने निर्धारित रन पूरा करते हुए चार विकेट से मैच को जीत लिया। वहीं जीत मिलते खिलाड़ी और करकटा गांव के लोग काफी उत्साहित दिखे। जिसे मुख्य अतिथि मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला देवी, विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, केशव प्रसाद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, राणाडीह मुखिया ललित बैठा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा विजेता -उप विजेता टीम को ट्रॉफी, इनामी राशि 21 हजार एवं 11 हजार देकर पुरस्कृत किया गया। तथा रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉ मनीष कुमार सिंह एवं डॉ शमशेर सिंह के द्वारा विजेता टीम को अपने स्तर से 5100 और उप विजेता टीम को 3100 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी एवं मोरबे पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी ललन प्रसाद सिंह के द्वारा खिलाड़ियों तथा उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया। ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि अब इस मैदान पर इसी तरह निरंतर खेल का आयोजन किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोग खेल में आगे बढ़कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि आज के युग में पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस मैच में लगातार छक्का मारने वाले संदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ दी सीरीज गोलू कुमार को दिया गया। वहीं यूट्यूब चैनल सरस्वती मल्टीमीडिया के संचालक राहुल कुमार के द्वारा टूनामेंट का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

### जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

**धुरकी।** धुरकी भाया खाला अंबाखोरेया मुख्य सड़क से खाला मध्य विद्यालय तक पांच किलोमीटर सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सड़क में लगाये गये गिट्टी व पत्थर के ऊपर निकल जाने से जहां लोगों को पैदल चलने में मुश्किलें हो रही हैं। वहीं वाहनों को चलने में भी काफी दिक्कत हो रही है। विदित हो कि इस सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2003-04 में प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना के तहत हुआ था। तब से आज तक इस सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क पर प्रतिदिन काफी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इस संबंध में ग्रामीण सुकृत राम, जयप्रकाश कुमार, सुधीर जायसवाल, सोनू कुमार, राम भरोसा राम, बसंत राम व गोविंद राम ने बताया कि इस सड़क को बनवाने को लेकर उन लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधि को आवेदन दिया है, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# पीएम श्री राजकीय मवि केतार में शामिल होंगे 432 परीक्षार्थी





पीएम श्री राजकीय मवि केतार

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में 432 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा में इस केंद्र पर प्रखंड के कुल दो उच्च विद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें प्लस टू उच्च विद्यालय छाताकुड़ के 215 परीक्षार्थी और प्लस टू उच्च विद्यालय परसोडीह के 217 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्राधीक्षक मोहम्मद मोकारिम और उपकेंद्राधीक्षक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारी विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के दौरान केतार बीडीओ सह सीओ प्रशांत कुमार प्रशासन के साथ मौजूद रहेंगे। दसवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण कराने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। घनश्याम गुप्ता को दंडाधिकारी, तेरेखा बाखला को प्रवेक्षक, पुलिस दल में एएसआई वेंकटेश शर्मा को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस केंद्र पर 11 फरवरी को वोकेशनल विषय में 103 विद्यार्थी, 18 फरवरी को हिंदी भाषा में 432 विद्यार्थी, 19 फरवरी को संगीत में 015 विद्यार्थी, 20 फरवरी को विज्ञान में 432 विद्यार्थी, 22 फरवरी को संस्कृत में 432 विद्यार्थी, 25 फरवरी को सामाजिक विज्ञान में 432 विद्यार्थी, 28 फरवरी को अंग्रेजी में 432 विद्यार्थी, 03 मार्च को गणित में 432 विद्यार्थी शामिल होगें।

## हाथियों का आतंक जारी, 38 वर्षीय युवक को कुचलकर मारा



चेक प्रदान करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** चिनिया वन क्षेत्र के चिरका गांव स्थित कुम्हार टोला के बगल में नहर पुल से कुछ दूर तेतु सिंह के घर के पास जंगली हाथी ने तेतू सिंह के 38 वर्षीय पुत्र राजकुमार सिंह उर्फ मधु सिंह को रविवार रात पटक कर मार डाला। बताया जाता है कि राजकुमार सिंह चिरका गांव के तेतर टोला के ओर से अपने घर आने के दौरान जैसे ही अपने घर के पास पहुंचा कि घर से बाहर धान कुटवाने के लिए बोरा में भर कर रखा हुआ धान को पहले से खाते हुए छोड़ कर हाथी का नजर उस व्यक्ति पर पड़ा व उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसकी जानकारी वन विभाग कर्मी को मिलने के बाद रात्रि मे ही चिनिया पुलिस के साथ वन विभाग के टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर हाथी द्वारा कुचल कर मरा हुआ युवक का शव को अपने कब्जे मे लेकर चिनिया वन परिसर लाया। वही सोमवार सुबह शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए गढ़वा भेजा गया।

## फाइलेरिया की एल्वेन्डाजोल दवा खाने के बाद सात बच्चे बीमार

**कांडी।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां में पढ़ने वाले लगभग सात बच्चे सोमवार को फाइलेरिया की एल्वेन्डाजोल दवा खाने के बाद बीमार हो गए। तबियत खराब होने के बाद इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस के माध्यम से रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-13-2025, दिनांक: 10.02.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडीह/बड़हरवा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझाड़ी क्वैरी साइडिंग पर 50 मिमी. आकार के 107745 घन मीटर मशीन चूर्ण कड़े स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा रेलवे वैगनों/हॉपरों में लदायी (माप गंतव्य पर लिया जायेगा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 15,73,05,545.10। **जमा बयाना राशि:** ₹ 9,36,500। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-1119)

**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**

**बन्दोबस्ती हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये सिसई प्रखण्ड अन्तर्गत सैरात (सिसई बाजार टांड़ मेला) की बन्दोबस्ती हेतु दिनांक 22.02.2025 को अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय परिसर पर अपराह्न 3:00 बजे डाक बोली लगायी जायेगी जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रम | सैरात का नाम | न्यूनतम डाकबोली | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड सिसई अन्तर्गत सैरात (सिसई बाजार टांड मेला) | 17,52,000.00 (सतरह लाख बावन हजार मात्र) | 1,75,200.00 (एक लाख पचहतर हजार दो सौ मात्र) | 1800.00 (एक हजार आठ सौ रू0 मात्र) |

उक्त डाकबोली में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्त्तें कार्यालय जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट एवं गुमला जिले के वेबसाईट (gumla.nic.in) पर देखा जा सकता है।

सचिव,
जिला परिषद, गुमला

PR 346193 Rural Development(24-25)#D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला पंचायत शाखा)**

**:: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 466 दिनांक 01.03.2023 एवं पत्रांक 180 दिनांक 24.01.2025 एवं दिनांक 08.02.2025 को निविदा निस्तारण समिति की बैठक की कार्यवाही के कंडिका सं0– क (iv) एवं ख (iv) में लिए गए निर्णय के आलोक कोडरमा जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में चयनित कुल–13 पंचायत ज्ञान केन्द्रों में उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्रियों एवं कुल –37 चयनित पंचायत ज्ञान केन्द्रों में उपलब्ध करायी जाने वाली पुस्तकों में एकरूपता एवं गुणवत्ता रखने के उद्देश्य से Rate Contract करने हेतु सामग्री एवं पुस्तक के लिए अलग–अलग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है, जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद, कोडरमा की अध्यक्षता में खोला जाएगा।

| क्र0 | इकाई | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम | उप विकास आयुक्त, कोडरमा |
| 2 | निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | दिनांक– 17/02/2025 के 2:00बजे अपराह्न तक |
| 3 | निविदा/कोटेशन जमा करने की स्थान | जिला पंचायत राज कार्यालय, कोडरमा |
| 4 | निविदा निस्तारण की तिथि | दिनांक– 17/02/2025 के 03:00 बजे अपराह्न से |
| 5 | निविदा निस्तारण का स्थान | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार, कोडरमा |

निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ कार्यालय के सूचना पट् एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.346220 Panchayati Raj(24-25):D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़**
email:-sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

**आवश्यक सूचना**
**सर्वसाधारण के लिए**

उपरोक्त माण्डू थाना कांड सं0–122/2024, दिनांक–28/05/2024 धारा–366(ए) भा0द0वि0 एवं 04 पोक्सो एक्ट के फरार प्राथमिकी अभियुक्त 1.संतोष साव उर्फ पाण्डेय, उम्र–करीब 32 वर्ष, पिता–स्व0 महाबीर साव, सा0–सिमरबेड़ा, थाना–विष्णुगढ़, जिला–हजारीबाग का द0प्र0स0 की धारा–82 के तहत माननीय न्यायालय से इश्तिहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Alok Dubey, P.D.J. Ramgarh (Jharkhand)
Schedule XLII High Court (M)31,C(Old Priocess No,4)
PROCLAMATION REUIRING THE APPERANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974. ](Section 82 of the code of Criminal Procedure.)

1. नाम एवं सील पता चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
फरार अभियुक्त 1. संतोष साव उर्फ पाण्डेय, उम्र–करीब 32 वर्ष, पिता–स्व0 महाबीर साव, सा0–सिमरबेड़ा, थाना–विष्णुगढ़, जिला–हजारीबाग
2. किया है या करने पर उसपर
शुबहा है। जो व मुजीब दफा मजमूअए ताबीरात हिन्द
के सजा लायक है (2) माण्डू थाना कांड सं0–122/2024, दिनांक–28/05/2024 धारा–366(ए) भा0द0वि0 एवं 04 पोक्सो एक्ट
3. नाम फरार प्राथमिकी अभियुक्त संतोश साव उर्फ पाण्डेय, उम्र–करीब 32 वर्ष, पिता–स्व0 महाबीर साव, सा0–सिमरबेड़ा, थाना–विष्णुगढ़, जिला–हजारीबाग
और व तामिल वारंट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी
हुआ वा यह कैफियतदी गई कि (3) जब
4. फरार हुआ है या रूपेश है
तके वारन्ट मजकुर सपर जारी न हो सकेपाये नहीं जाते और चूकिब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (4)
5. माकामा सा0–(1)संतोश साव उर्फ पाण्डेय, उम्र–करीब 32 वर्ष, पिता–स्व0 महाबीर साव, सा0–सिमरबेड़ा, थाना–विष्णुगढ़, जिला–हजारीबाग धारा–366(ए) भा0द0वि0 एवं 04 पोक्सो एक्ट।

फरार मजकूर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
02/02/2025
मजकूर साकिन
ब–मौकाम(5)
अ–हुजूर(6)

6. इस अदलतव रूबरू मेरे।

ब–तारीख 02 माह 02 नालिश मजकूर 2025
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 02 माह 01 सन् 2025

Sd-Sri Alok Dubey,
P.D.J. Ramgarh (Jharkhand)

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदी फरार प्राथमिकी अभियुक्त संतोश साव उर्फ पाण्डेय, कही मिलते/देखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़/Court of Sri Alok Dubey, P.D.J. Ramgarh के न्यायालय में इसकी सूचना दे ताकि निम्नांकित फोन नंबर पर सम्पर्क कर इसकी जानकारी दे।

पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामगढ़:–9631076114
थाना प्रभारी माण्डू थाना रामगढ़:–9431706324

PR.NO.346154 Police(24-25):D

पुलिस अधीक्षक, रामगढ़।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 16 कमरा एवं उपस्कर सहित Builtup Area-5254.50 sft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षो के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 13.02.2025 से 20.02.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10000/–(दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 21.02.2025 को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नही जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक 24.02.2025 को 02.00 बजे अपराह्न डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

| भवन का नाम एवं विशिष्टियां | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि (तीन वर्षो के लिए) |
|---|---|---|
| कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित कुल कमरो की संख्या– 16 (Attach with Bathroom) हॉल की संख्या –01 किचन की संख्या –01 संख्या स्टोर रूम की संख्या –01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है। | 12 लाख | 3 लाख साठ हजार |

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खुली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 1200000 (बारह लाख रू0) प्रति वर्ष, तीन वर्ष के लिए–3600000 ( छत्तीस लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 360000/– ( तीन लाख साठ हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से जिला परिषद,चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाकबक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
5. सफल डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि का 50%जमानत राशि के रूप में एवं 50% राशि भवन संचालन के लिए छः माह का अग्रिम एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नही लेगे।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं WWW.chatra .nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद चतरा

PR.NO.346209 District(24-25):D

**कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी –सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सिमरिया (चतरा)।**

**–: निषेधाज्ञा आदेश :–**

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163**

उपायुक्त, चतरा के आदेश ज्ञापांक–254/स्था0, दिनांक–08.02.2025 के आलोक में झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा संचालित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2025 एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा–2025, दिनांक–11.02.2025 से 03.03.2025 तक प्रथम पाली में (पूर्वाह्न–9.45 से 1.00 बजे अपराह्न तक) तथा द्वितीय पाली में (अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक) संचालित होगी। इस संदर्भ में सिमरिया अनुमण्डल अन्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा के द्वारा की गई है। उक्त अवसर पर निर्देशित है कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समाप्ति तक केन्द्रों के 200 मीटर परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने की कार्रवाई की जायेगी।

तदनुसार उक्त परीक्षा में विधि–व्यवस्था बनाये रखने एवं परीक्षा को कदाचार मुक्त तथा शान्ति पूर्ण संपन्न कराने हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा आदेश लागू करना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः **मैं सन्नी राज(भा0प्र0से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा आदेश लागू करता हूँ।** परीक्षा केन्द्र जिस पर निषेधाज्ञा आदेश प्रभावी रहेगा, इनकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | वर्षिक माध्यमिक परीक्षा–2025, परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का नाम | थाना/प्रखण्ड क्षेत्र का नाम | इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान, वाणिज्य) परीक्षा–2025 परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का नाम | थाना/प्रखण्ड क्षेत्र का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गंगा स्मारक उच्च विद्यालय, गिद्धौर। | गिद्धौर | एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, सिमरिया। | सिमरिया। | |
| 2. | मध्य विद्यालय, गिद्धौर। | | सिमरिया इंटर कॉलेज, सिमरिया। | | |
| 3. | जनता उच्च विद्यालय, पत्थलगडा। | पत्थलगडा | किसान उच्च विद्यालय, डाढी। | | |
| 4. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नावाडीह, पत्थलगडा। | | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नावाडीह, पत्थलगडा। | पत्थलगडा। | |
| 5. | राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, सिमरिया। | सिमरिया। | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लमटा, लावालौंग। | लावालौंग। | |
| | | | एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, टण्डवा। | टण्डवा। | |
| | | | परियाजना बालिका उच्च विद्यालय, टण्डवा। | | |
| 6. | किसान उच्च विद्यालय, डाढी, सिमरिया। | | राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, टण्डवा। | | |
| 7. | सिमरिया इंटर कॉलेज, सिमरिया। | | | | |
| 8. | बुनियादी विद्यालय, सिमरिया। | | | | |
| 9. | मध्य विद्यालय, बगरा मोड, सिमरिया। | सिमरिया। | मध्य विद्यालय, गिद्धौर। | गिद्धौर। | |
| 10. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लावालौंग। | लावालौंग। | – | – | |
| 11. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लमटा, लावालौंग। | | | | |
| 12. | वनांचल इंटर कॉलेज, टण्डवा। | टण्डवा। | | | |
| 13. | राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, टण्डवा। | | | | |
| 14. | परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, टण्डवा। | | | | |
| 15. | राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, टण्डवा। | | | | |
| 16. | उच्च विद्यालय, बचरा। | | | | |

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा आदेश निम्न शर्तो के साथ लागू रहेगा :–

1. परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि के अन्दर कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से न तो मजमा लगायेंगें और न ही ऐसा करने के लिए किसी को उकसायेंगें।
2. कोई भी व्यक्ति घातक हथियार यथा लाठी, भाला, गड़ासा, तलवार एवं अन्य किसी भी तरह का आग्नेयास्त्र लेकर निषेधाज्ञा क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगा।
3. अद्योहस्ताक्षरी के वगैर अनुमति का ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर, किसी भी प्रकार का नारेबाजी, रैली, किसी भी प्रकार का सामुहिक कार्यक्रम आदि का प्रयोग निषेधाज्ञा क्षेत्र में नहीं किया जाएगा।
4. परीक्षा केन्द्र आदि के नजदीक किसी भी व्यक्ति के मटरगश्ती आदि करने पर पूर्णतः रोक रहेगी।
5. कोई भी व्यक्ति किसी परीक्षार्थी को कदाचार करने में न तो सहयोग करेगा और न ही चिट पूर्जा आदि पहुंचाने मे प्रयास करेगा। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
6. परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/परीक्षार्थी/पुलिस बल अथवा परीक्षा कार्य से जुड़े हुए कर्मियों/पदाधिकारियों को छोड़कर किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा।
7. निषेधाज्ञा आदेश के अधीन यह आदेश विशिष्ट व्यक्तियों या विशेष स्थान या क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों को अथवा आम जनता को जब वे उस राह से ही किसी विशेष स्थान या क्षेत्र में जाते रहते है या जायें निर्दिष्ट किया जा सकेगा।
8. इस धारा के अधीन निषेधाज्ञा किसी मृत व्यक्ति के दाह संस्कार अथवा धार्मिक कार्यक्रम शादी–विवाह के कार्यक्रम में शामिल व्यक्तियों के विरूद्ध शिथिल रहेगा।
9. यह निषेधाज्ञा अपने कर्त्तव्य पर तैनात पुलिस कर्मियों/दण्डाधिकारियों/परीक्षा कार्य से जुड़े हुए कर्मियों के विरूद्ध प्रभावी नहीं रहेगा।

आज दिनांक–08.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से यह निषेधाज्ञा आदेश निर्गत किया गया, जो दिनांक–11.02.2025 से दिनांक–03.03.2025 तक कह तिथि तक प्रभावी रहेगा।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
सिमरिया।

PR 346232 (District) 24-25 (D)

# बाल विवाह एक कलंक

पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है। दरअसल, यह शुरूआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यतः नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# प्रजनन दर बढ़ाए बिना कैसे हल हो आबादी का सवाल?



**हमें** गिरती जन्मदर की समस्या का हल तलाशना चाहिए मगर इसके लिए महिलाओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने हेतु प्रोत्साहित करने के बजाय अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। जब से राजनेताओं और बुद्धिजीवियों ने इस सत्य को समझा है कि जनांकिकी ही नियति है, तब से वे जनसंख्या को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में उन्होंने अवैध प्रवासियों का आगमन रोककर ऐसा करने का प्रयास किया क्योंकि प्रवासियों के कारण उनकी जनांकिकी बिगड़ रही है। भारत में हम केवल कुल प्रजनन दर (टीएफआर) बढ़ाकर ऐसा करने पर विचार कर रहे हैं। प्रति महिला 2.1 की कुल प्रजनन दर को आबादी के स्तर को स्थिर रखने के लिए उचित माना जाता है।

अक्टूबर में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों में घटती टीएफआर की बात कहते हुए संकेत दिया कि वे परिवारों को और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की ताजा रिपोर्ट तथा ऐसी ही अन्य रिपोर्ट के मुताबिक जहां तमिलनाडु की टीएफआर 1.8 और आंध्र प्रदेश की 1.7 है वहीं बिहार 3 की टीएफआर के साथ सबसे ऊपर है। उत्तर प्रदेश और झारखंड की टीएफआर क्रमशः 2.4 और 2.3 है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने यह मुद्दा उठाया और कहा कि महिलाओं को तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। हालांकि उन्होंने खुलकर यह नहीं कहा, लेकिन वह शायद मुस्लिमों की तुलना में हिंदुओं की कम होती प्रजनन दर की बात कर रहे थे।

दक्षिण के राज्यों की बात करें तो अगली जनगणना और परिसीमन के बाद उन्हें लोक सभा में कुछ सीटें गंवानी होंगी और वहां जन्मदर बढ़ाना प्राथमिकता नजर आ रहा है। यह कारगर नहीं होने वाला। महिलाएं केवल कुछ लाभ पाने या राजनीतिक वजहों से अधिक बच्चे नहीं पैदा करना चाहेंगी। जन्म दर में कमी आनी तब शुरू होती है जब आर्थिक हालात सुधरते हैं और महिलाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार मिलते हैं। जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति सुधरती है, बच्चों को पालने का खर्च भी बढ़ता है क्योंकि स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती हैं। ऐसे में केवल नकदी या मातृत्व अवकाश से बात नहीं बनेगी।

राजनेता और समाज विज्ञानी सोचते हैं कि उनके पास मानवीय व्यवहार को निर्देशित करने या प्रोत्साहित करने के उपाय हैं लेकिन माओ के चीन या पोल पॉट के कंबोडिया जैसे दमनकारी शासकों की तरह उनके पास ऐसी ताकत नहीं होती। बात यह नहीं है कि आप प्रोत्साहनों और दंडों की उचित प्रणाली लागू करके निजी व्यवहार को प्रभावित नहीं कर सकते, बल्कि यह है कि केवल इसी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करना अंततः विपरीत परिणाम देगा।

कुछ ऐसी वजहें जिनके चलते शायद टीएफआर को नियंत्रित करके जनसंख्या नियंत्रण कर पाना मुश्किल हो सकता है। इससे सामाजिक तनाव भी बढ़ सकता है। पहली बात अगर सरकार ज्यादा बच्चों को पैदा करने को प्रोत्साहन देती है तो संभव है कि यह बात गरीबों या अवैध प्रवासियों को प्रोत्साहन दे।

दूसरी बात, किसी प्रदेश में लोक सभा सीटें कम होने के डर से टीएफआर को प्रभावित करने का विचार संविधान की इस भावना के विपरीत है कि जनसंख्या बढ़ने पर कुछ समूहों या श्रेणियों के लिए सीटें बढ़ा दी जाएं। 2001 की जनगणना में बढ़ी आबादी को देखते हुए लोक सभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सीटें क्रमश 79 से बढ़ाकर 84 और 41 से बढ़ाकर 47 कर दी गईं। अगर यह स्वीकार्य है तो इसी तर्क पर उत्तर प्रदेश, बिहार या झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ने का विरोध करना बेतुका है। दक्षिण के राज्यों के हितों के बचाव के अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं। तीसरा, दक्षिण भारत के राज्य लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण करके राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप कदम उठाए हैं जबकि अब उनका लक्ष्य बदला हुआ नजर आता है। घटती प्रजनन दर की बात करें तो वे वास्तव में देश की जरूरत के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। देश का प्रजनन दर आधारित जनांकिकीय लाभ हिंदी क्षेत्र से आ रहा है न कि दक्षिण से। ऐसे में पुरस्कृत तो उत्तर भारत को होना चाहिए।

चौथा, जनांकिकीय में बदलाव की असली समस्या सामाजिक तनाव की है। अगर किसी देश या समाज में जनसंख्या की कमी को प्रवासियों से पूरा किया जाता है तो एक सांस्कृतिक टकराव उत्पन्न होता है जिससे निपटने की जरूरत है। केवल परिवारों के निर्णय के स्तर पर जनांकिकी के रुझानों से उलझना मूर्खता होगी। जहां तक बाद अधिक लोक सभा सीटों की है, दक्षिण भारत को हिंदी क्षेत्र से अधिक से अधिक रहवासियों को अपने यहां स्थायी रूप से बसने को आमंत्रित करना चाहिए और उन्हें तमिल या तेलुगू सीखने को कहना चाहिए ताकि प्रवासी स्थानीय संस्कृति के साथ अच्छी तरह घुलमिल जाएं।



**- आर जगन्नाथ**

> **महिलाएं केवल कुछ लाभ पाने या राजनीतिक वजहों से अधिक बच्चे नहीं पैदा करना चाहेंगी। जन्म दर में कमी आनी तब शुरू होती है जब आर्थिक हालात सुधरते हैं और महिलाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार मिलते हैं। जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति सुधरती है, बच्चों को पालने का खर्च भी बढ़ता है क्योंकि स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती हैं। ऐसे में केवल नकदी या मातृत्व अवकाश से बात नहीं बनेगी।**

प्रजनन दर को प्रोत्साहित करने के बजाय यह अधिक वास्तविक लक्ष्य है। हालांकि प्रदेशों को महिलाओं और बच्चों के अनुकूल बनाने में कोई समस्या नहीं है, यह भी अच्छी बात है। घटती टीएफआर वाले देशों और राज्यों को उन तकनीक और कारोबार में निवेश करना चाहिए जो बुजर्ग आबादी की देखभाल में काम आए। वे सरकारी और निजी नौकरियों में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने पर विचार कर सकते हैं। कामकाजी आयु में अधिक बचत को प्रोत्साहित किया जा सकता है। अब जबकि नए योगदान करने वाले लगातार कम हो रहे हैं तब पेंशन बहुत अधिक नहीं हो सकती। इसमें सरकारी कर्मचारियों और सशस्त्र बलों की पेंशन भी शामिल है। सरकार वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए स्वचालित तकनीकों को भी प्रोत्साहन दे सकती है क्योंकि उनकी देखभाल के लिए ज्यादा बच्चे नहीं हैं।

खासतौर पर प्रवासियों के आगमन के साथ ऐसा होने पर सामाजिक अस्थिरता और अनचाहे तनाव आते हैं। राज्यों के लिए बेहतर होगा कि वे प्रवासियों को लेकर नियम सख्त करें। उन्हें जोर देना चाहिए कि दूसरी संस्कृतियों से आने वाले लोग स्थानीय संस्कृति सीखें और अपनाएं। डेनमार्क में अगर आपको नागरिकता चाहिए तो आपको स्थानीय भाषा और संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी है। आपको डेनमार्क और वहां के समाज के साथ जुड़ाव जाहिर करना होगा। इसके साथ ही उन्हें डेनमार्क के लोकतांत्रिक मानकों सहित स्थानीय मूल्यों का पालन करना होगा।

भारत में जहां बहुसंख्यक समुदाय धार्मिक समूहों द्वारा हिंदुओं का धर्म परिवर्तित किए जाने को लेकर भयभीत रहता है वहां प्रवासियों को आने देने की एक शर्त यह होनी चाहिए कि वे धर्म परिवर्तन की गतिविधि में नहीं शामिल होंगे और हिंदू संस्कृति और मूल्यों का सम्मान करेंगे। नए प्रवासियों को अलग सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करके रहने की इजाजत नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे अलगाववादी मानसिकता तैयार होती है।

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दशार्ता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**- रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**-प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है - आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। जरा सोचिए - अभी, शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच ?1500 से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है। यह घोर अन्याय है -

**- राहुल गांधी, सांसद**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बिगाड़ा आम आदमी पार्टी का खेल

**सुरेश हिंदुस्तानी**

सामयिक

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। संघर्षों से मिली सफलता अपने साथ स्थायित्व और अनुभव दोनों लेकर आती है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि के बाद अपना असर खो देते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और पार्टी में दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी के लिए स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने का रास्ता तैयार हो गया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो इसका संकेत मिलता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर पाती। जहां तक पंजाब में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाने की बात है तो यह देखा गया कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ पार्टी को मिला।

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार उन्हें ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि ह्लमोदीजी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो हरा नहीं सकते ह्व ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बात यह कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। केजरीवाल की तरफ से भाजपा पर लगाए गए तमाम आरोपों को दिल्ली की जनता ने झूठ माना। केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भाजपा का दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा चुनाव में बार-बार भाजपा को दिल्ली की सभी सीटें प्राप्त होना, इसे प्रमाणित करता है। विधानसभा में भाजपा को भले कम सफलता मिली रही हो लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

दिल्ली चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार-बार वादे करना केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, जब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे। उधर, उनको जमानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

**-प्रियंका सौरभ**

संस्थान

**भारतीय** संस्थानों से निकले एसटीईएम स्नातकों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनमें आवश्यक कौशल का अभाव है। यह उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित ₹शिक्षण ट्रैक₹ शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।

भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियाँ एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं जिसमें पाठ्यक्रम आधुनिकीकरण, अनुसंधान वित्त पोषण, संकाय विकास और विविधता पहल शामिल हैं। सरकार और उद्योग के सहयोग में वृद्धि से समर्थित नीतिगत सुधार, अधिक गतिशील, उद्योग-संरेखित और समावेशी एसटीईएम पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा तक असमान पहुँच, पुराना पाठ्यक्रम और अपर्याप्त धन शामिल है। हालाँकि, इन चुनौतियों के बावजूद, देश में सम्मानित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है और सरकार ने शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा में निरंतर निवेश के साथ भारत में सीखने और ज्ञान का एक अग्रणी केंद्र बनने और अपने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### चलियाटांड जंगल में अज्ञात हमलावरों का आतंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** दिनांक 9 फरवरी 2025 की रात करीब 8:30 बजे बसबोनवा से तापिन बस्ती की ओर जा रहे तीन खाली ट्रैक्टरों पर चलियाटांड जंगल में अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। लगभग छह हमलावरों के इस गिरोह में से एक के पास देशी कट्टा था, जबकि अन्य लाठी-डंडों से लैस थे। हमलावरों ने ट्रैक्टरों को रुकवाकर ड्राइवरों के साथ मारपीट की और उनसे नकदी लूट ली। इसके बाद उन्होंने ट्रैक्टरों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

**क्षतिग्रस्त ट्रैक्टरों का विवरण:**

1. वाहन संख्या जेएच02बीई-3236 (मालिकः जितेंद्र साव) : इंजन जलकर खाक।
2. वाहन संख्या जेएच02बीई-4989 (मालिकः जगन्नाथ साव) : आगे का टायर जलाया गया।
3. वाहन संख्या जेएच02बीई-8621 (मालिकः अनिल कुमार रवि) : सीट और वायरिंग जलकर नष्ट।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई और 10 फरवरी 2025 को चरही थाना में कांड संख्या 15/25 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है, और ट्रैक्टर मालिकों व चालकों में भय व्याप्त है।

### पदोन्नति में अनियमितता को लेकर तापीन साउथ परियोजना में आरसीएमयू (इंटक) की वार्ता



बैठक में शामिल लोग

**चरही।** तापीन साउथ परियोजना में हाल ही में हुई पदोन्नति में अनियमितताओं को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त था। इस मुद्दे के समाधान हेतु दिनांक 10 फरवरी 2025 को आर.सी.एम.यू. (इंटक) के सीसीएल रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह की अध्यक्षता में परियोजना पदाधिकारी और कार्मिक पदाधिकारी के साथ एक अहम वार्ता आयोजित की गई। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने मांग की कि पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए और परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से दोबारा आयोजित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को समाप्त किया जा सके। कर्मचारियों का कहना था कि यदि इस मुद्दे का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो उनका आक्रोश और बढ़ सकता है। इस महत्वपूर्ण वार्ता में रमाकांत पाठक, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत पांडे, शंकर कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, धीरज किशोर, दामोदर पांडे, आनंद शंकर सिंह, त्रिवेणी महतो, मंतोष सिंह, शशि कुमार सिंह, संतोष सिंह, मोहम्मद इकबाल, मनोज त्रिवेदी, रवि रजवार, भारती, कृष्ण सिंह, गिरिजा प्रसाद, शिवजी टुडू, अजीम अंसारी, मनोज मंडल, कैलाश गंजू, पारस पाठक, गोपी ओझा एवं फिरोज अंसारी सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों की इस मांग को लेकर प्रबंधन ने उचित विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस विषय पर ठोस निर्णय लिया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की नाराजगी दूर हो सके।

#### बिगहा में शिव मंदिर में द्वितीय यज्ञ महोत्सव 23 फरवरी से

### शनिवार को हुआ ध्वजारोहण, बड़ी संख्या में जुटे लोग



**चौपारण, हजारीबाग।** बिगहा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 रुद्र पांच दिवसीय महायज्ञ सह द्वितीय यज्ञ महोत्सव 23 फरवरी से आरंभ होगा। यज्ञ महोत्सव को लेकर शनिवार को मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा तथा ध्वजारोहण किया गया। इसके पूर्व प्रथम निमंत्रण तथा आशीर्वाद ईटखोरी माँ भद्रकाली मंदिर में पूजन तथा निमंत्रण पत्र अर्पित कर विशेष पूजा की शुरूआत किया गया। बाद में गढकाली मंदिर, शिव मंदिर, गढवाल बाबा मंदिर, हनुमान मंदिर तथा महंत फलाहारी बाबा के पूजन के बाद चंद्रवंशी भवन परिसर में मौजूद मंदिर में सुधीर पांडे द्वारा पूजा आरंभ की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजेश रवानी तथा प्रदीप चंद्रवंशी ने बताया कि बीते साल की तरह इस बार भी यज्ञ का आयोजन होगा। शिवरात्रि पर विशेष पूजन किया जायेगा। इसमें हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। समस्त आयोजन अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला हजारीबाग चतरा, शाखा बिगहा के तत्वावधान में आयोजित होगा। महोत्सव की तैयारी के लिए ईटखोरी, मयुरहंड, बरही, चौपारण में सैकड़ों सदस्य मेहनत कर रहे हैं। शनिवार को पूजा में मुख्य पुजारी शशि शेखर सपत्नीक शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, यज्ञ समिति अध्यक्ष महेंद्र चंद्रवंशी, सचिव रामाधार चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, लखन चंद्रवंशी, रामजीवन चंद्रवंशी, राजेश रवानी, आनंद चंद्रवंशी, छोटु चंद्रवंशी, राजु चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, बाबुलाल चंद्रवंशी, ज्ञानी चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, दीपक प्रकाश सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हमारी एकता से ही हमारी मांग पूरी होगीः डॉ सुनील कश्यप

**रामगढ़।** झारोटेप ने अपनी मांगों को लेकर 10 फरवरी को एमएसीपी, शिशु शिक्षण भता, सेवा निवृत्ति का समय 62 साल करने , एनएसडीएल का पैसा वापस करने एवं अन्य मांगों के समर्थन में मांडू प्रखंड में प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में लगातार चौथे दिन हस्ताक्षर अभियान चलाया।

# पत्नी को जलाने के आरोपी पूर्व एसडीओ भेजे गये जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में फरार चल रहे हजारीबाग सदर के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को पुलिस ने 44 दिन बाद रविवार देर शाम रांची से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सोमवार को उन्हें हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। गिरफ्तारी से पहले अशोक कुमार ने मीडिया के सामने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी और खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी तक की कहानी कुछ और ही बयां कर रही थी–एक ऐसा अधिकारी जो खुद कानून का जानकार था, लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए 44 दिनों तक छिपता रहा।

**गिरफ्तारी ऐसे हुई–पुलिस ने**



गिरफ्तार भगोड़ा अफसर

**लोकेशन ट्रैक कर पकड़ा :** रांची के जगनाथपुर थाना क्षेत्र में अशोक कुमार एक पार्क में मास्क और टोपी लगाकर घूम रहे थे, जब पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पुलिस को उनकी लोकेशन तक पहुंचने के लिए उनके रिश्तेदारों–जीजा, भांजा और बड़े भाई–से लंबी पूछताछ करनी पड़ी। उनकी गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने उनके पिता दुर्योधन साव को हिरासत में लिया, जिसके बाद मोबाइल नंबरों की ट्रैकिंग से उनका ठिकाना पता चला। अशोक कुमार अपने एक मित्र के घर पर छिपे हुए थे।

**सरकारी आवास में जली थी पत्नी, भाई ने दर्ज कराया था केस :** 26 दिसंबर की सुबह अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी सरकारी आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई थीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद अनिता के भाई राजू कुमार गुप्ता ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि अशोक कुमार का दूसरी महिला से संबंध था और इसी वजह से पति-पत्नी में विवाद होता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अशोक ने पहले ही धमकी दी थी कि 'जहां जाना है, जाओ, कोई फर्क नहीं पड़ेगा।'

**भागता रहा, लेकिन आखिर में पकड़ाया :** एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही अशोक कुमार फरार था। कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका 31 जनवरी को खारिज कर दी थी, जिसके बाद से पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार कोशिश कर रही थी। लेकिन खुद एक प्रशासनिक अधिकारी होने के बावजूद, वह 44 दिनों तक एक अपराधी की तरह छिपता फिरा। अगर वह निर्दोष होता, तो कानून से भागने की बजाय सामने आकर अपनी सफाई देता। अब, अशोक कुमार जेल में है और कानूनी लड़ाई का सामना करेगा। उसका दावा है कि 'हर सिक्के के दो पहलू होते हैं,' लेकिन यह तय करना अब अदालत का काम है कि हकीकत क्या है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में विद्यार्थियों ने देखी परीक्षा पे चर्चा



पीएम मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को देखते विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को क्लास 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने देखा। इसका प्रसारण कक्षाओं में लगे बड़े-बड़े डिजिटल बोर्ड पर किया गया था। बच्चों ने कहा कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। जिसमें परीक्षा को लेकर तनावमुक्त रहना और लीडरशिप प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री ने गंभीर मुद्दों को बेहद सरलता से समझाया। हमें यह जानने का मौका मिला कि बेहतर लीडरशिप के लिए टीम वर्क सीखना जरूरी होता है। समय की पाबंदी और अपनी जिम्मेवारियों के प्रति संवेदनशील होना पड़ता है। पीएम ने अंदर की चुनौतियों से लड़ने की भी बात कही। कहा कि यदि पिछली बार 30 अंक आये थे, तो कोशिश करिए कि इस बार 35 अंक आये। ऐसा करके हमें अपने लक्ष्य सीमा को बढ़ाते रहना चाहिए। यह भी जाना कि सम्मान मांगने की चीज नहीं है, बल्कि सम्मान कमाने की चीज है। इसके लिए खुद को बदलना होगा। धैर्य बहुत आवश्यक होता है।

## छात्रों ने देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्परीक्षा पे चर्चाश कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छात्रों और शिक्षकों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करने हेतु किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वार्ता के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव को दूर करने, समय प्रबंधन और पढ़ाई के प्रभावी तरीकों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि परीक्षा को डर की बजाय एक अवसर के रूप में देखें और आत्मनिर्भरता के साथ तैयारी करें। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को न केवल परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव मिले, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा। छात्रों ने प्रधानमंत्री की बातचीत को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यह कार्यक्रम उनकी परीक्षा की तैयारी में मदद करेगा। विद्यालय में इस कार्यक्रम को देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य शम्मी राज, अमरदीप नाथ शाहदेव, रेखा पाठक, शशि कान्त आदि उपस्थित थे।

### जवाहर नगर में एमपीएल सीजन टू क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ज्वाहर नगर दुर्गा मंडप मैदान में मंडप प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, बिट्टू दूबे, उपेंद्र शर्मा, दीपक कुमार और अप्पू मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई की तरह खेलों में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 11 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में स्थिर, गश्ती दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

**माध्यमिक के लिए 53 एवं इंटर के लिए 40 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षाएं**

बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया।

### 1 अप्रैल को भुरकुंडा में भव्य मंगला शोभा यात्रा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर रेलवे स्टेशन के समीप श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को बजरंग दल की बैठक हुई। इसमें भुरकुंडा क्षेत्र के प्रबुद्ध जन भी उपस्थित हुए। बैठक में भुरकुंडा में बजरंग दल के द्वारा आपसी सहमति के साथ रामनवमी में निकलने वाले मंगला शोभा यात्रा की तिथि तय की गई। इसके तहत आगामी 1 अप्रैल मंगलवार को भव्य मंगला शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भुरकुंडा के सभी अखाड़ा, गांव की सभी समिति तथा रामनवमी समिति को सम्मिलित किया जाएगा। मंगला शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए भुरकुंडा के सभी सनातनी सहित भुरकुंडा के सभी मंदिर कमेटी के लोगों को भी सम्मिलित किया जाएगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

### अभियान के तहत जिले में 1082581 लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने शुभारंभ सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान आदि की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य सभी अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को लोगों को अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोग से जुड़ी विभिन्न



शुरूआत करते डीसी

भ्रांतियों को दूर करने का भी कार्य किया। वहीं लोगों को फाइलेरिया रोग एवं इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला भीबीडी पदाधिकारी रामगढ़ डॉ अजय चौधरी के द्वारा बताया गया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल ये दोनों दवाइयाँ बिलकुल सुरक्षित है, मात्र संक्रमित व्यक्तियों में ही मामूली प्रतिकुल प्रभाव जैसे कि बुखार, चक्कर, उल्टी, सरदर्द इत्यादि हो सकते हैं जो कि मुख्यता फाइलेरिया के परजीवी के मरने के वजह से दिखाई देते है तथा यह 24 से 48 घंटे के बीच बीना किसी उपचार के ठीक हो जाता है। रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी लक्षित 1082581 जनसमुदाय को फाईलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल) की एकल खुराक को खिलाई जानी है। दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अत्यंत बीमार व्यक्ति को इन दवाओं का सेवन नही करने की बात कही गई। उन्होने बताया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल दवाइयों के सेवन से फाइलेरिया जैसी बीमारी का बचाव एवं रोकथाम सम्भव है। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ० स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० तुलिका रानी, जिला आर०सी०एच० पदाधिकारी डॉ० एहतेशामुद्दीन, उपाधीक्षक डॉ ठाकुर मृत्युन्जय, डॉ नितेश कुमार चिकित्सक, डॉ पल्लवी कौशल, बिजय कुमार डीपीएम , रशमी आनंद डीडीएम , जिला भी०बी०डी० सलाहकार संजना कुमारी, रवि कांत रवि लिपिक, रितेश कुमार एवं राजन कुमार ठाकुर प्रोग्राम ऑफिसर पीरामल , विमल केशरी डीपीएमयू कोर्डिनेटर , मो० मिन्हाज अंसारी एमपीडब्लू कम पीरामल फाउंडेशन की टीम वं सदर अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### स्मार्ट सिटी ही नहीं, स्मार्ट विलेज भी जरूरीः प्रो. सुकल्याण मोइत्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रो. सुकल्याण मोइत्रा

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में संविधान गौरव अभियान के तहत लेक्चर सीरीज के चौथे दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सुकल्याण मोइत्रा ने संविधान और क्षेत्रीय विकास पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी के साथ-साथ स्मार्ट विलेज विकसित करने की वकालत की और कहा कि बौद्धिक चेतना ही संविधान की संकल्पना को साकार कर सकती है। प्रो. मोइत्रा ने अपने व्याख्यान में बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण क्षेत्रीय विकास असंतुलित हो गया है। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन उनका सही और समान रूप से क्रियान्वयन नहीं हुआ। अगर हर राज्य में शिक्षा और बुनियादी ढांचे का विकास समान रूप से किया जाता, तो आज क्षेत्रीय असमानता की यह समस्या नहीं होती। उन्होंने महात्मा गांधी की पुस्तक ह्यहिंद स्वराजह्ल का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्राम स्वराज की अवधारणा पर गंभीरता से काम नहीं हुआ, जिसका परिणाम यह हुआ कि शहरी विकास पर जोर दिया गया, लेकिन गांव पिछड़ते चले गए। कुछ राज्यों जैसे केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में विकास हुआ, जबकि बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ अभी भी पिछड़े हुए राज्यों की श्रेणी में हैं। प्रो. मोइत्रा ने कहा कि अगर भारत के सभी 7.5 लाख गांव विकसित हो जाएं, तो देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने राजीव गांधी सरकार के 73वें संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांवों के विकास की कोशिशें हुईं, लेकिन हाल के वर्षों में सिर्फ स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर ध्यान दिया गया, स्मार्ट विलेज की ओर नहीं। उन्होंने गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अभाव के कारण बढ़ते पलायन पर चिंता जताई और कहा कि बौद्धिक चेतना और राजनीतिक जागरूकता के जरिए ही इस असंतुलन को दूर किया जा सकता है। प्रो. मोइत्रा ने सुझाव दिया कि गांवों के विकास से ही भारत के समग्र विकास की नींव मजबूत होगी। उन्होंने स्मार्ट विलेज कॉन्सेप्ट को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई ताकि गांव भी शहरी सुविधाओं से लैस हों और वहां रहने वाले लोगों को बेहतर अवसर मिल सकें। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वसुंधरा कुमारी, सभी सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के मद्देनजर निषेधाज्ञा आदेश जारी



जानकारी देते हजारीबाग एसपी

परीक्षा केन्द्रों के आस-पास अभिभावकों/असमाजिक तत्वों एवं अन्य लोगों की भीड जमा होने से विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उपरोक्त स्थिति में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा कदाचार/शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के निमित सदर एवं बरही अनुमण्डल दण्डाधिकारी, द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दिनांक 10.02.2025 से दिनाक 04.03.2025 तक के लिए सदर एवं बरही अनुमण्डल अंतर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा आदेश जारी की गई है। उक्त निषेधाज्ञा आदेश के तहत परीक्षा केन्द्रों एवं 100 मीटर की परिधि में निम्नांकित बिन्दुओं पर प्रतिबंध रहेगा।

1. 100 मीटर की परिधि में परीक्षार्थियों तथा परीक्षा में प्रतिनियुक्त कर्मियों/पदाधिकारीयों /दण्डाधिकारियों को छोडकर किसी अन्य का प्रवेश सख्त वर्जित रहेगा।
2. परीक्षा केन्द्र 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के हरवे, हथियार एंव अग्नेयास्त्र का प्रदर्शन, परिवहन एवं परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा। (प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मियों को छोडकर)
3. सभी परीक्षार्थियों का अपने साथ प्रवेश पत्र तथा परीक्षा में उपयोग आने वाले कलम, इन्सट्रूमेंट के अलावे अन्य किसी प्रकार का कोई बैग, मोबाईल / टेबलेट / इलेक्ट्रोनिक घडी / इलेक्ट्रोनिक पेन / इलेक्ट्रोनिक उपकरण या अन्य सामान परीक्षा भवन के अन्दर ले जाना वर्जित रहेगा।
4. सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक सभी परीक्षार्थियों की विधिवत जांचोपरान्त ही परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति देंगें।
5. परीक्षा केन्द्र के आस-पास (परीक्षा अवधि में किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सख्त वर्जित रहेगा।
6. परीक्षा केन्द्र के आस-पास 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का एक साथ रहना एवं भ्रमण करना वर्जित रहेगा।
7. यह निषेधाज्ञा पुलिस बल / कर्मचारी/पदाधिकारी/शादी विवाह/शवयात्रा / सामाजिक संस्कार आदि पर लागु नहीं रहेगा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** वार्षिक माध्यमिक/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक (प्रथम पाली 9:45 बजे पूर्वाहन से 1:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक) संचालित है। इस संबंध में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी ने निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है।

परीक्षा केन्द्रों के सभी संबंधित केन्द्रधीक्षक/प्रतिनियुक्त कर्मियों/ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी/थाना प्रभारी उचित माध्यम द्वारा निषेधाज्ञा आदेश का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश दिनांक 10.02.2025 के प्राप्तः 7:00 बजे से उपर्युक्त सभी परीक्षा केन्द्रों एवं उसके आस-पास 100 मीटर की परिधि में प्रभावी रहेगा। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचल अधिकार सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित केन्द्राधीक्षकों को एतत संबंधी आदेश निर्गत किया जाता है। परीक्षा को लेकर हजारीबाग एसपी अरविन्द कुमार सिंह ने लोगो से कहा कि वे सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह न फैलाये । पेपर लीक को लेकर सीजीएल एग्जाम के समय भी अफवाह फैलने से सवाल उठे थे । जबकि सच इसके विपरीत थी। परीक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम है। परीक्षार्थियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

### पूरे विश्व में भारत आस्था का केंद्र बना हुआ है : रोशन लाल चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा से श्रद्धालुओं क जत्था सोमवार को महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। इन सभी को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस दौरान सयाल मोड़ से दर्जनों ग्रामीण प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने श्रद्धालुओं के जत्थे को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप श्रद्धा भाव से अपना पूजन कार्य करें।

# आज से कोडरमा जिले में शुरू होगी मैट्रिक इंटर की परीक्षा

- उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा-कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा को संपन्न करवाना सुनिश्चित करें



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 11 फरवरी से शुरू हो रहे वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट (तीनों संकाय) परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने को लेकर सोमवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दियो। उन्होंने कहा कि जिले में मंगलवार से शुरू हो रहे मैट्रिक, इंटर की परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किया गया। सभी केंद्रों में पर्याप्त बल के साथ दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों के अलावे गश्ती दल को प्रतिनियुक्त किया गया है, ऐसे में सभी परीक्षार्थी, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों की पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। वहीं उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरे की सुविधा से लैश हैं, परीक्षा के दौरान किसी स्तर से गड़बड़ी अथवा लापरवाही बरतने पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए डीवीसी डैम तिलैया ले जाया गया। वहीं बच्चों ने जानकारी इकट्ठा करने के साथ खूब मस्ती तथा लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। वहीं बच्चों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद के साथ मछली पालन को देखा। भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल-कूद करने के साथ डीजे की धुन पर खूब डांस किया। वहीं शिक्षक मो.इकबाल ने डीवीसी बांध के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि दामोदर घाटी निगम भारत का बहुद्देश्यीय नदी घाटी परियोजना है। यह बांध, बाढ़ रोकने के साथ-साथ बिजली उत्पादन का भी काम करता है। वहीं उन्होंने बताया कि यह बांध भारत का पहला बांध है, जो आजादी के बाद बना था। यह बांध, बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया था। इस बांध पर हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर स्टेशन है जो 4 मेगावाट बिजली पैदा करता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शिक्षक कुशल ने रंग-बिरंगे फूल, पौधे व सब्जियों के बगीचे के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया। सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर खेलकूद, डांस, बैडमिंटन और अंताक्षरी का आनंद लिया। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने बच्चों की तारीफ करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का मानसिक विकास होता है।

## पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ भंडारे के साथ सम्पन्न



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी पंचायत स्थित भोजपुर में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सोमवार को हवन पूजन व भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डुमरी विधायक जयराम महतो, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, यज्ञ के आयोजनकर्ता नारायण जानकी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद भोजपुरी के ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध सिंगर सुनील छैला बिहारी के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत लगभग रात 10 बजे हुई और हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने अहले सुबह तक इस कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव भगवान पर भोजपुरी भजन प्रस्तुत कर की गयी। इसके बाद रात भर सुनील छैला बिहारी की टीम ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजन प्रस्तुत कर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अगल-बगल के दर्जनों टोलों-मोहल्ला व गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर मरकच्चो प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित कोटवार मोहल्ला में 30 जनवरी से चल रहे हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का भी समापन 9 फरवरी को भव्य भंडारे के साथ किया गया एवं रात्रि में जागरण का कार्यक्रम किया गया।

## ग्रिजली कॉलेज में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का दूसरा दिन



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के द्वितीय दिन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत, रिसोर्स पर्सन डॉ. दीपक कुमार एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। वहीं रिसोर्स पर्सन डॉ.दीपक कुमार, प्राचार्य, कैम्ब्रिज शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, झुमरीतिलैया द्वारा भारतीय शिक्षा प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में गहन विचार रखते हुए प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर विशेष गति दी, साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवाचारों एवं महत्वों से अवगत कराया। वहीं डॉ.दीपक कुमार को प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.मनीष कुमार पासवान ने पौधा, सहायक प्राध्यापक डॉ.पूजा कुमारी, खुशबू सिन्हा एवं अनिल दास द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका सहित संजीत कुमार द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं सदस्य उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। मौके पर पारुल कुमारी, सीताराम यादव, डॉ. मनीष कुमार पासवान समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।


# बम धमाके के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने किया मुख्य सड़क जाम

- विस्फोट किये जाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद
- एसडीओ के आश्वासन पर हटाया गया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत स्थित बाजार रोड में रविवार की रात हुए कथित बम धमाके को लेकर सोमवार की सुबह आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने डोमचांच टैक्सी स्टैंड के समीप कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। बताते चलें कि रविवार देर शाम गाय कचरा खा रही थी, इस दौरान वह एक बम भी चबा गयी। जैसे ही उसने बम को चबाया उसके मुंह में ही जोरदार विस्फोट हो गया और गाय का जबड़ा उड़ गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। वहीं आक्रोशित लोगों ने तुरंत बाजार बंद करा दिया। सड़क जाम कर विरोध-प्रदर्शन करने लगे। जाम करीब साढ़े तीन घंटे तक रहा, जाम में दोनों ओर से छोटे-बड़े सैकड़ों वाहन जाम में फंसने से लंबी कतार लग गई। वहीं अपराधियों को चिन्हित कर व उसकी गिरफ्तारी करने को लेकर लोग अड़े रहे। जाम की जानकारी मिलने पर कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, सीओ रविन्द्र पांडेय, थाना प्रभारी प्रेम कुमार अपने दल-बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। घटनास्थल से पुलिस जांच में मौके से दो जिंदा बम बरामद किया है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े थे कि मुख्य आरोपी रोहित कुमार उर्फ बलवा व उसके अन्य साथियों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे एवं बाजार रोड के स्थानीय लोगों को बनाये गये अभियुक्तों का नाम हटाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने जख्मी मवेशी को एंबुलेंस के सहारे गौशाला भेजकर इलाज कराने को भेज दिया। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने कहा कि मामला पुराना रंजिश का लग रहा है और एक नाम रोहित मेहता सामने आ रहा है, जिसका पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। रोहित मेहता के साथियों द्वारा इस घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है। जिसकी जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में संलिप्त लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाई करेगी। इधर इस विस्फोट की पूरी घटना सीसीटीवी पर कैद हो गई है, जिसमें एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक डोमचांच बाजार रोड जाते दिख रहा है। जाते समय कृष्णा बरतन दुकान के समीप एक युवक पर बम फेंकते देखा जा रहा है। विस्फोटक पदार्थ फेंककर युवक तेजी से बाजार की तरफ जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

बम के धमाके से एक गाय का उड़ा जबड़ा



### उपायुक्त ने की फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत, कहा

# शत-प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएं

- अभियान के दौरान 7,37,667 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है : डॉ. मनोज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत सोमवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज और डीडीसी ऋतुराज ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोडरमा जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है, ऐसे में इस अभियान को चुनौती के रूप में लें और निर्धारित आयु वाले सभी वर्गों के लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन करवाना सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान घर घर जाकर लोगों को दवा का सेवन करवाएं, एक भी व्यक्ति दवा से वंचित नहीं रहे। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अभियान के दौरान दवा का सेवन स्वयं करें और अपने परिजनों को भी दवा खिलाएं ताकि लोग फाईलेरिया नामक से मुक्त रह सकें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि फाईलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें, अभियान की जानकारी देते हुए सीएस डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, अभियान के पहले दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बनाये गए बूथों पर दवा का सेवन कराया जाएगा, उसके बाद घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलायी जाएगी।

वहीं डीएमओ डॉ.मनोज कुमार ने कहा की अभियान के दौरान 7,37,667 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है, इसके लिए 669 गांवों में 759 बूथ बनाये गए हैं, अभियान की मॉनिटरिंग के लिए प्रखण्ड और जिला स्तर पर मोनेटरिंग टीम बनाया गया है।

मौके पर डीएलओ डॉ. रमण कुमार, डीआईओ सुभाष यादव, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## हटिया-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन में खराबी साढ़े तीन घंटे रुकी रही रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा-हटिया-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी के कारण कुरहागढ़ा स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस काफी देर तक खड़ी रही। घटना के कारण हजारीबाग टाउन और कोडरमा के बीच करीब साढ़े तीन घंटे तक परिचालन बाधित रहा। बताया जाता है कि हटिया से आसनसोल जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस का इंजन तथा उसके पीछे के कोच का बफर एक-दूसरे पर चढ़ गया। घटना रविवार की शाम 6:20 बजे पदमा स्टेशन पर हुई। घटना के बाद रेलकर्मियों ने सुरक्षा कारणों से इंटरसिटी का परिचालन रोक दिया। इस वजह से रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को कुरहागढ़ा स्टेशन पर रोक दिया गया।

**रात करीब 10 बजे सामान्य किया जा सका परिचालन :** घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा से कैरेज विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे। वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन प्रभावित होने से धनबाद कंट्रोल रूम तथा अधिकारियों के बीच खलबली मच गयी। विभागीय आदेश पर बरकाकाना से दुर्घटना राहत यान को घटनास्थल पर भेजा गया। वहीं यान के कर्मचारी इंटरसिटी में खराबी को दूर किया। रात करीब 10 बजे परिचालन सामान्य किया जा सका।

## लाइन ऑर्डर मामले में थाना प्रभारी असक्षम : रामधन यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** क्राइम कंट्रोल करने में डोमचांच पुलिस लापरवाह है। पुलिस की लापरवाही की वजह से जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। लाइन ऑर्डर व्यवस्थित रखने के मामले में थाना प्रभारी असक्षम साबित हो रहे हैं। डोमचांच थाना प्रभारी से इलाका संभल नहीं रहा है, जिसकी वजह से छोटे-छोटे विवाद भी विकराल रूप धारण कर रहे हैं। अपराधियों और असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि डोमचांच में किसी भी कीमत पर शांति व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति हो, उसे बख्सा नहीं जाना चाहिए, उसकी जगह जेल है। श्री यादव ने कहा कि थाना प्रभारी ने सरस्वती पूजा के दौरान छोटे-छोटे विवादों को सुलझाने में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली, जिसके कारण कई घटनाओं में मामूली विवाद हिंसक और सुनियोजित अपराध का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि डोमचांच बाजार में देशी बमबारी की घटना शर्मनाक घटना है और इस घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। पत्थर-क्रशर व्यवसाय इलाके में क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस की सक्रिय भूमिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डोमचांच थाना प्रभारी को अविलंब हटाने की जरूरत है। जनता में थाना प्रभारी के ढुलमुल रवैया को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि डोमचांच इलाके में क्राइम कंट्रोल और बेहतर पुलिसिंग के लिए जुझारू और जनता के हित में अपराधियों पर लगाम लगाने वाला थाना प्रभारी को पदस्थापित किया जाए, ताकि जनता में पुलिस को लेकर विश्वास कायम हो सके।

## एमडीए कार्यक्रम का उद्घाटन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय भेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र धुबाडीह में फाइलेरिया बिलोपन कार्यक्रम एमडीए के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा ने फीता काटकर व खुद दवा खाकर किया। मौके पर बीपीएम धर्मेंद्र राम, विवेकानंद शर्मा, प्रेम कुमार प्रिंस, प्रदीप कुमार, शोभा कुमारी समेत सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका आदि मौजूद थे।

## सरकारी उत्पादों एवं सेवाओं की खरीदारी पर कार्यशाला आयोजित



**कोडरमा।** सरकारी उत्पादों एवं सेवाओं की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से करने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जैम पोर्टल के प्रतिनिधि के द्वारा उत्पादों के क्रय करने से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, डीसीओ रूमा झा, डीआईओ सुभाष यादव, ईडीएम राजदेव महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### एसडीओ ने की परीक्षा केंद्रों की जांच, विद्यालय में गंदगी देख एचएम को लगायी फटकार




**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के बुनियादी विद्यालय में माध्यमिक और इंटर की परीक्षा केंद्र बनाने को लेकर आईएएस अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बिखरे गंदगी पर जम कर विद्यालय मुख्य शिक्षक सिद्धेश्वर सिंह पर बिफरे।कहा कि विद्यालय जहां शिक्षा की मंदिर है वहीं मंदिर में इतनी गंदगी क्यों। यही विद्यालय से आपको रोजी रोटी चलती है और इसी विद्यालय को गंदगी और विद्यालय जीर्ण तीर्न हालत में रखा गया है। ना मरम्मती किया गया है ना अन्य सुविधाओं से सुसज्जित रखा गया है। आगे एक एक कर सभी परीक्षा रूमों की जांच किया और कई निर्देश भी दिया । आगे कहा कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी तरह लिखने और परीक्षा देने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए वर्ना कारवाई किया जाएगा। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, मो नेहाल वारसी, अजय कुमार के अलावे अन्य लोग शामिल है।

### माध्यमिक और इंटर की परीक्षा आज से, तैयारी पूर्ण

**सिमरिया।** माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। जिसे लेकर प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड क्षेत्र के कुल 1792 छात्र परीक्षा में भाग लेंगे जबकि इंटरमीडिएट के लिए 1210 छात्र भाग लेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने को लेकर प्रखंड क्षेत्र में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सिमरिया, किसान उच्च विद्यालय डाडी, बुनियादी विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगरा मोड, माध्यमिक परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं। जबकि इंटरमीडिएट के लिए राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सिमरिया किसान उच्च विद्यालय डाडी और सिमरिया इंटर कॉलेज सिमरिया को केंद्र बनाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 लगाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात देखेंगे। मालूम हो कि परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

### सिमरिया में जेसीबी से कराये जा रहे डोभा की खुदाई से बिजली के पोल गिरने के कगार पर



**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र के चलकी गांव में जेसीबी से डोभा खोदवाने का काम किया जा रहा है, जिससे बिजली के दो पोल गिरने के कगार पर हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पोल गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है और बड़ा नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, जिस डोभे की खुदाई की जा रही है, वह पहले ही कट चुका था और उसके लिए राशि भी निकाली जा चुकी थी। अब फिर से विधायक मद से मरम्मत के नाम पर जेसीबी से खुदाई कराई जा रही है। डोभा के बीच में पहले से दो बिजली के पोल गड़े हुए हैं, लेकिन खुदाई के कारण उनके चारों तरफ की मिट्टी हट गई है। इससे पोल कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होगी और बिजली विभाग को बड़ा नुकसान हो सकता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिस भी मद से कार्य हो रहा हो, लेकिन इससे बिजली विभाग को नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने और बिजली पोल को बचाने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

### गिद्धौर कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन शुरू



**गिद्धौर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 से 9 तक के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताया कि 6 फरवरी से आवेदन फॉर्म निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक अभिभावक विद्यालय समय में आकर 15 फरवरी तक फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक छात्राओं को नामांकन कराने की अपील की है, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई



**गिद्धौर।** मां बागेश्वरी गायत्री धाम ट्रस्ट, बाय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस यात्रा में 251 श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने बलबल नदी से पवित्र जल भरकर ट्रस्ट तक कलश यात्रा निकाली। इसके बाद विधिवत यज्ञ अनुष्ठान की शुरूआत हुई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए। मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच पूरे क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक हो गया। ट्रस्ट के संचालक तुलेश्वर साहू ने बताया कि यह महायज्ञ धर्म, शांति और सद्भावना के प्रसार के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन, आज मंगलवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास इस धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। स्थानीय भक्तों और श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है, और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है।

### चतरा जिला अनुकंपा एवं स्थापना समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति एवं स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति और कर्मियों के सेवा संबंधी मामलों पर निर्णय लिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े 12 अनुकंपा मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। तीन आवेदकों को लिपिक पद पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई। बैठक में 81 कर्मियों को सेवा संपुष्टि का लाभ देने का निर्णय लिया गया। 106 कर्मियों को एसीपी व एमएसीपी का लाभ देने की निर्णय लिया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 13 फरवरी को पुरे देश में मनाया जायगा शबे बारात : फरीदुल कादरी अमजदी



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत शाहगंज मस्जिद के ईमाम मौलाना फरीदुल कादरी अमजदी ने कहा कि शबे बारात 13 फरवरी को पुरे देश भर में मनाया जायगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में शबे बारात की रात की बहुत ही अहमियत है। इस्लामिक कलैंडर के हिसाब से आठवां महीना शाबान की 15वीं तारीख की रात में शबे बरात मनाई जाती है, जो पुरे देश भर में गुरुवार को मनाई जा रही है। शबे बारात रहमत, मगफिरत, इबादत और बड़ी फजीलत की रात मानी जाती है। इस लिए तमाम मुसलमान पुरी रात जाग कर नमाज पढते हैं, कुरान की तिलावत करते हैं। अपने अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और शबे बारात की रात मुसलमान अपने पुरखों की कब्र पर भी जाकर फातिहा पढते हैं और अपने पुरखों के लिए मगफिरत की दुआ भी मांगते हैं।

### मुकेश सोनी गोलीकांड का खुलासा, पुरानी रंजिश में पेशेवर अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम

# आधा दर्जन मामलों में फरार अपराधी प्रिंस यादव गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त हथियार व मोटरसाइकिल बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के बाजार टांड़ इलाके में 14 जनवरी को हुए मुकेश सोनी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल, काले रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। हालांकि, इस वारदात में शामिल दो अन्य अपराधी अब भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास पांडेय ने बताया कि 14 जनवरी की शाम मुकेश सोनी के घर के पास मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसमें मुकेश सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया था। मुकेश सोनी की मां के लिखित आवेदन पर सदर थाना में चार नामजद और दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम बनाई गई, जिसने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के दीभा मोहल्ला से मुख्य आरोपी प्रिंस यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल भी बरामद की। जांच में यह भी सामने आया कि गोलीकांड का शिकार हुआ मुकेश सोनी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। हाल ही में वह सदर थाना के एक मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था। जेल से छूटने के बाद उसने आरोपी प्रिंस यादव और उसके गिरोह के सदस्यों पर फायरिंग की थी। इसी रंजिश और इलाके में वर्चस्व की लड़ाई के कारण प्रिंस यादव और उसके साथियों ने मुकेश सोनी पर हमला किया। एसपी विकास पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार के खिलाफ सदर थाना में पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में फरार अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। इस अभियान में सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, एसआई राहुल सिंह, एसआई मनीष कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का पटाक्षेप कर लिया जाएगा।

## वार्षिक परीक्षा को लेकर डीसी व एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

- चतरा जिले में कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सख्त निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने संयुक्त ब्रीफिंग की। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और परीक्षा संचालन से जुड़े कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा का स्वच्छ और निष्पक्ष संचालन सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि औचक निरीक्षण के दौरान यदि कोई परीक्षार्थी कदाचार करते पकड़ा जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, पर्याप्त रोशनी, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डीसी ने परीक्षा कार्य में तैनात अधिकारियों, केंद्राधीक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और फ्लाइंग स्क्वायड टीम को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने सभी प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय से पहले संबंधित दंडाधिकारियों से समन्वय स्थापित करें ताकि परीक्षा के दौरान कोई समस्या न हो। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, सन्नी राज, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ समेत पुलिस और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

## शहर में बढ़ती चोरी की घटना को लेकर चेंबर सदस्य थाना प्रभारी से मिले



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में गुमला सदर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान गुमला शहर में लगातार चोरी की घटनाओं पर चर्चा की की गई। जिसमें मुख्य रूप से मेन रोड में चार-पांच घटनाएं हो चुकी है। कल गुमला मेन रोड में अमर मेडिकल में शटर तोड़कर चोरी घटना को अंजाम दिया गया था। इसी संबंध में थाना प्रभारी से विस्तृत चर्चा हुई। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं और चोर पकड़ में नहीं आ रहे हैं। थाना प्रभारी ने विषय को गंभीरता से लेते हुए विभाग की कार्यशैली से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रात में कई टीम गशती कर रही है। मैं स्वंय रात को 1:00 बजे भी चक्कर लगा कर आया हूं लेकिन फिर भी कहां पर चुक हो रही है कि चोर पकड़ में नहीं आ रहे हैं। बड़ी हैरत की बात है फिर भी उन्होंने आश्वस्त किया कि हम लोगों के पास और भी रणनीति है हम बहुत जल्द चोर को पकड़ लेंगे। मौके पर सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सहसचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआर ओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मो इम्तियाज, पूर्व अध्यक्ष अमित महेश्वरी, दिनेश अग्रवाल और मुन्नीलाल साहू आदि उपस्थित थे।

## बढ़ती चोरियों को लेकर दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरा की लगाने की अपील

गुमला। शहर में बढ़ते चोरी की घटनाओं को देखते हुए गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्श के सचिव बबलू वर्मा ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। यह कदम सुरक्षा को बढ़ावा देने और अपराधियों की पहचान करने में मदद करेगा। दुकानदारों से यह भी निवेदन किया गया कि यदि उनकी दुकानों पर पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, तो उनकी स्थिति का मूल्यांकन कर उन्हें ठीक करें। ताकि इनका सही तरीके उपयोग किया जा सके। कैमरा का सही तरीके से कार्य करना, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई में सहायक होगा। हम सभी से अपील करते हैं कि हम मिलकर एक सुरक्षित और संरक्षित शहर की ओर कदम बढ़ाएं।

## भारत विकास परिषद दक्षिणी प्रमंडल गुमला शाखा की बैठक संपन्न

गुमला। भारत विकास परिषद दक्षिणी प्रमंडल गुमला शाखा के सदस्यों की बैठक सह संरक्षक निर्मल प्रसाद गोयल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें परिषद के द्वारा विवेकानंद की जयंती पर किये गये कंबल वितरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। उसकी सफलता को देखते हुए। आगामी कार्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। जिससे लोगों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु जागरूकता लाई जाए। शिविर का स्थान गुमला प्रखंड के फसिया पंचायत में करने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ बालकेश्वर सिंह को मीडिया प्रभारी एवं सह संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। दिल्ली में भाजपा के द्वारा 27 वर्षों के बाद पुनः जनता के द्वारा भारी विश्वास मत लेकर सरकार बनाने के लिए दिया गया जनादेश के लिए दिल्ली की जनता एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई दी गई। बैठक में भारत विकास परिषद के संरक्षक विनय लाल, सह संरक्षक निर्मल गोयल, अध्यक्ष हरि किशोर शाही, सचिव राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशि रंजन अखौरी उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को दिखाया गया लाइव



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा विषय पर दिए गए विचारों को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा एवं सुना। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि पीएम मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान स्कूली बच्चों को नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। गंभीर मुद्दों को बड़ी सरलता और सहजता से समझाने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने परीक्षा तनाव प्रबंधन, पढ़ाई के साथ रचनात्मकता और जीवन में संतुलन पर जोर दिया। सुपरवाइजी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने आज के कार्यक्रम पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के साथ छात्रों की बातचीत वास्तव में प्रेरणादायक थी। जिसमें उन्होंने छात्रों को तनाव मुक्त रहने और अपने समय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया कि वे अंक प्राप्त करने से पहले न भागें, बल्कि समझ विकसित करें और सीखने की अवधारणाओं पर जोर दें जो उन्हें भविष्य में एक सफल इंसान के रूप में विकसित होने में मदद करेगी। इस कार्यक्रम को कक्षा षष्ठ से द्वादश के लगभग 900 विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने देखा एवं नई बातों को सीख कर काफी प्रसन्न नजर आए।

## सिलम में शिविर लगाकर अल्बेंडाजोल एवं डीइसी का टैबलेट खिलाया गया



रायडीह। रायडीह प्रखण्ड के सिलम आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाकर दो वर्ष से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचने हेतु अल्बेंडाजोल एवं डीइसी का टैबलेट खिलाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समिति सिलम के अध्यक्ष खुशमन नायक ने अपने हाथों से टैबलेट खिलाकर शिविर का उदघाट्न किया। इस अवसर पर खुशमन ने कहा फाइलेरिया बिमारी से मच्छड़ के काटने से होता है। फाइलेरिया से बचाव हेतु आज सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करते हुए अल्बेंडाजोल एवं डीइसी का टैबलेट खिलाया जा रहा है। छूटे हुए लोगों को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा 11 से 25 फरवरी तक घर घर जाकर टैबलेट खिलाया जायेगा। खुशमन नायक ने गुमला जिला सहित देश वासियों से अपील की है कि दो वर्ष से ऊपर के सभी लोग अल्बेंडाजोल एवं डीइसी का टैबलेट खाएं और हाथी पांव जैसे दिखने वाले फाइलेरिया बीमारी से बचें। मौके पर उप मुखिया देवमुनी देवी, एएनएम ज्योति कुजूर, सेविका अनिमा देवी, सहायिका ललिता देवी, सहिया संगीता देवी, गंगेश्वरी देवी, संपति देवी, अनिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा उपायुक्त ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ, कहा

# संक्रमण की कड़ी को तोड़ना हीं फाइलेरिया का ईलाज

**खबर मंत्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ सदर अस्पताल परिसर लोहरदगा में किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने एमडीए की दवा के रूप में डीईसी और एल्बेंडाजोल की खुराक ली और सभी से जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम 11 से 25 फरवरी तक डोर-टू-डोर संचालित होगा। 10 फरवरी को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर यह दवा खिलायी गयी।

**बीमारी के बाद इसका इलाज संभव नहीं ह : उपायुक्त**

इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए एकमात्र उपाय बीमारी से पूर्व ही दवा लेना है जो सौ प्रतिशत कारगर है। फाइलेरिया से बचने के जरूरी है कि इसकी कड़ी को तोड़ा जाए। एमडीए की दवा के तहत किसी भी व्यक्ति को वर्ष में एक बार निर्धारित मात्रा में खुराक लेनी है जिससे फाइलेरिया के प्रभाव में आने का खतरा समाप्त हो जाता है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और कोई भी व्यक्ति मच्छर के काटे जाने के खतरे से अछूता नहीं है। जब एक मच्छर व्यक्ति को काटता है तो उससे व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। बीमारी के बाद इसका इलाज संभव नहीं है।

**एमडीए की दवा से कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं : डीडीसी**

डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि एमडीए की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। चूंकि यह कीटाणु से होता है इसके लिए कीटाणु के प्रभाव को समाप्त करने के लिए वर्ष में एक बार दवा लेना जरूरी है। सरकार इसके लिए प्रत्येक वर्ष दवा सेवन का एक अभियान चलाती है जिसमें सभी को यह दवा जरूर खाना चाहिए। इसका कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। डीडीसी ने कहा कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम इस अभियान को घर-घर जाकर चलाये तो लाभुकों को यह दवा मौके पर ही खिलायी जाए। कोई भी टीम दवा देकर नहीं लौटे बल्कि अपने सामने ही खिलाए।

## विद्यार्थियों को दी गयी कानूनी जानकारी



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट वंशीधर कन्या उच्च विद्यालय में एलडीसी एस इंद्राणी कुजूर एवं पीएलवी सीमा कुमारी विधिक जागरूकता सह लीगल लिटरेसी क्लास के तहत पोक्सो एक्ट और डालसा से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड मैरिज एक्ट 2012, सड़क दुर्घटना, मुआवजा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15 100 महिला से संबंधित कानून के बारे में भी सम्पूर्ण जानकारी दी।

# सिसई प्रखंड में एक लाख 42 हजार लोगों को खिलाया जायेगा फाइलेरिया की दवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** रेफरल अस्पताल सिसई के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज की अगुवाई में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड मुख्यालय के साथ साथ क्षेत्र के 174 बूथों पर शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सिसई प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड प्रमुख मीणा देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, समाज सेवी रोहित शर्मा एवं एमपीडब्लू सुनील कुमार, निर्मल जुनूस कुजूर, रोशन लकड़ा, सुपरवाइजर सीताराम मुंडा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष दस फरवरी को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है।

11 से लेकर 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत कुल एक लाख 42 हजार लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एमपीडब्लू सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से होता है। इसका मुख्य लक्षण है लोगों के पैरों में सूजन से पांव फूलकर हाथीपांव हो जाना और हाइड्रोसील का बढ़ जाना। लेकिन इसका समय पर जानकारी हो जाने पर बचाव किया जा सकता है। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया और फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए।

# फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन जरूरी : डीसी गुमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जिले में फाइलेरिया मुक्त अभियान की शुरूआत**



कार्यक्रम में शामिल उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व अन्य।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं सिविल सर्जन गुमला ने सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफल शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एल्बेंडाजोल और डीईसी की गोली खाकर की। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को समाप्त करने के लिए इस दवा का सेवन आवश्यक है। जब तक सभी लोग इस दवा का सेवन नहीं करेंगे, तब तक समाज से फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि दिनांक 10 फरवरी को जिले के सभी 1673 बूथ पर दवा खिलाई जाएगी। जिसे आंगनबाड़ी केंद्र बूथ के रूप में चिन्हित किए गए हैं और 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर सहिया और आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन में दी जाने वाली डीईसी एवं एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। कुल लक्षित लाभार्थी 1014672 लोगों को दवा खिलाना है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पिरामल फाउंडेशन जिला प्रशासन के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। फाइलेरिया, जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। मच्छर के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है। यह दुनिया में दिव्यांगता पैदा करने वाली दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जो न केवल हाथ-पैरों को बल्कि शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करती है। हालांकि, 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, दवा को खाली पेट नहीं लेना चाहिए और सभी खुराक एक साथ ली जानी चाहिए। कुछ लोगों में दवा लेने के बाद मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह संकेत है कि फाइलेरिया के परजीवी आपके शरीर में मर रहे हैं। वर्ष में मात्र एक खुराक जो पूरी तरह सुरक्षित और निःशुल्क है, इस बीमारी से बचाव में सहायक है।

## घाघरा: अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड संतोषी मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में लगभग 28 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घाघरा निवासी महानंद असुर चांदनी चौक से अपने घर सड़क के किनारे पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद लोगों की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से बीरोपानी गांव का रहने वाला है। वर्तमान में नेतरहाट रोड मथनीडीपा में अपने परिवार के साथ रहता था। घटना के बाद घाघरा पुलिस ने शव को कब्जे में कर लिया।

# कदाचारमुक्त व पारदर्शी तरीके से हो परीक्षा : डीसी गुमला

मैट्रिक के 55 परीक्षा केंद्र में 13898 परीक्षार्थी व इंटरमीडिएट के कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में 8931 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा जैक द्वारा संचालित माध्यमिक और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के निमित प्रतिनियुक्ति किए गए सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों सहित पेट्रोलिंग दल के मजिस्ट्रेट के साथ पारदर्शिता पूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बैठक करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा अंतर्गत जिला में मैट्रिक के लिए कुल 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 13898 परीक्षार्थी भाग लेंगे। वहीं इंटरमीडिएट अंतर्गत कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय को मिलकर कुल 8931 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उपायुक्त द्वारा कहा गया कि कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजन एवं विधि व्यवस्था के संधारण के लिए निर्देश दिए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की स्थापना तथा निगरानी हेतु उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षा संचालन हेतु उपायुक्त द्वारा शशिंद्र कुमार बड़ाइक अपर समाहर्ता गुमला को जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी नामित करते हुए तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तरीय उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों के सौ मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने हेतु निर्देश दिए गए हैं तथा पूरे बोर्ड परीक्षा के शांतिपूर्ण तरीके से सफल संचालन हेतु उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वीरेंद्र टोप्पो को प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर डीसी द्वारा सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों शिक्षकों तथा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी लोगों सहित जन सामान्य से पारदर्शितापूर्ण तरीके से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग की अपील की गई है।

## विद्यालय मे शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से मुखिया ने की अभिभावक गोष्ठी



भंडरा। प्रखंड अंतर्गत सेमरा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को मुखिया सुमित उरांव की अध्यक्षता में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार, मध्यान भोजन, साइकिल वितरण सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर मुखिया सुमित उरांव ने विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किशन महतो से साइकिल वापस लेने के बाद पलायन होने की बात पर चर्चा करते हुए पलायन हुए छात्र किशन महतो को एक सप्ताह के भट्ठा से स्कूल बुलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्यालय से साइकिल देने के पश्चात किशन से शिक्षकों द्वारा बच्चों के माध्यम से साइकिल लेने को लेकर अभिभावक व शिक्षकों से चर्चा की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा टोप्पो ने कहा कि छात्र किशन महतो को विगत 2023 में जनता दरबार के माध्यम से साइकिल के लिए चेक दिया गया था, परंतु इस वर्ष गलती से चेक लेने के बाद भी साइकल दे दिया गया था। जबकि साइकल दूसरे छात्र को दिया जाना था। इसी वजह से साइकिल वापस लिया गया। शिक्षकों ने साइकिल वितरण सूची बनाने के दौरान गलती होने की बात स्वीकार किया। साथ ही विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था, मीनू के अनुसार मध्यान भोजन चालने की बात कही गई है। मौके पर शिक्षक माडू उरांव, श्वेता कुमारी, गणेश कुमार शुक्ला सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## 21 मरीजों का किया गया निशुल्क ऑपरेशन



लोहरदगा। सदर प्रखंड के हेसल बसारडीह में स्थित कल्याण अस्पताल संचालित विकास भारती बिशनपुर में जिला अंधापन नियंत्रण समिति लोहरदगा एवं जीवन ज्योति ट्रस्ट रांची के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद सह लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 21 मरीज का निशुल्क ऑपरेशन एवं लैंस लगाया गया। शिविर में नेत्र सर्जन डॉ वीरेंद्र कुमार, ट्रस्ट के संजना गुप्ता, प्रबंधक प्रणव पाठक, ओ टी सहायक फारुख अंसारी, उर्मिला कुजूर, एएनएम शांति धान, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, मुकेश साहु, बरुण सिंह, अरुण राम आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा : विद्यार्थियों ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम देखा

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' आयोजित कार्यक्रम का लाइव अवलोकन कराया गया। परीक्षा पे चर्चा सन् 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया- बहनों को वीडियो लाइव के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों से कैसे बातचीत करते हैं तथा बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षाओं को तनाव मुक्त और सहज तरीके से कैसे हल किया जाए इसके कई तरीके बताए। पीएम मोदी ने परीक्षा पर चर्चा (पीपीसी) कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों से कहा की विफलताओं को अपना शिक्षक बनाना चाहिए। जीवन सिर्फ परीक्षा नहीं है। फेल होने से जीवन रुकता नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा का उद्देश्य आपकी दृढ़ता, आपकी कड़ी मेहनत और कभी हार न मानने वाला रवैया आपको परिभाषित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने का भी मौका मिलता है।

## लोहरदगा : सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला आज

**लोहरदगा।** नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर, लोहरदगा की ओर से साइबर सुरक्षा को लेकर सेफर इंटरनेट डे-2025 के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 फरवरी को नया नगर भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को मनाये जानेवाले सेफर इंटरनेट डे को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस वर्ष का विषय टूगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट रखा गया है। इस कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी और जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी कोषांग, लोहरदगा द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे सभी जिला/प्रखण्ड/पंचायत स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों व कर्मियों, आईटीसी इंस्ट्रक्टर, पंचायत सचिवों, कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त जानकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने दी गई।

## घाघरा : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा का किया गया वितरण

घाघरा। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा सहित प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों, सहिया, आंगनबाड़ी कर्मी द्वारा दवा का वितरण किया गया। इस क्रम में फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए लोगों को दवा खिलाई गई। साथ ही इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला गंभीर रोग है। जो समय पर दवा लेने से रोका जा सकता है। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को छोड़कर बाकी सभी व्यक्तियों के यह दवा लेनी है। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मिर्गी एक न्यूरोलाजिकल विकार है : डॉ ममता भूषण

## जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अंतराष्ट्रीय मिर्गी दिवस का किया आयोजन

**जिले में मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु 11 एवं 12 फरवरी को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले के नगर भवन में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस का आयोजन किया गया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्रखंड सहिया सहजकर्ता और सहिया साथी ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी प्रोफेसर डॉ ममता भूषण सिंह, सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार, डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ ममता भूषण सिंह ने कहा कि मिर्गी एक न्यूरोलाजिकल विकार है।

जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह दौरे व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना पर प्रभाव डालते हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि इस बीमारी को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रभारी डीआरसीएचओ डॉ सुनील राम ने कहा कि मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु 11 फरवरी को प्रखंड कार्यालय के समीप पुराना समाहनालय भवन और 12 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो में शिविर लगाया जाएगा। इस चिकित्सा शिविर में मिर्गी के मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी, प्रो डॉ ममता भूषण सिंह अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ उपस्थित रहेंगी और मरीजों का उपचार करेंगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ ममता भूषण सिंह द्वारा समय-समय पर जिले के चिकित्सकों, सीएचओ एवं सहिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे मिर्गी रोग की पहचान एवं उपचार में सहायता कर सकें। जिले के सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और मिर्गी रोगियों को समुचित उपचार दिलाने में सहयोग करें।

# निबंध प्रतियोगिता में अन्वेषा मुखर्जी प्रथम

**खबर मंत्र संवाददाता**



सभी विजेता के साथ अतिथि।

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की बहन अन्वेषा मुखर्जी ने विद्या भारती द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती प्रतिभा खोज/चयन एवं निबंध प्रतियोगिताओं में सफल हुए विद्यार्थियों को वंदना सभा में उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल भैया बहनों ने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल उपस्थित थे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन परीक्षा आयोजित करती है परीक्षा के माध्यम से भैया- बहनों के प्रतिभा का पता चलता है। यह परीक्षा दो चरणों में संपन्न होती है। प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा। मुख्य परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने वाले भैया-बहनों को नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। विद्यालय के कक्षा सप्तम के भैया अमन कुमार ने प्रतिभा खोज में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 4000 नगद राशि, भैया ऋषभ राज शर्मा 1000 नगद, राशि, कमलेश उरांव नगद राशि, 1000 हिमांशु उरांव ने 1000 रूपए नगद राशि प्राप्त की। सांत्वना पुरस्कार आस्था पांडे, सत्यम साहू, तनिष्क राज, अंशु मिश्रा, वैभव भास्कर, एवं हर्ष राज सिंह को प्राप्त हुआ। विद्या भारती के योजनानुसार विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता एवं दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने वाले आचार्य- दीदी जी को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, समिति के सदस्य एवं आचार्य- आचार्या ने भैया-बहनों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## टेम्पो जप्त करते हुए चालकों पर होगी कानूनी कारवाई: मनोज कुमार

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श नगर मोड़ के समीप लगने वाले टेंपो स्टेंड को उक्त स्थल से हटाने का सख्त निर्देश स्टेंड संचालक को दिया है। मामले के संबंध में स्थानीय निवासी सह सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद कुमार द्वारा बरवाडीह अंचल अधिकारी को लिखित शिकायत दी गई थी। अरविंद कुमार ने बताया कि उनके आवास के आसपास पूरे दिन टेम्पो का जमावड़ा लगा रहता है। टेंपू चालकों द्वारा नशीली पदार्थों का सेवन भी किया जाता है। जिस कारण महिलाओं का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं, अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके बाद अंचलाधिकारी ने थाना प्रभारी के साथ स्टेंड पर पहुंच टेम्पो को बस स्टेंड में लगाने के निर्देश दिए।

### खबर का असर: चिराईकटवा टोला में खराब पड़े जलमीनार की अधिकारियों ने की जांच

# शरारती तत्वों द्वारा सोलर में किया गया है बाईपास कनेक्शन: प्रशांत पाण्डेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** हेहेगडा के चिराईकटवा टोला में पांच महीने से जलमीनार खराब, नामक शीर्षक से सोमवार को खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने पर विभाग हरकत में आया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पाण्डेय ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कनीय अभियंता पीयूष रंजन के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन कर सोमवार को ही खराब पड़े जलमीनार का निरीक्षण करते हुए जांच की गई। टीम ने जांच के क्रम में पाया कि स्टार्टर में सोलर के माध्यम से बाईपास कनेक्शन कर मोबाइल चार्जिंग में इसका उपयोग किया जा रहा था। जिस कारण इसका स्टार्टर खराब हो गया है।



जांच करते कनीय अभियंता

जहां सहायक अभियंता प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2017 - 18 में इस जलमीनार का निर्माण पीटीजी योजना के तहत कराया गया था। इसका मेंटेनेंस पीरियड दो वर्षों का था जो कि समाप्त हो गया है। मेंटेनेंस पीरियड समाप्त होने के बाद इसकी देख रेख की जिम्मेवारी ग्राम जल स्वच्छता समिति की होती है। बताया कि उक्त जलमीनार के स्टार्टर को गांव के ही कुछ शरारती तत्वों के द्वारा सोलर से बाईपास कनेक्शन कर खराब कर दिया गया है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं इसके मरम्मती के संबंध में पूछे जाने पर श्री पाण्डेय ने बताया कि इसकी मरम्मती के लिए प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि सोलर और स्टार्टर सिस्टम के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें इससे जलमीनार खराब होने के साथ पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित होती है। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों से इस प्रकार की शिकायतें आती रहती है। कई जगहों पर बाईपास कनेक्शन से स्टार्टर खराब पाया गया है और कई जगहों पर असामाजिक तत्वों द्वारा चंद पैसों के लालच में स्टार्टर ही चोरी कर ली जा रही है। उन्होंने ऐसे लोगों पर कानूनी कारवाई करवाने की बात कही है।

एक नजर में

## बालूमाथ में मैट्रिक की परीक्षा में 1648 और इंटर की परीक्षा में 1133 बच्चे लेंगे भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आज से आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बालूमाथ के विभिन्न विद्यालयों से 1648 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा देंगे वही 1133 परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। मैट्रिक की परीक्षा को लेकर चार केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे झाबर उच्च विद्यालय,प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी स्कूल केंद्र में राजकीय कृत उच्च विद्यालय के 365 बच्चे,उच्च विद्यालय शेरेगडा के 146 बच्चे,उच्च विद्यालय गणेशपुर के 62 बच्चे,वही उच्च विद्यालय सेमरशोत के 133 बच्चे भाग लेंगे इसके अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में उच्च विद्यालय मासीयातू के 88 बच्चे, उच्च विद्यालय झाबर के 183 बच्चे, उच्च विद्यालय बालू के 96 बच्चे, राजकीय कृत उच्च विद्यालय बालूमाथ में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के 215 बच्चे,उच्च विद्यालय मुरपा के 285 बच्चे,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 75 बच्चे मैट्रिक परीक्षा में भाग लेंगे । वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में चार केंद्र बनाए गए हैं जिसमें प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बालूमाथ में राजकीय कृत उच्च विद्यालय बालूमाथ के 185 बच्चे,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 22 बच्चे,मॉडल स्कूल बालूमाथ के दो बच्चे,वही राजकीय कृत उच्च विद्यालय केंद्र में राजकीय कृत उच्च विद्यालय के 600 बच्चे वही गर्ल्स मॉडल स्कूल बालूमाथ में राजकीय कृत उच्च विद्यालय के 140 बच्चे वहीं परीक्षा केंद्र उच्च विद्यालय झाबर में राजकीय कृत उच्च विद्यालय के 184 बच्चे इंटर की परीक्षा में भाग लेंगे।

## बाराखार व नावाडीह जाने के लिए अबतक नहीं बना सड़क

### जर्जर पगडंडी के सहारे चलते हैं ग्रामीण



जर्जर सड़क

संजय राम

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा ग्राम के टोला बाराखार व मकरा ग्राम के टोला नवाडीह जाने के लिए सड़क नहीं बनने के कारण जर्जर पगडंडी के सहारे ग्रामीणों आवगमन करते हैं जिससे काफी परेशानी हो रही है। सड़क नहीं बनने के कारण मुख्यालय सहित विद्यथीर्यों को विद्यालय जाने मे काफी कठिनाई होती है। बाराखार व नवाडीह मिलाकर लगभग 200 घरों मे गंझु अनुसूचित जन जाति के लोग निवास करते हैं। ग्रामीण राजेंद्र गंझु, कुलदीप गंझु, टेंपा गंझु, घिरण गंझु, रघुनाथ गंझु, बुधन गंझु, सुधन गंझु, महेंद्र गंझु बाराखार व नावाडीह के कई अन्य ग्रामीण बताते हैं की उक्त दोनों टोले मे सड़क नहीं बने रहने के कारण कोई जल्दी शादी विवाह नहीं करना चाहते हैं। बहुत मुश्किल से यहाँ शादी बिवाह किया जाता है। सड़क के आभाव मे बाराखार मे चपानल बोरिंग नहीं हो पा रहा है जिससे पेयजल के लिए भी काफी कठिनाई होती है। बाराखार व नावाडीह से मकरा तक लगभग चार किमी दूर तक बीमार व्यक्ति या गर्वती महिला को जुगाड़ कर ले जाते हैं तो किसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँच पाते हैं। सड़क के आभाव मे यहां के लोगों को काफी दंस झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते हैं की हमलोग पीढ़ी दर पीढ़ी से इस टोले मे निवास करते आ रहे हैं। लेकिन आज तक यहाँ सड़क नहीं बना है। सड़क इतना जर्जर है की दिन मे तो किसी तरह चल लेते हैं परन्तु रात्रि मे चलना खतरे से खाली नहीं है। किसान कृषि उत्पादन करते हैं लेकिन सड़क के आभाव मे शब्जी को बाजार ले जाने मे लोहे की चना चबाने जैसा महशुस होता है। चुनावी माहौल मे कई नेता बाबुओ ने सड़क बनवाने का वायदे किए और वोट भी लिए लेकिन अपना काम बनता भांड मे जाये जनता का कहावत चरितार्थ हो रहा है। ग्रामीणों मे उपायुक्त, सांसद व विधायक से उक्त दोनों टोला मे सड़क बनवाने की गुहार लगाई है।

## ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन सौंप लगाई न्याय की गुहार

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत में सरकार द्वारा पीटीजी परिवार जनमन योजना के तहत दिए जाने वाले आवास में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले के संबंध में पंचायत के ओपाग ग्राम निवासी सह झामुमों नेता बिपिन बिहारी सिंह ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को लिखित शिकायत की है। दिए गए आवेदन में श्री सिंह ने बताया है कि ओपाग ग्राम में आवास मित्र के रूप में संतोष कुमार सिंह पिता लीलनाथ सिंह कार्य कर रहा है। जनमन आवास योजना का लाभ गांव के कई गरीब लोगों को मिला है। जिसमें सात लाभुकों को मनरेगा से मिलने वाले राशि की निकासी फर्जी तरीके से कर ली गई है। उन्होंने फर्जी निकासी का आरोप प्रखण्ड कॉर्डिनेटर और आवास मित्र की मिली भगत से किए जाने का आरोप लगाया है। बिपिन बिहारी सिंह ने बताया कि इसके पूर्व उन्होंने मामले की लिखित शिकायत जिले के उपायुक्त महोदय से की है लेकिन आज तक कोई कारवाई नहीं हुई। जिसके उपरांत सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले में उचित कारवाई और न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में बीडीओ से जानकारी लेने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार का मोबाइल ऑफ बताया।

## चंदवा के डुमारो में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक सम्पन्न

**पंचायत कमिटी गठित, अध्यक्ष बने राजकुमार प्रजापति, महिला अध्यक्षा बनी किरण देवी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो ग्राम पंचायत में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ चंदवा की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष गुलाब प्रजापति व संचालन मोहन प्रजापति ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासंघ के अध्यक्ष भुनेश्वर प्रजापति, विशिष्ट अतिथि समाज के वरिष्ठ अभिभावक रामवृक्ष प्रजापति, हरिवंश प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, अधिवक्ता रमन महतो मौजूद थे। बैठक में इन्होंने समाज को संगठित होने पर बल देते हुए कहा कि जबतक समाज संगठित नही होगा हम सभी उपेक्षा के शिकार होते रहेंगे, इसलिए महासंघ प्रखण्ड के लेकर पंचायत स्तर तक कमिटी बना रही है, ताकि समाज के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ी जाए।



बैठक करते लोग

इस दौरान इन्होंने समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया साथ ही सर्वसम्मति से पुरुष के साथ महिला पंचायत कमिटी का गठन भी कराया। पुरुष कमिटी में अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव दीपक प्रजापति, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष किशुन प्रजापति, सह सचिव संजय प्रजापति, मीडिया प्रभारी मोहन प्रजापति, संरक्षक परमेश्वर प्रजापति को बनाया गया है, साथ विनोद, सचिन, अभय व तुलशी को सदस्य बनाया गया है, जबकि महिला कमिटी में अध्यक्षा किरण देवी, सचिव पानो देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी वहीं सदस्य मुनिया देवी व सुनीता देवी को बनाया गया है। मौके पर यदु प्रजापति, बिजय प्रजापति, पंकज प्रजापति समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मंत्री चमरा लिंडा ने नर्सिंग कौशल कॉलेज का किया निरीक्षण



स्मृति चिन्ह भेंट करते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा का सोमवार को परिसदन लातेहार में आगमन हुआ। इस दौरान जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा मंत्री को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया। इसके पश्चात राजहरा स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। मंत्री ने नर्सिंग कौशल कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं के प्लेसमेन्ट के बारे में जानकारी लेते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम से अवगत हुए। मंत्री के द्वारा प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इसके अलावे जनजातीय कल्याण ग्रामीण अस्पताल, मननचोटाग का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं के संदर्भ में विभिन्न प्रकार की जानकारियां ली गई। इस दौरान दवाइयों की व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक एवं उपयोगी सामग्रियों के बारे में जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

## रेन्ची में अंचल द्वारा आहूत ग्राम सभा में नही पहुंचे ग्रामीण, सभा स्थगित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को प्रस्तावित रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रैयतों के जमीन संबंधी समस्याओं के निराकरण को लेकर आहूत ग्राम सभा स्थगित हो गयी। आहूत ग्राम सभा मे अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, राजस्व कर्मचारी जनेश्वर राम एवं कम्पनी प्रबंधन के लोग पहुंचे लेकिन ग्रामीणों की उपस्थिति न के बराबर हुई जिस कारण सभा को अगली तिथि के लिए स्थगित कर दिया गया।

विदित हो कि 10 फरवरी को आहूत ग्राम सभा के निमित रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की थी जिसमें 10 फरवरी को होने वाली ग्राम सभा की तिथि को बढ़ाने की बात कही गयी थी।

अंचलाधिकारी ने बताया कि जल्द ही ग्राम सभा को लेकर अगली तिथि घोषित की जाएगी एवं रैयतों की जो भी परेशानी है उसे सुना जाएगा और समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### संत क्लारेट स्कूल की छात्रा वृद्धि श्री ने

## इसईसी राष्ट्रीय छत्रवृति परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर लाई 8वीं रैंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के लेदगांई में स्थित संत क्लारेट स्कूल की क्लास टू की छात्रा वृद्धि श्री ने वर्ष 2024 में आयोजित इसईसी राष्ट्रीय छत्रवृति परीक्षा में भाग ली थी जिसमे वृद्धि श्री ने राष्ट्रीय स्तर पर ग्रेड एझ8वीं रैंक लाई है। वहीं सोमवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूल के फादर जॉर्ज के द्वारा वृद्धि श्री की प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

### सदस्यता अभियान का किया गया शुरूआत

## राज्य भर में 50 लाख सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य : सिकंदर बाड़ा




सदस्यता अभियान में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के निदेर्शानुसार दिन सोमवार को झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सिखेश्वर राम के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान की शुरूआत किया गया। इस अभियान के माध्यम से पहले ही दिन सैंकड़ों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया। वहीं झामुमो का दामन थामने वाले लोगों ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्यहित के प्रति विकास कार्यों को देखते हुए सभी लोग झामुमो में शामिल हुए हैं। मौके पर युवा नेता सिकंदर बाड़ा ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत बहुत ही तेजी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ लोग जुड़ रहे हैं जिससे कि आने वाले दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी काफी मजबूत स्थिति पर पहुंचेगी। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले महागठबंधन सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। साथ ही योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से पूरे राज्य भर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के साथ 50 लाख सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूजा कुमारी,सचिन,सरिता देवी,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एसबीआई शाखा प्रबंधक पर अमानवीय व्यवहार का आरोप, ग्राहकों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक प्रवीण किशोर पर ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का गंभीर आरोप लगा है। बरवाडीह निवासी सह भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार ने सोमवार को धनबाद निवासी शिवांगी कुमारी के आवेदन की स्थिति जानने बैंक पहुंचे। जहां प्रबंधक ने आवेदन की जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया और कथित तौर पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। सूरज ने बताया कि उन्होंने बैंक के सभी नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक लाइन में खड़े होकर बैंक मैनेजर से शिवांगी कुमारी के आवेदन के बारे में जानकारी मांगी।

शिवांगी कुमारी ने 8 जनवरी 2025 को धनबाद से भारतीय स्टेट बैंक, बरवाडीह शाखा को एक आवेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा था। भारतीय डाक विभाग के ट्रैकिंग विवरण के अनुसार, यह आवेदन 14 जनवरी 2025 को एसबीआई शाखा को सफलतापूर्वक प्राप्त हो चुका था। जब सूरज कुमार ने अपनी बहन के आवेदन की स्थिति जाननी चाही, तो बैंक मैनेजर प्रवीण किशोर ने आवेदन प्राप्त होने से साफ इनकार कर दिया। जब डाक विभाग से स्पीड पोस्ट कंसाइनमेंट नंबर के माध्यम से यह पुष्टि हुई कि आवेदन बैंक में पहले ही पहुंच चुका है, तब भी बैंक प्रबंधन ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। जब दोबारा आवेदन की स्थिति पूछी गई, तो बैंक मैनेजर ने अभद्र और कठोर भाषा में जवाब देते हुए कहा कि कोई आवेदन मेरे पास नहीं आया और उन्हें बैंक से बाहर निकालने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद बैंक उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। सूरज कुमार ने कहा कि यदि बैंक प्रबंधक एक पत्रकार और संगठन के प्रतिनिधि के साथ इस तरह का व्यवहार कर सकते हैं, तो रोजाना बैंक आने वाले आम ग्राहकों के साथ उनका रवैया कैसा होगा, इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं का कहना है कि बैंक कर्मचारियों का गैर-जिम्मेदाराना रवैया, ग्राहकों को बार-बार गुमराह करना और उनके साथ दुर्व्यवहार करना अब आम हो गया है। यदि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर बैंक जाता है, तो उसे बार-बार टाल दिया जाता है, झूठी जानकारी दी जाती है या फिर बैंक मैनेजर और अन्य कर्मचारी दुर्व्यवहार करने लगते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब बैंक उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत की सेवाओं से वंचित किया गया हो। बरवाडीह क्षेत्र के कई लोगों ने पहले भी शिकायत की है कि बैंक में सही समय पर काम नहीं होते, ग्राहकों को घंटों लाइन में खड़ा रखा जाता है और उनके सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जाता। सूरज कुमार और अन्य उपभोक्ताओं ने बैंक मैनेजर के व्यवहार की कड़ी निंदा की है और इस मामले में उच्च अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।




स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बरवाडीह

## सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के गैरेज लेन के समीप दो बाइकों की टक्कर में दो छात्र घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाहनवाज आलम (पिता साबिर आलम) व अबू साद (पिता वहाजुल हक) मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड लेने स्कूल गए थे। वहां से लौटने के क्रम में गैरेज लेन के समीप दूसरे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वो घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को चंदवा सीएचसी पहुंचाया। जहां मेडिकल टीम द्वारा उनका इलाज किया गया। दुर्घटना की वजह अनियंत्रित गति से बाइक परिचालन बताया गया।

## छोटू कंप्यूटर सह प्रज्ञा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ मथुरा कॉम्प्लेक्स में छोटू कंप्यूटर सह प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन मुखिया नरेश लोहरा, भाजपा नेता अमित कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं इस प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड, ऑनलाइन के साथ ही वीडियो कैमरा के लिए भी यहां पर बुकिंग किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए प्रज्ञा केंद्र की मालिक छोटू कुमार ने बताया कि यहां पर सभी तरह की कंप्यूटर ऑनलाइन से संबंधित सारे कार्य यहां किए जाते हैं और यहां पर शादी विवाह के लिए वीडियो कैमरा भी बुकिंग किया जाता है।

## बालिका उच्च विद्यालय में 10वीं की छात्राओं के बीच कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय गर्ल्स हाई स्कूल प्रांगण में सोमवार की सुबह मैट्रिक की परीक्षा देने वाली सभी छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाध्यापिका दोरथिया खलको कर रही थी। सभी शिक्षिकाओं ने बच्चियों को परीक्षा को लेकर मन मे बने डर एवं तनाव को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। बगैर तनाव लिए परीक्षा हॉल में प्रवेश करने की बात कही। इस दौरान फाइल देकर मैट्रिक की परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें 9 वीं व आठवीं की बच्चियों ने परीक्षा देने वाली सभी सीनियर को बधाई दी व एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर शिक्षिका अंजू कुमारी, केरी लकड़ा, शबनम कुजूर, शांति देवी, सीआरपी विकास कुमार, लिपिक उज्जवल सिंह समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

## भाजपा कार्यकर्ता ने किया सक्रिय सदस्य का जांच

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी का भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्यों का जांच एवं सत्यापन, भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा नियुक्त सत्यापन पदाधिकारी रघुराज पांडेय एवं सह सत्यापन पदाधिकारी विष्णु देव प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# फाइनेंस की बाइक जब्त करने के दौरान रेपो ने हंसडीहा में फार्माकर्मी व एसआइ के साथ की मारपीट

**पहले फार्मा कंपनी के कर्मी से रुपये छीन कर पीटा, सूचना पर पहुंची हंसडीहा थाना के एसआई के साथ की मारपीट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरैयाहाट।** फाइनेंस कंपनी के द्वारा देवघर के युवक की बाईक को जब्त करने के दौरान रुपए छीनने और मारपीट की सूचना पर पहुंचे हंसडीहा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार के साथ भी कुछ युवकों के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। रविवार की रात मारपीट में घायल बाईक सवार फार्मा कंपनी में कार्यरत युवक साजन कुमार विलियम टाउन देवघर और एसआई धीरज कुमार का सीएचसी सरैयाहाट में प्राथमिक उपचार कराया गया।

बताया जाता है कि हंसडीहा में वाहन फाइनेंस कंपनी के द्वारा रेपो एजेंसी के द्वारा उन वाहनों को जब्त किया जाता है, जो समय पर कंपनी में स्टॉलमेंट की राशि जमा नहीं करते हैं। रविवार को भी रेपो कर्मी के द्वारा देवघर के रहने वाले व्यक्ति से बकाया राशि की बात कह बाईक को जब्त किया जा रहा था।

इसी दौरान रेपो कर्मियों के द्वारा युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी गई। जिसके बाद सूचना पर जब हंसडीहा थाना के एसआई धीरज कुमार पहुंचे तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इस पूरे मामलें में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विलियम टाउन देवघर निवासी साजन कुमार ने प्राथमिकी में साठ हजार रुपए छीनने और मारपीट की बात कह हंसडीहा के पगवारा निवासी श्रवण यादव और चंदन यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

जबकि हंसडीहा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि उन्हें सूचना मिली थी कि देवघर रोड बजरंग टेलीकॉम के समीप जब पुलिस बल के साथ गए तो एक व्यक्ति को 15-20 लोग मारपीट कर रहे थे। जब वे मारपीट करने वालों का वीडियो बना रहे थे, तो प्रीतम यादव, चंदन यादव, श्रवण यादव और आदित्य कुमार सहित दर्जनों युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। पुलिस सभी आरोपियों की धड़-पकड़ में पुलिस जुट गई है। 4 नामजद सहित 20 अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने प्रकृति संरक्षण को लेकर सतनपुर पहाड़ी का किया निरीक्षण




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के चास प्रखंड अंतर्गत सतनपुर पहाड़ी श्रृंखला के बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी के सामने स्थित सिद्धिदात्री पहाड़ी भाग के पास स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा लगभग 20 से 25 वर्षों पहले लगाए गए आम जामुन बेल कटहल सहित अन्य वृक्षों एवं पहाड़ी का निरीक्षण किया गया। पाया गया कि बेल के कई वृक्षों पर फल लगे हुए हैं तथा आम के भी कई वृक्षों पर मंजर लगी हुई है। संस्थान द्वारा इस सिद्धिदात्री पहाड़ी पर पीपल बरगद नीम सहित दर्जनों लगे वृक्ष और पास में स्थित पर्यावरण-मित्र बाग में लगे दर्जनों आम जामुन बेल आदि के पेड़ देखरेख के अभाव में न सिर्फ कुपोषित हो रहे हैं, बल्कि यहां नशे बाजों का अड्डा बन गए हैं। आसपास की सौ एकड़ वनभूमि को भी भू माफियाओं द्वारा नाजायज कागजात बनाकर कब्जा किया जा रहा है। राज्य सरकार व वन विभाग और जिला प्रशासन से कई बार इस पहाड़ी को और आसपास के क्षेत्र को संरक्षित करते हुए इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु आग्रह किया गया है मगर अभी तक इनके द्वारा कोई भी सार्थक कदम नहीं उठाना चिंतनीय ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण से खिलवाड़ भी है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान-संबद्ध विभाग को इस पहाड़ी के विकास व वन भूमि के संरक्षण एवं लगे पौधों की रक्षा के लिए समुचित मदद कर सकता है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने निरीक्षण के बाद संस्थान के सभी पदाधिकारियों को जल जंगल जमीन और पर्वत सहित प्रकृति की रक्षा हेतु कमर कसने का आह्वान किया। मौके पर निरीक्षण टीम में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा, मुकुल उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा, सलाहकार राजेश्वर, वृक्षारोपण प्रकोष्ठ के संयोजक वीरेंद्र चौबे, कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार एवं अंकित मिश्रा सम्मिलित रहे।

## एक नजर में

### बेरमो विधायक ने किया संघ का पुनर्गठन, सदन कुमार सिंह बनाये गये कार्यकारी अध्यक्ष

बेरमो। इंटक से संबद्ध डीवीसी कर्मचारी संघ केंद्रीय कमेटी की बैठक बेरमो विधायक एवं डीवीसी कर्मचारी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जयमंगल सिंह की अध्यक्षता में बीते 11 जनवरी को हुई थी। बैठक में बेरमो विधायक सह संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सिंह ने केंद्रीय कमिटी का विस्तार एवं पुनर्गठन करते हुए अधिसूचना जारी कर दी। यहां डीवीसी कर्मचारी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सदन कुमार सिंह को मनोनीत किया। इसके अलावे डीवीसी बोकारो थर्मल शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, दशरथ राम को हजारीबाग शाखा महासचिव, अरिंदम बनर्जी को डीवीसी मेजिया प्लांट के सहायक सचिव, विकाश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, उमेश कुमार शर्मा व डीवीसी के विभिन्न परियोजनाओं से भी अन्य सदस्यों को संगठन में जिम्मेदारी दी गई है।

### बेरमो : एसडीओ से मिला नायक घासी कल्याण महासमिति का प्रतिनिधि मंडल

बेरमो/फुसरो। नायक घासी कल्याण महासमिति का एक प्रतिनिधि मंडल बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ से मिला। जहां उन्होंने शॉल व बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सामाजिक उत्थान की पहल करने की बात को लेकर बातें की गयी। बताया गया कि एसडीओ ने हामी भरते हुए इस बात को लेकर जल्द ही पहल करने की बात कही। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में बासुदेव राम घासी, दशरथ राम घासी, राजू नायक, राजेंद्र घासी, गुदरी देवी, उत्तम कुमार, चमन राम, भुवन नाग, नीतीश नायक, सूरज घासी, संयोग राम घासी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### सामाजिक उत्थान व उन्नति के लिए फाइलेरिया मुक्त होना बहुत जरूरी : प्रमुख

बोकारो/कसमार। राष्ट्रीय फाइलेरया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान का शुरूआत कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रमुख नियोती कुमारी व चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रफुल्ल महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रमुख नियोती कुमारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मच्छर के काटने से फैलती है। यह बीमारी शरीर के अंगों में सूजन और विकृति पैदा कर सकती है जिससे व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। समाज को उत्थान और उन्नति के लिए फाइलेरिया मुक्त होना बहुत जरूरी है। देश में अपंगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण फाइलेरिया है। सरकार ने इस बीमारी के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसका लक्ष्य अधिक लोगों तक एडबेंडाजोल दवा पहुंचाना है जिससे फाइलेरिया को जड़ से समाप्त किया जा सके। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल महतो ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत खुद भी फाइलेरिया रोधी दवा खानी है और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके उपयोग के लिए समझाना है। लगातार पांच साल खाने से बीमारी के झंझट से ही मुक्ति मिल जायेगा। मौके पर डॉ राहुल प्रियदर्शी डॉ तनवीर फातमा, बंकीम चंद्र महतो, आलोक चंद्र झा, अविनाश कुमार, शैलेश कुमार, संतोष महतो, हरेंद्र, कविता टैगौर, नाजिया सुमन, अरफा साबरी, अमित, रमेश महाराज मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### फुसरो में पत्रकार को मातृ शोक



**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली बाजार निवासी दैनिक अखबार आज के बेरमो के चीफ ऑफ ब्यूरो रघुवीर प्रसाद की माता शांति देवी (81वर्षीय) का रविवार शाम तबियत बिगड़ने से दिल्ली में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थीं। दिल्ली के शारदा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वे पांच पुत्र और एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी। उनके पार्थिव शरीर को आज करगली बाजार लाया जायगा। इसके पश्चात बेरमो स्थित दामोदर नदी घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जायगा। उनके निधन पर कई जनप्रतिनिधि, सामाजसेवियों समेत पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

### बोकारो : 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में छात्रों एवं अभिभावकों के हित में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर 2024 से लेकर 14 जनवरी 2025 के बीच विद्यालय में कई गतिविधियों के माध्यम से चलाया गया। जिसका उद्देश्य था परीक्षा के कारण छात्रों में उपजे नकारात्मक प्रभाव को समाप्त करना। छात्रों एवं अभिभावकों में परीक्षा के प्रति उत्साहपूर्ण दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना। परीक्षा के कारण छात्रों में उपजे मानसिक तनाव से भी निपटना। परीक्षा के संबंध में छात्रों की भ्रांतियां एवं दुष्चिन्ताओं को दूर करना। इस अभियान में छात्र-छात्राओं के माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं सभी छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा के निर्देशन में क्विज आलेख-लेखन काव्य-लेखन व चित्रकला का आयोजन किया गया।

### झामुमो कार्यकर्ता के निधन पर परिजनों को मिला आर्थिक सहयोग



**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के पोखरिया पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता काली गांझू का बीते दिनों अकास्मिक निधन हो गया। इस घटना को देखते हुए सोमवार को उनके आश्रित यानी उनकी पत्नी को पार्टी के अन्य कार्यकताओं द्वारा आर्थिक मदद पहुंचाई गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति के निधन के बाद परिजनों को 2100सौ रुपया का सहयोग झा मु मो पंचायत अध्यक्ष भैरो महतो समाज सेवी बुधन मुर्मू, धनश्याम गांझू, मनोज कुमार महतो, राजू रजक के द्वारा संयुक्त रुप से मदद पहुंचाई गई।

## जिला समन्वय समिति की बैठक कर दुमका डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने दिये कई निर्देश, कहा

# योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें




बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे की। बैठक में विभिन्न विभागों के कल्याणकारी योजनाओं के अधतन स्थिति की समीक्षा कर पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीसी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत जिन कूप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उनका अविलंब भुगतान सुनिश्चित करें। मनरेगा के तहत पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों का हैंडओवर करें। साथ ही वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्र जिनका निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, को चिन्हित करते हुए मिशन मोड में पूरा करें। कहा कि 2021-22 के सभी पुराने योजनाओं को को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। डीसी ने कहा कि मनरेगा से 230 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाना है। निर्देश दिया कि बीडीओ,सीओ एवं सीडीपीओ समन्वय स्थापित करते हुए स्थान चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायें। जेएसएलपीएस की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न बैंकों में लंबित क्रेडिट लिंकेज के आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाये। सभी बीडीओ सूची प्राप्त कर बैंकों में लंबित क्रेडिट लिंकेज से संबंधित आवेदनों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवेदनों का निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि स्थानीय से समन्वय स्थापित करते हुए भीड़ भाड़ वाले जगह पर जेएसएलपीएस के द्वारा दीदी का ढाबा खोला जाये। डीसी ने कहा कि 15 वीं वित्त आयोग की राशि से चापाकल, जलमीनार की रिपेयरिंग कराया जाये। अपने प्रखंड में खराब पड़े चापाकल, जलमीनार की सूची प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर 15 वीं वित्त आयोग की राशि से उक्त का मरम्मती का कार्य किया जाये। जिससे आमजनों को पेयजल की समस्या नहीं हो। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य को पूरा करें। कहा कि शेड निर्माण में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना,50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण,किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए आधार सीडिंग के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि राशन का वितरण ससमय एवं सही मात्रा में हो इसे सुनिश्चित करें। 6 माह तक अगर किसी व्यक्ति तक राशन का उठाव नहीं किया गया है, तो ऐसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका नाम डिलीट किया जाये। ऑफलाइन वितरित किये गए राशन का ऑनलाइन निश्चित रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि डाकिया योजना का राशन लाभुकों के घर तक पहुंचाया जाये। उक्त योजना के शत प्रतिशत लाभुकों को राशन ससमय मिले इसे सुनिश्चित करें। धोती साड़ी वितरण योजना के शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुकों को चिन्हित करते हुए योजना का लाभ दिया जाये। एक भी योग्य लाभुक वंचित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के किसी भी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के लिए अगर किसी के भी द्वारा पैसे की उगाही की जाती है, तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना के लाभुकों का वेरिफिकेशन करा लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ, सीओ एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### आपात स्थिति में ...

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है। आंधी तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने पर भी अगर सूचना मिलती है तो इसकी कमांड सेंटर को दी जा सकती है। कई जगह फ्लाईओवर या सड़कों की चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाये गये हैं। काम संपन्न होते ही बॉक्स को पुनः लगा दिया जायेगा।

### मैट्रिक और इंटर ...

**परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था :** सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, शौचालय और अन्य भौतिक सुविधाएं सुनि≈त करने का निर्देश दिया गया है।

**परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी :** इस वर्ष मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। दोनों परीक्षा में कुल 7,83,711 परीक्षार्थी भाग लेंगे। पिछले वर्ष 2024 की तुलना में, मैट्रिक में 12,208 और इंटर के तीनों संकायों में 5,267 परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है।

### कुंभ से लौट रहे ...

प्रारंभिक जांच के अनुसार हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ। वहीं चरही इलाके में अक्सर सड़क किनारे भारी संख्या में ट्रक खड़े रहते हैं, जिससे छोटे वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और ऐसे हादसे होते रहते हैं। सड़क किनारे खड़े ट्रकों की वजह से यातायात में दिक्कतें आती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### बैटर सिर्फ बॉल ...

उन्होंने कहा कि लीडर के लिए टीम वर्क सीखना बहुत जरूरी है।

**चुनौतियों से लड़ना सीखें :** ीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतियों से लड़ने का मंत्र भी दिया। बोले, आपके अपने अंदर की चुनौतियों से लड़ना होगा। मान लीजिए, अगर पिछली बार आपके 30 अंक आये थे, तो आपको इस बार कोशिश करनी चाहिए कि आप इस बार 35 अंक आये। ऐसा करके आपको अपने लक्ष्य की सीमा को बढ़ाना चाहिए। यह आपके लिए एक चुनौती है। इसके लिए आपको खुद की चुनौतियों से लड़ना होगा। ऐसा करके आप खुद को आगे बढ़ा सकेंगे।

**अभिभावकों को भी दिये कुछ टिप्स :** उन्होंने छात्रों को सलाह दी, आपको अपने मन को स्थिर रखना है। अगर आप अपने मन को स्थिर रखेंगे, तो निश्चित तौर पर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे की दिलचस्पी किसमें है। अगर उनके बच्चे का खेल में इंटरेस्ट है, तो पेरेंट्स को कोशिश करनी चाहिए कि उसे किसी खेल इवेंट में ले जाएं। अपने बच्चों की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए बल्कि उनका समर्थन करना चाहिए।

**मन की बात खुलकर करें :** पीएम मोदी ने सलाह दी कि वह अपने मन की बात अपने पेरेंट्स से खुलकर करें। उन्होंने कहा कि अगर आप अपनी चिंताओं को अपने माता-पिता या किसी अपने से साझा करते हैं, तो तनाव कभी नहीं होगा। अगर किसी पल को आपने महसूस नहीं किया, तो वह पल चला जायेगा, फिर वह वापस नहीं आयेगा, इसलिए उस पल को पूरी तरह से जी लो। उन्होंने कहा पहले हमारे समाज में एक मजबूत व्यवस्था थी। हमारा परिवार ही हमारी यूनिवर्सिटी था। नाना-नानी, दादा-दादी, पापा-मम्मी से बातें करते थे। यह वे लोग थे, जिनसे हमें मार्गदर्शन मिलता था और लगता था कि कोई हमारे बारे में सोचता है।

**समय की कीमत पहचानें :** संवाद के दौरान पीएम मोदी ने समय की कीमत का मंत्र भी। उन्होंने कहा, आजकल लोग अपनी दिनचर्या में समय का सही इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। कोई दोस्त के साथ गपशप करने में समय बर्बाद कर देता है, जबकि कोई पढ़ाई में लगकर समय का सही उपयोग करता है। हमें यह सोचना चाहिए कि अपने समय का अधिकतम उपयोग कैसे करें। अगर आप दिन भर का कार्यक्रम सही से बनाते हैं, तो पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के लिए समय निकाल सकते हैं।

**ज्ञान और परीक्षा अलग-अलग :** मोदी ने छात्रों से कहा कि ज्ञान और परीक्षा दो अलग अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। अपने समय, अपने जीवन पर नियंत्रण रखने, वर्तमान में जीने, सकारात्मकता की तलाश करने और पोषण जैसे मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा, नेतृत्व थोपा नहीं जाता, आपके आस-पास के लोग आपको स्वीकार करते हैं।

**खुद को उदाहरण बनायें :** नेता की परिभाषा के बारे में पूछे जाने पर पीएम मोदी ने छात्रों से कहा, आज नेता की परिभाषा क्या है, कुर्ता-पायजामा पहनने वाला, जैकेट पहनने वाला, विभिन्न मंचों पर भाषण देने वाला... लेकिन ऐसा नहीं होता। अगर कोई नेता बनता है तो उसका काम दूसरों की गलतियों को सुधारना नहीं है। उसका काम खुद को एक उदाहरण बनाना है।

# झारखंड +2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने जैक अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने झारखंड अधिविद्य परिषद कार्यालय रांची में परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा से शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें राज्य में माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

ठाकुर ने डॉ हांसदा को झारखंड +2 शिक्षक संघ की तरफ से प्रसिद्ध लेखक शिव खेड़ा रचित पुस्तक जीत आपकी भेंट कर नूतन कार्यकाल हेतु मंगलमय शुभकामनाएं दीं। डॉ हांसदा ने छात्र एवं शिक्षक हित में परिषद द्वारा विभिन्न कदम उठाए जाने का भरोसा दिया। प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर द्वारा झारखंड अधिविद्य परिषद अध्यक्ष डॉ हांसदा से शिष्टाचार मुलाकात करने पर झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने स्वागत किया है।

# ढोरी फुटबॉल ग्राउंड में बनाए जा रहे स्टेडियम को ढोरी ग्राम के आम ग्रामीणों रैयतो ने काम रोकवाया

**रैयतों ने कहा कि 7 जनवरी को तेनुघाट न्यायलय से धारा 163 लगाने का आदेश भी हो गया है, इसके बावजूद उक्त जमीन में स्टेडियम बनवाने का काम चल रहा है**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/फुसरो।** ढोरी ग्राम के आम ग्रामीणों रैयतो के द्वारा सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत ढोरी फुटबॉल ग्राउंड को बनाए जा रहे स्टेडियम के काम को धारा 163 लगा बताकर काम रोकवाया। रैयतो में कमलेश कुमार महतो ने कहा कि सात जनवरी को तेनुघाट न्यायलय से धारा 163 लगाने का आदेश भी हो गया है, इसके बावजूद उक्त जमीन में स्टेडियम बनवाने का काम चल रहा है। कहा कि संबंधित संवेदक न्यायलय के आदेश को नही मान रहे है, जबरन काम करा रहे है। इसके पूर्व उक्त जमीन को स्वंतत्र अमीन के द्वारा मापी की गयी है। बताया कि 866.50 एकड के अंदर लगभग 8 एकड जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि पूर्व में बेरमो विधायक ने रैयतो को मौखिक आश्वासन दिए थे कि जब तक मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक कार्य नहीं किया जाएगा, जिस पर ग्रामीण के सामने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने बेरमो सीओ से बातचीत भी हुई थी, लेकिन यह कार्य संवेदक द्वारा जबरन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब किसी प्रकार के कार्य मौखिक नहीं किया जाएगा। रैयतों ने कहा कि हमलोग स्टेडियम निर्माण के विरोधी नहीं हैं, लेकिन आरआर पॉलिसी के तहत नियोजन और मुआवजा का सीसीएल भुगतान करे, इसके बाद ही स्टेडियम निर्माण की अनुमति दे। आज भी बन रहे स्टेडियम की जमीन का मालगुजारी रसीद हमलोगों के पूर्वजों के नाम पर कट रहा है। मौके पर रैयतो में नुनुचंद महतो, महेंद्र महतो, सोनू महतो, मुन्नीलाल महतो, संजय चौधरी, मिथिलेश महतो, सूरजमल महतो, सोनू कुमार, लालू कुमार महतो, अघनु महतो आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बोकारो : श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें श्री अय्यप्पा मंदिर का प्रसाद आशीर्वाद के रूप में वितरित किया गया। विद्यार्थियों ने ड्रेस कोड की सूचना के तहत सूट एवं परम्पारिक परिधान साड़ी में इस समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान दीप प्रज्जवलन एवं गणेश वंदना से की गई। विद्यालय की प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार उपप्राचार्य सुरेश नायर उपप्राचार्या राजलक्ष्मी एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित किया। छात्रों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के अच्छे परीक्षा फल एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रों को विद्यालय की तरफ से भेंट स्वरूप मोमेंटो भी दिया गया। पी राजगोपाल मोहनन आर नायर ससींद्रन कराट ईएस सुसीलन बाबूराज आर सुरेश कुमार केए बी शाजिन और अयप्पा सेवा संगम के सदस्यों ने आगामी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए छात्रों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजा। अंत में विद्यालय की प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि- छात्र जीवन एक सुनहरा जीवन होता है और अनुशासन इसकी महत्वपूर्ण कड़ी होती है। विद्यालय में छात्रों को अनुशासन के साथ-साथ जीवन में आने वाली हर परिस्थिति का सामना करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के गूढ़ रहस्य सिखाए जाते है।

# फाइलेरिया की दवा सभी को खिलाई जायेगी : डॉ जितेंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** 15 दिवसीय फाइलेरिया पाक्षिक दवा वितरण कार्यक्रम की सफलता के लिए तुपकाडीह की तीन पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र के कर्मियों के द्वारा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया दवा को घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति को देने का काम आंगनबाड़ी की सेविका- सहिया और कर्मी करेंगे।

गर्भवती महिला और छोटे बच्चों को दवा नहीं दी जाती है। मौके पर एमपीडब्लू दिनु दास सीएचओ प्रियंका मुर्मू मनोज दास लोकनाथ महतो विधान महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने सात आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को अलग-अलग मुठभेड़ों में सात आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने 8 और 9 फरवरी की रात को इलाके में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी की सूचना पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी इलाके में खुफिया ऑपरेशन शुरू किया। डान समाचार पत्र के अनुसार, इस्माइल खान जिले के खुफिया ऑपरेशन में तीन आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। तीनों आतंकवादी तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और बम बनाने में विशेषज्ञ थे। इसके बाद आतंकवादियों के खिलाफ एक और ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली तहसील में चलाया गया। सुरक्षा बलों ने यहां चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस बीच, पेशावर और कोहाट के बीच सीमा पर हसन खेल उपखंड में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एक सैनिक शहीद हो गया और तीन अन्य घायल हो गए।

### ढाका में बंगबंधु के ध्वस्त किए आवास पर पहुंची सीआईडी

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और मुल्क के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के ध्वस्त किए गए आवास (धानमंडी-32) का जायजा लेने आज सीआईडी ??क्राइम सीन यूनिट पहुंची। यूनिट की मदद के लिए धानमंडी पुलिस स्टेशन की टीम को तैनात किया गया। सीआईडी ??क्राइम सीन यूनिट धानमंडी-32 सुबह आठ बजे पहुंचीं। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सीआईडी क्राइम सीन यूनिट ने ध्वस्त आवास से अहम साक्ष्य जुटाए। उल्लेखनीय है कि अनियंत्रित भीड़ ने पांच फरवरी को पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के ऑनलाइन भाषण के बाद बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के घर को ध्वस्त करते हुए आग लगा दी थी। यही नहीं भीड़ ने शेख हसीना के पति के आवास को भी फूंक दिया था। बांग्लादेश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीब को बंगबंधु (राष्ट्रपिता) के नाम से जाना जाता है।

### सेंसर बोर्ड ने विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' के कई डायलॉग बदले

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को बड़ी स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसक वर्तमान में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, फिल्म के कलाकारों और भव्य सेट की सराहना कर रहे हैं। हालांकि, सेंसर बोर्ड ने निमार्ताओं को फिल्म रिलीज से पहले कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कुछ जरूरी बदलावों के बाद अब 'छावा' की आधिकारिक रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। जब 'छावा' का ट्रेलर रिलीज हुआ तो उसमें कई संवाद ध्यान खींचने वाले थे। 'मुगल सलतनत का जहर' को 'उस समय कई शाशक और सलतनत खुद को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे थे।' इसके बाद 'खून तो आखिर मुगलों का ही है' डायलॉग को 'खून तो है औरंग का ही' से बदला गया है।

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत के साथ जुड़ें वैश्विक मूल उपकरण निर्माता: राजनाथ



**बेंगलुरू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) को व्यापक भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के अवसरों का इस्तेमाल करने और मौजूदा अस्थिर भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण उभर रही चुनौतियों के समाधान और उपाय खोजने के लिए आमंत्रित किया है। श्री सिंह सोमवार को यहां एयरो इंडिया के हिस्से के रूप में आयोजित मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि नाजुक वैश्विक सुरक्षा स्थिति के बीच, जहां नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती दी जा रही है वहीं प्रौद्योगिकि नए अवसर और कमजोरियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में लगातार समाधान और सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, आज सैन्य अभियानों में संचार और डेटा साझा करने की प्रकृति बहुत अधिक जटिल होती जा रही है। अंतरिक्ष-आधारित नेविगेशन सिस्टम, संचार और निगरानी पर निर्भरता का तात्पर्य है कि ऐसी संपत्तियों को हमारी परिचालन योजनाओं में एकीकृत करना होगा। हाल के संघर्षों में ड्रोन का उपयोग संकेत देता है कि भविष्य मानवयुक्त, मानवरहित और स्वायत्त युद्ध प्रणालियों के एकीकृत प्रयासों पर निर्भर करेगा। इसलिए, हमारे रक्षा विनिर्माण को इन उभरती चुनौतियों के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

श्री सिंह ने महान भारतीय रणनीतिकार कौटिल्य का हवाला देते हुए कहा, ह्लशत्रुतापूर्ण माहौल में अपने लोगों और क्षेत्र की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसे हासिल करने के लिए, हम अपने सशस्त्र बलों को सुसज्जित करने और एक मजबूत, कुशल, लचीले और भविष्य के लिए तैयार रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना के माध्यम से देश को रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल नियमन, प्रक्रियाएँ और नीतियाँ लागू की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रदान अवसर रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की नीतियों से प्रेरित है । उन्होंने 2047 तक भारत को विकासशील से विकसित देश बनाने के लिए घरेलू रक्षा उद्योग को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए परिवर्तनकारी कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमने नए रक्षा लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 75 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी है, जबकि सरकारी अनुमोदन मार्ग के तहत शत-प्रतिशत तक की अनुमति है। आज तक रक्षा क्षेत्र में कुल 46 संयुक्त उद्यमों और कंपनियों को विदेशी निवेश की मंजूरी दी गई है।

श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित रक्षा औद्योगिक गलियारों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए अब तक 250 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

उन्होंने छह से आठ ग्रीनफील्ड परीक्षण और प्रमाणन सुविधाएं स्थापित करने के लिए एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना का उल्लेख किया। रक्षा एक्जिम पोर्टल ने निर्यात प्राधिकरण प्रक्रिया को सहज बना दिया है। उन्होंने कहा, भारत के रक्षा निर्यात केंद्र के रूप में उभरने के प्रमाण के रूप में, भारत ने वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 10 वर्षों में उत्पादों के निर्यात में 31 गुना वृद्धि देखी है।

## मोदी फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर रवाना

# भारत-अमेरिका दोस्ती और प्रगाढ़ होगी : मोदी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** फ्रांस और अमेरिका की चार दिन की यात्रा पर सोमवार को रवाना होते समय पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर, मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा करूंगा। फ्रांस से ही वह अमेरिका जायेंगे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भेंट होगी। इससे भारत और अमेरिका को दोस्ती और पघगाढ़ होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, पेरिस में, मैं एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता के लिए तत्पर हूं, जो विश्व के नेताओं और वैश्विक तकनीकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का सम्मेलन है। वहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और बड़े सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा, यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा। हम फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक फ्रांसीसी शहर मार्सिले की भी यात्रा करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत वैश्विक भलाई के लिए ऊर्जा का उपयोग करने के लिए फ्रांस सहित साझीदार देशों के संघ का सदस्य है। मैं उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मजारगुए युद्ध कब्रिस्तान में अपने प्राणों की आहुति दी। फ्रांस की यात्रा के बाद मोदी अमेरिका रवान होंगे।

**भारत अमेरिकी संबंध और बढ़ेंगे :** पीएम मोदी ने सोमवार को कहा, वाशिंगटन डीसी में, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। यह यात्रा भारत-अमेरिका की दोस्ती को मजबूत करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करना अच्छी तरह याद है। मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी। पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत करेंगे।

इस संबंध में पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों की अपनी यात्रा से पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। फ्रांस की यात्रा समाप्त करने के बाद वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने और अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करने के लिए अमेरिका रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12 से 14 फरवरी तक अमेरिका में रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी जून 2017 में अमेरिका गये थे और फरवरी 2020 में राष्ट्रपति ट्रंप की भारत की राजकीय यात्रा की मेजबानी की थी।

### 10 से 12 तक फ्रांस में रहेंगे मोदी

राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-12 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे, जहां वे एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा उनके पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं पर निर्माण करने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को और अधिक बढ़ाने तथा गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगा। हम दोनों देशों के लोगों के आपसी लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनिया के बेहतर भविष्य को आकार देंगे।

## महाकुंभ जाने वाले हर रास्ते में लगा है महाजाम



**प्रयागराज में दो दिन में पहुंचे 2.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु। 7 एंट्री मार्गों पर 30 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा हुआ है। 10-12 लाख लोग यहां-वहां रास्ते में भूखे प्यासे फंसे हुए हैं। प्रशासन लगातार आनेवाले लोगों से गुजारिश कर रहा है, कृपया, वापस लौट जाये। अभी महाकुंभ मत आयें। एक अनुमान के मुताबिक रविवार को करीब दो करोड़ लोगों ने डुबकी लगायी। अनुमान है कि सोमवार को भी गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 2 करोड़ तक भी जा सकती है।**

## चिदंबरम ने सरकार की आर्थिक सोच पर सवाल उठाया, कहा कर छूट ही पर्याप्त नहीं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार की आर्थिक सोच पर सवाल उठाते हुए सोमवार को 2025-26 के बजट में पूंजीगत और सामाजिक क्षेत्र के बजट में कटौती कर के राजकोषीय घाटे को सीमित करने का प्रयास तो किया गया है पर इस बजट से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की संभावना नहीं दिखती।

उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक फरवरी को लोक सभा में प्रस्तुत बजट में आयकर में छूट से उपभाग और आर्थिक गति विधि में तेजी की संभावना को क्षींण बताते हुए कहा कि बजट में व्यक्तिगत आय कर में एक लाख करोड़ रुपये



की छूट भारत के 324 लाख करोड़ रुपये के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) के मात्र 0.3 प्रतिशत के बराबर है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या इतनी भर छूट से अर्थव्यवसथा को बल मिलेगा? उन्होंने कहा आर्थिक दर्शन के बिना आर्थिक नीति नहीं बनती।

उन्होंने वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण को पूर्व प्रधान मंत्री और 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों की शुरूआत करने वाले तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह से सीख लेने का सुझाव देते हुए कहा, ह्व 1991 में भारत के सामने चुनौतियां आज से बड़ी थी। उन्होंने इसी संदर्भ में यह भी सवाल किया कि सरकार (स्वर्गीय) डॉ मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने का विचार क्यों नहीं करती।

उन्होंने कहा कि कर में कटौती का एक बड़ा हिस्सा बैंकों में जमा, विदेश यात्राओं , विदेशों में पढ़ाई आदि में चला जाएगा और घरेलू वस्तु तथा सेवाओं के उपभोग को कोई खास बढ़ावा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री को निर्यात और निवेश के इंजन को भी गति देनी चाहिए थी।

## खुले में शौच मुक्त की घोषणा गांव करता है: मंत्री

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने आज राज्यसभा में कहा कि देश में जितने गांव खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) हैं वे सभी स्वयं को इसके लिए तैयार करते हैं और इसके लिए आवश्यकत काम भी स्वयं गांव ही करता है और जब तैयारियां पूरी हो जाती है तो जिलास्तर से होते हुये उसकी जानकारी केन्द्र सरकार के स्तर तक पहुंचायी जाती है तब फिर गांव को खुले में शौच मुक्त घोषित होता है। श्री पाटिल ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ओडीएफ की एक प्रक्रिया है और ग्राम पंचायत इसको प्रभावी करता है। ग्राम पंचायत को ही इसके लिए आवश्यक पहल करनी होती है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान 2014 में शुरू किया गया और उसी के तहत लोगों को शौचालय बनाने के लिए सहायता दी गयी है। इसके लिए जिनते लोगों ने आवेदन किये थे सभी को शौचालय की सुविधा प्रदान की जा चुकी है और नये बने 3.5 लाख घरों में शौचालय बनाने के आवदेन भी आ चुके हैं और प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट देनी होती है और उसी के अनुरूप मंजूरी और धनराशि जारी की जाती है। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जल की समस्या और स्वच्छता अभियान दोनों साथ साथ चल रहे हैं।

## सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामलों का शीघ्र निपटारे पर मुख्य न्यायाधीश करेंगे फैसला

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के मामले में सुनवाई पर मुख्य न्यायाधीश कोई फैसला ले सकते हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने निर्देश दिया कि इस मुद्दे को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष बड़ी पीठ द्वारा विचार के लिए रखा जाए। पीठ ने यह निर्देश देते हुए कहा इस मसले को दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा फिर से खोलना अनुचित होगा, क्योंकि तीन न्यायाधीशों की पीठ ने पहले ही अपने फैसले में इस मामले



में सुनवाई की थी। शीर्ष अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर 2016 की जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका से दोषी व्यक्तियों की एक समान अयोग्यता की मांग की गई थी। साथ ही, उन आपराधिक मामलों के फैसले के लिए एक साल की समयसीमा निर्धारित करने की मांग की गई है।

अदालत के समक्ष न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने राजनेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों पर एक अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कई अदालती आदेशों के बावजूद, 42 फीसदी मौजूदा लोकसभा सदस्य अभी भी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

## सोनिया ने जनगणना प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस की सोनिया गांधी ने जनगणना में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लाखों भारतीयों की खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्रीमती गांधी ने सदन में शून्यकाल के दौरान सभापति की अनुमति से उठाये गये मामले के अंतर्गत सरकार से जनगणना प्रक्रिया में तेजी लाने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी पात्र नागरिकों के अधिकार सुनिश्चित करने को कहा। श्रीमती गांधी का सदन में यह पहला वक्तव्य है। वह अप्रैल 2024 में सदन की सदस्य बनी थी।




# बेतिया एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों के चल रहे पुनर्विकास कार्यों का रेलवे ने लिया जायजा

**एजेंसी**

**पटना।** बेतिया में समपार सं. 02 पर नवनिर्मित सड़क ऊपरी पुल (आर.ओ.बी.) का राष्ट्र को समर्पण हेतु आयोजित समारोह में अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा नारी शक्तिस्वरूप महिलाओं के माध्यम से आरओबी का राष्ट्र को समर्पित कराया गया । इस दौरान उपस्थित माननीय सांसदगण एवं जनसमूह द्वारा बेतिया के रास्ते गोरखपुर और



पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की भारी मांग पर उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही पूरे भारत में कई वंदे भारत ट्रेनें चलायी जाएगीं । माननीय रेल मंत्री द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किये जा रहे बेतिया स्टेशन के 3डी मॉडल का भी अवलोकन किया गया । इस अवसर पर बेतिया में आयोजित समारोह में कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार सतीश चंद्र दुबे, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सांसद सुनील कुमार, सांसद गोपालजी ठाकुर एवं विधायकगण सहित कई अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। समारोह के उपरांत बेतिया स्टेशन पर आयोजित प्रेस वार्ता में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2009 से 2014 के बीच बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के बजट में बिहार को रेलवे के लिए रिकॉर्ड 10 हजार 66 करोड़ रुपए का बजट दिया है । यानी पिछली सरकार की तुलना में करीब-करीब नौ गुना अधिक बजट आवंटित किया है। इसी रिकॉर्ड बजट का परिणाम है कि बिहार में नई रेल लाइनों के निर्माण, विद्युतीकरण, नई ट्रेनों का संचालन, स्टेशनों का विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के कार्य रिकॉर्ड स्तर पर किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे के समग्र विकास हेतु 95 हजार 566 करोड़ रूपए का इंवेस्टमेंट किया जा रहा है जिससे अगले 05 वर्षों में बिहार में रेलवे का नेटवर्क का कम्पलीट ट्रांसफॉर्मेशन होने वाला है ।